# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-148 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# बिहार हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना से पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : सम्राट चौधरी

## 18 से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को हेलीकॉप्टर सेवाओं का होगा संचालन

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार अब केवल इतिहास और आस्था की भूमि नहीं, बल्कि आधुनिक पर्यटन का एक सशक्त केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बिहार को पर्यटन के विश्व मानचित्र पर स्थापित करना है। यह योजना राज्य के पर्यटन क्षेत्र में नए युग की शुरूआत करेगी तथा आम नागरिकों को किफायती दरों पर हवाई पर्यटन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, विश्वविख्यात नालंदा विश्वविद्यालय और प्राचीन मगध साम्राज्य जैसी महान सभ्यता और संस्कृति का केंद्र रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य इन ऐतिहासिक, धार्मिक और




सांस्कृतिक धरोहरों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना तथा अधिक से अधिक पर्यटकों को बिहार की ओर आकर्षित करना है। सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजन के तहत पटना, राजगीर, वाल्मीकिनगर और कैमूर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार द्वारा प्रति टिकट पर्याप्त

### मुख्य बिंदु

**आम नागरिकों को किफायती दरों पर हवाई पर्यटन का अवसर उपलब्ध सरकार अधिकतम 15,422 रुपए तक का प्रति टिकट दे रही अनुदान**

अनुदान दिए जाने से यह सुविधा आम लोगों की पहुंच में होगी। 13 जुलाई से बुकिंग प्रारंभ होगी तथा 18 जुलाई से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को नियमित हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग से आग्रह है कि वे एयर टूरिज्म का और विस्तार करें, इसके लिये निजी हितधारकों को भी इससे जोड़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन केवल भ्रमण का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, निवेश और आर्थिक विकास का मजबूत आधार है। राज्य सरकार होम स्टे, स्थानीय हस्तशिल्प, लोक संस्कृति, स्थानीय व्यंजनों तथा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर गांव-गांव तक पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है, जिससे युवाओं और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सीएम ने कहा कि बिहार का प्रत्येक नागरिक राज्य का सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने व्यवहार, आतिथ्य और बिहार की समृद्ध संस्कृति, विरासत एवं पर्यटन स्थलों का सकारात्मक प्रचार-प्रसार करें। जब बिहार का हर नागरिक पर्यटन का दूत बनेगा, तब राज्य की पहचान देश और दुनिया में और अधिक मजबूत होगी तथा पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार पर्यटन नीति 2023 के अन्तर्गत हितधारकों को डमी चेक तथा मुख्यमंत्री होम स्टे प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न लाभुकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेंद्र प्रसाद यादव, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, सिविल विमानन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, हितधारकगण, लाभार्थी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश में बाढ़ का कहर : मरने वालों की संख्या 51 पहुंची

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है, जबकि 10 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। हजारों परिवार अब भी जलभराव के बीच फंसे हुए हैं और राहत-बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बांग्लादेश सरकार के अनुसार चट्टोग्राम, कॉक्स बाजार, बांदरबन, रंगामाटी, खगराछड़ी, मौलवीबाजार और हबीगंज जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक अब तक 2,67,918 परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जबकि करीब 50 हजार लोगों को राहत शिविरों में सुरक्षित पहुंचाया गया है।

### मानसून सेशन से पहले मोदी कैबिनेट में फेरबदल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कैबिनेट विस्तार या बड़े राजनीतिक फैसलों का अंदाजा लगाना लगभग नामुमकिन है, क्योंकि वे अपनी रणनीतिक योजनाओं को बहुत गुप्त रखते हैं और सही समय आने पर ही उनका खुलासा करते हैं। हालांकि, दो अलग-अलग घटनाओं ने कैबिनेट में संभावित फेरबदल को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चल रही अटकलों को फिर से हवा दे दी है। पहली घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इंटेलिजेंस ब्यूरो के निवर्तमान डायरेक्टर तपन डेका के सम्मान में आयोजित डिनर है। एक दुर्लभ सार्वजनिक कदम उठाते हुए, शाह ने '' पर डेका की तारीफ की और कार्यक्रम की तस्वीरें भी साझा कीं।

### बैंकॉक के बार में लगी आग, 27 की गई जान

**बैंकॉक ।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था। घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया।

# पटना सिविल कोर्ट से खान सर को मिली जमानत

**पटना (एनएसबी)।** पटना सिविल कोर्ट ने चर्चित कोचिंग विवाद मामले में सोमवार को अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फैजल खान उर्फ खान सर सहित उनके 3 सहयोगियों की जमानत याचिका को मंजूरी दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने फायरिंग करने के आरोप में जेल में बंद दोनों बॉडी गाड्र्स प्रदीप कुमार और तालेबर सिंह को भी जमानत दे दी है।

**3 सहयोगी और दोनों बॉडीगार्ड भी बेल पर रिहा**

खान सर के वकील अरविंद कुमार मौआर ने बताया कि खान सर को बेल मिल गया है। जज साहब ने जमानत देने की घोषणा कर दिया है। उसके बाद उनके 3 कर्मचारी का अलग बेल याचिका फाइल था, उसे भी मंजूर किया है। दोनों बॉडीगाड्र्स के रेगुलर जमानत याचिका भी थी, जिन पर आरोप था कि एयर फायरिंग किए हैं, उनका भी बेल मंजूर कर दिया गया है। इस तरह खान सर सहित कुल 6 लोगों को जमानत दी गई है। खान सर के वकील अरविंद कुमार मौआर ने आगे कहा कि पुलिस ने बहुत अच्छा इन्वेस्टिगेट किया है, इसमें जो सच्चाई थी, उसको उसमें डायरी में लिखा गया है। कुछ आगुर्मेंट्स वगैरह भी रहा, विरोधी पक्ष की ओर से विरोध तो बहुत किया गया, लेकिन जो लॉ है, उसके मुताबिक जज ने उसको कंसिडर किया है। उसके बाद जमानत मंजूर की गई है।

### 2020 दिल्ली दंगा : पूर्व AAP पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान IB अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला कर दिया है। कोर्ट ने पूर्व आम आदमी पार्टी (AAP) पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। एडीशनल सेशन जज प्रवीण सिंह की अदालत ने 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मामले में सोमवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने नाज़िम, काशिम, अनस, जावेद और ताहिर हुसैन को हत्या, अपहरण, दुश्मनी को बढ़ावा देने और दंगा करने का दोषी ठहराया। बाकी 6 आरोपी बरी कर दिए। यह मामला दयालपुर थाने में अंकित शर्मा के पिता रविंदर कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

# बांकीपुर विस हॉट सीट : नीरज, प्रशांत किशोर व वीणा ने दाखिल किया पर्चा

## नामांकन के बाद तेजप्रताप की उम्मीदवार वीणा मानवी गिरफ्तार



**पटना (एनएसबी)।** राजधानी की बांकीपुर विधानसभा हॉट सीट हो रहे उपचुनाव के नामांकन के आखिरी दिन तेजप्रताप की पार्टी की उम्मीदवार वीणा मानवी ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद जैसे ही वह बाहर निकली, पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने पहुंच गई। पुलिस को देखते ही वीणा मानवी भागने लगीं। इस दौरान डीएम कार्यालय के बाहर कुछ देर तक हंगामा हुआ। हालांकि, कुछ देर बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान जेजेडी की प्रत्याशी चिल्लाती और रोती रहीं। वह लगातार गेट पीटती रहीं, लेकिन पुलिस उन्हें गाड़ी में बैठाकर गांधी मैदान थाने ले गई। उन्होंने कहा, ये सब बीजेपी करवा रही है। मैंने कोई अपराध नहीं किया है। हार के डर से ये सब किया जा रहा है। वीणा मानवी के खिलाफ 2009 में एक परिवाद दायर किया गया था। इसी मामले में उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। इसके अलावा 2016 में उनके खिलाफ फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी और दलित उत्पीड़न का मामला भी दर्ज है।

**रथ पर सवार होकर पर्चा दाखिल करने पहुंचे नीरज सिन्हा :** भाजपा उम्मीदवार नीरज सिन्हा ने भी पर्चा दाखिल किया। उनके नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी पहुंचे। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री बाहर निकले और विक्ट्री साइन दिखाया, लेकिन उनके साथ नीरज सिन्हा नजर नहीं आए। पत्रकारों ने जब कहा कि एक बार नीरज के साथ फोटो खींचा लीजिए, इस पर सीएम मुस्कुराते हुए निकल गए। नामांकन से पहले नीरज सिन्हा ने राजवंशी नगर स्थित पंचमुखी मंदिर में हनुमान जी की पूजा की। इसके बाद वो नवीन स्मृति स्थल गए, जहां पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के स्वर्गीय पिता नवीन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद भाजपा कार्यालय से रथ में सवार होकर वो नामांकन करने निकले। उनके नामांकन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, पूर्व मंत्री मंगल पांडे समेत कई वरीय नेता मौजूद थे।

### पीके ने नामांकन से पहले की पूजा



वहीं जनसुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने भी नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन से पहले प्रशांत किशोर ने सोनपुर स्थित हरिहरनाथ मंदिर में पूजा की। इस दौरान पत्नी डॉ. जाह्नवी दास भी साथ रहीं। इससे पहले भी जनसंपर्क अभियान के दौरान वो त्रिपुंड लगाए नजर आए। स्काउट एंड गाइड मैदान में आयोजित जनसभा में प्रशांत किशोर 5 मिनट के लिए पहुंचे। यहां से वो अपने कार्यकर्ताओं के साथ पर्चा भरने के लिए निकले।

# कटिहार से पकड़ा गया संदिग्ध, पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने का आरोप

**कटिहार (एनएसबी)।** कटिहार जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई करते हुऐ पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क से कथित रूप से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद अहद के रूप में हुई है, जो कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के मूसापुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है. कार्रवाई में कटिहार पुलिस के साथ देश की कई प्रमुख सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की.प्राथमिक जांच में आरोप है कि मोहम्मद



अहद पाकिस्तान में सक्रिय गैंगस्टर राणा हुनेन उर्फ राणा हुसैन के संपर्क में थॉ. जांच एजेंसियों के अनुसार, राणा हुसैन का संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन शहजाद भट्टी के नेटवर्क से बताया जा रहा है, जो भारत विरोधी गतिविधियों के लिए युवाओं को जोड़ने और साजिश रचने का प्रयास करता है.जांच में यह भी आरोप है कि मोहम्मद अहद इस नेटवर्क के लिए लोकल लाइनर (स्थानीय सहयोगी) की भूमिका निभा रहा था. वह कथित तौर पर व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत विरोधी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट में नियुक्तियां योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर होती हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका की मजबूती के लिए बेंच और बार के बीच सहयोग बेहद



आवश्यक है। सोमवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में ऑल इंडिया सीनियर एडवोकेट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति कॉलेजियम द्वारा विस्तृत और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत की जाती है। इसमें न्यायिक योग्यता, ईमानदारी, अनुभव और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का मूल्यांकन किया जाता है। साथ ही, देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों और क्षेत्रों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का भी ध्यान रखा जाता है।

# सरकार तय करेगी हवाई किराया रेगुलेट करने के नियम तैयार

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 2 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 2 हफ्तों में हवाई किराया तय करने के नियम सौंपने को कहा है। त्योहारों के समय एयरलाइंस कंपनियों की ओर से मनमाने तरीके से किराया बढ़ाने को लेकर सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच इस मामले से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान जब केंद्र ने बताया कि हवाई किराया कंट्रोल करने के नियम तैयार हैं और इन्हें 30 दिन में संसद में पेश किया जाएगा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, नियम संसद में पेश हों या न हो, लेकिन सरकार को अगले दो हफ्तों के भीतर इसकी एक कॉपी 'सीलबंद लिफाफे' में कोर्ट में जमा करनी होगी। मामले की अगली सुनवाई अब 3 अगस्त को होगी।

**त्योहारों पर मनमाना किराया लेती हैं एयरलाइंस**



**दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों :** इससे पहले सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन ने एयरलाइंस कंपनियों की ओर से टिकटों के दामों में उतार-चढ़ाव और यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई थी, जिसकी सुनवाई 15 मई को हुई थी। उनकी मांग थी कि, देश में मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, जो एयरलाइनों के किराए और एक्स्ट्रा चार्जेस पर निगरानी रखे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने बेंच से कहा- हवाई किराया 300% तक बढ़ जाता है।

### नगालैंड में IED ब्लास्ट, असम राइफल्स का एक जवान शहीद

**कोहिमा (एजेंसी)।** नगालैंड में शोखुवी-चुमौकेदिमा रोड पर संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी धमाके में असम राइफल्स का एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। कोहिमा में डिफेंस पब्लिक रिलेशंस ऑफिसर (PRO) ने बताया कि धमाका सोमवार को नगालैंड के चुमौकेदिमा जिले में सुखोवी (शोखुवी) के पास हुआ। यहां असम राइफल्स का एक बड़ा ट्रेनिंग सेंटर है। पहले से लगाए गए आईईडी ने असम राइफल्स की गाड़ियों के काफिले को निशाना बनाया, जब सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत उस इलाके से गुजर रहे थे। घायल चार जवानों को तुरंत वहां से निकालकर इलाज के लिए पास के मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

**चार घायल सुरक्षाकर्मी रुटीन मूवमेंट के तहत गुजर रहे थे**

# आर्मी जवान की हत्या करने वाले का पुलिस ने किया एनकाउंटर

## पुलिस से इंसास राइफल छीनकर फायरिंग की

**हाजीपुर (एनएसबी)।** वैशाली में डबल मर्डर के आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। एनकाउंटर में आरोपी जगदीश राय के पैर में दो गोली लगी है। जगदीश राय को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जगदीश राय ने रविवार की सुबह रास्ते के विवाद में सेना के एक जवान और उनके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतकों की पहचान मुनारिक राय (60) और उनके बेटे जितेंद्र कुमार (35) के रूप में हुई थी। डबल मर्डर के बाद जगदीश राय फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली को वो पटना के बहादुरपुर इलाके के एक हॉस्टल में छिपा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि हमारी टीम जगदीश राय को लेकर पटना से बिद्दुपुर थाने आ रही थी। जैसे ही पुलिस की गाड़ी सुनसान इलाके में पहुंची



जगदीश ने पुलिस की टीम से इंसास राइफल छीन ली और चलती गाड़ी से कूद गया।गाड़ी से कूदने के बाद उसने पुलिस की राइफल से पुलिस की गाड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी। दो गोली पुलिस की गाड़ी को चिरती हुई निकल गई।उसके बाद पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस की दो गोली जगदीश राय के पैर में लगी और वो जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भतीजा जगदीश राय और मुनारिक राय के बीच जमीन को लेकर विवाद था।

**राम मंदिर चंदा चोरी मामला**

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रस्ट को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (13 जुलाई) को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को एक नोटिस जारी किया। यह नोटिस अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान की कथित चोरी की निष्पक्ष और तय समय-सीमा के भीतर जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर जारी किया गया। चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की बेंच ने उत्तर प्रदेश की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) को दान की कथित चोरी के मामले में अपनी जांच की प्रगति पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, जो केंद्र और राज्य की ओर से पेश हुए, ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में दाखिल की जाएगी। इस मामले में अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी, जब कोर्ट याचिकाओं पर विचार करेगा और एसआईटी की जांच के नतीजों की समीक्षा करेगा।



## खबरें : एक नजर में

### बिहार की कानून व्यवस्था बदहाल : तेजस्वी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर प्रहार किया है। उन्होंने ने कहा कि बिहार की कानून व्यवस्था बदहाल है। चारों



तरफ हत्या, बलात्कार, अपहरण, लूट और चोरी की घटनाएं हो रही है लेकिन सरकार अपना जुर्म कुबूल करने को तैयार ही नहीं है। सरेआम छात्रों, युवाओं, व्यवसायियों, आम नागरिकों और महिलाओं की हत्या की जा रही है। पुलिस और अपराधियों का नापाक गठजोड़ बिहारवासियों के लिए नासूर बन चुका है। एनडीए नेताओं-पुलिस और माफियाओं की संधि भ्रष्टाचार और शराब की तस्करी में व्यस्त और मस्त है। विधि व्यवस्था की किसी को परवाह नहीं।

### 14 जुलाई को युवा राजद के राज्य कार्यकारिणी की बैठक राजद कार्यालय में आयोजित

**पटना/ एनएसबी ।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 14 जुलाई को युवा राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यकारिणी की बैठक राज्य कार्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव करेंगे। बैठक में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव की रणनीति के साथ संगठन की मजबूती और आगे के कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे।

### 1 लाख 26 हजार नये राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को ससमय करे पूराः डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिलान्तर्गत 1 लाख 26 हजार नये राशन कार्ड बनाये जाने हैं। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर पात्र लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने के कार्य में तेजी लावें। प्रखंड विकास पदाधिकारी, आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विकास मित्र, डीलर एवं पंचायत सचिवों की सहायता से नये राशन कार्ड हेतु आवेदन संग्रह किये जायें। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि वे प्रतिदिन इस कार्य के प्रगति की समीक्षा करें एवं ससमय इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठायें। बैठक में उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, अपर समाहर्ता आपूर्ति रविन्द्र कुमार दिवाकर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एंटी लार्वा छिड़काव के डोर-टू-डोर अभियान का किया गया शुभारंभ

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** मानसून के दौरान मच्छरजनित एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए पटना नगर निगम सतत अभियान चला रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मौर्य लोक परिसर में नगर आयुक्त ने एंटी लार्वा छिड़काव के डोर-टू-डोर अभियान का औपचारिक शुभारंभ (फ्लैग ऑफ) किया।



नगर आयुक्त ने एंटी लार्वा छिड़काव के डोर-टू-डोर अभियान का किया शुभारंभ।

**375 सेक्टरों में कार्यरत सभी टीमों को लग बुक संधारण एवं जन फीडबैक दर्ज करने के निर्देश**

अभियान के शुभारंभ के अवसर पर नगर आयुक्त ने सभी 375 सेक्टरों में कार्यरत एंटी लार्वा छिड़काव टीमों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक दिन किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण लग बुक में दर्ज करें। इसमें छिड़काव का स्थल, समय, किए गए कार्यों का विवरण तथा स्थानीय नागरिकों से प्राप्त फीडबैक को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि अभियान की प्रभावी निगरानी एवं मूल्यांकन सुनिश्चित हो सके।

कर्मियों के ओरिएंटेशन सत्र को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त ने कहा, जिस सेक्टर में मच्छरजनित बीमारियों के मामले सबसे कम होंगे, वह वहां कार्यरत एंटी लार्वा टीम की दक्षता और प्रभावी कार्य का सबसे बड़ा प्रमाण होगा।

इस दौरान कर्मियों के साथ संवाद भी किया गया, जिसमें उन्हें निर्देशित किया गया कि वे घर-घर जाकर एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करने के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी करें।

नागरिकों को यह समझाने पर विशेष जोर दिया गया कि वे अपने घरों एवं आसपास किसी भी स्थान पर पानी जमा न होने दें, क्योंकि ठहरा हुआ पानी मच्छरों के प्रजनन का प्रमुख स्रोत होता है।

पटना नगर निगम द्वारा वर्तमान में दो पालियों में शहर के सभी 375 सेक्टरों में नियमित रूप से एंटी लार्वा छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा, वर्षा के बाद जहां-जहां जलजमाव की समस्या का समाधान किया गया है, उन स्थलों पर भी प्राथमिकता के आधार पर एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जा रहा है।

नागरिक भी एंटी लार्वा छिड़काव की आवश्यकता अथवा शिकायत दर्ज कराने के लिए नगर निगम के कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 155304 या चैटबट नंबर 9264447449 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सोलर पैनल लगाने के कार्य में लायें तेजी : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** इच्छुक विद्युत उपभोक्ता के घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के कार्य में तेजी लायें। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने पी़एम़ सूर्यघर योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उक्त निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सोलर पैनल संयंत्र के सभी आवश्यक अवयव यथा स्ट्रकचर, इन्वर्टर, अर्थिंग किट, ए़सी़ डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स, वायर एवं स्मार्ट मीटर आदि सबकी पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करायें एवं मैनपावर बढ़ायें जिससे कार्य में और गति आ सके। उन्होंने पी़एम़ सूर्यघर योजना अन्तर्गत सरकार द्वारा दिये जाने वाले अनुदानों के भी प्रचार-प्रसार कराने के निदेश दियें जिससे कि अधिक-से-अधिक व्यक्ति इसका लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों की छत पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाने का प्रावधान है। इसके लिए उपभोक्ताओं से सहमति पत्र प्राप्त करने के कार्य में तेजी लाने को कहा गया। पटना जिलान्तर्गत 5585 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घरों पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाये जाने हैं। उन्होंने कहा कि मिशन मोड में स्मार्ट मीटर एवं सोलर पैनल लगाकर नवम्बर तक इस लक्ष्य को पूरा करें। बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शुभम कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें खास-खास

### प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन पत्र

**स्काउट गाइड मैदान से लेकर समाहरणालय तक की पदयात्रा, बोले- यह मेरा नामांकन नहीं बल्कि बिहार के बेहतर भविष्य का नामांकन है**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सोमवार को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने स्काउट एवं गाइड मैदान से विशाल पदयात्रा की शुरुआत की, जो कोतवाली थाना, डाकबंगला, एसपी वर्मा रोड, जेपी गोलंबर और गांधी मैदान होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में जन सुराज के कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग पदयात्रा में शामिल हुए। नामांकन यात्रा के दौरान समर्थकों में उत्साह देखने को मिला और पूरा मार्ग पर लड़ेंगे बांकीपुर, जीतेंगे बांकीपुर के नारों से गूंज उठा।



प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन पत्र ।

नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पीके ने कहा कि यह मेरा नामांकन नहीं है, बिहार में बदलती हुई तस्वीर का नामांकन है बिहार के बेहतर भविष्य का नामांकन है और बिहार में अपराधी लोगों को कुर्सी छोड़ने का आह्वान है, इसका आगाज है। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बांकीपुर किसी पार्टी या नेता का गढ़ नहीं है बल्कि जनता का गढ़ है। जनता को तय करना है कि यह किसका गढ़ होगा। यह उपचुनाव विधायक चुनने का चुनाव नहीं है बिहार में नेतृत्व बदलने का चुनाव है। बिहार में बीजेपी के अहंकार को अंकुश लगाने का चुनाव है। यह बिहार में चुने हुए प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने का चुनाव है।

### पटना ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित 31वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप संपन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय 31वीं जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन पटना के खेल भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पटना जिले के विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





पटना ताइक्वांडो अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हर्षिता राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता में पटना ताइक्वांडो अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी हर्षिता राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही हर्षिता ने बिहार राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर ली। इस अवसर पर पटना ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव धर्मयुग कुमार एवं कोच राजकिशोर कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने तथा अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उत्तराखंड के प्रख्यात फोटोग्राफर, कवि एवं यायावर कमल जोशी पर आधारित वृत्तचित्र आवारगी की पहली स्क्रीनिंग 18 जुलाई को

**देहरादून/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर, कवि एवं यायावर कमल जोशी के जीवन, उनके सृजन और प्रति के प्रति उनके गहरे लगाव पर आधारित वृत्तचित्र आवारगी की प्रथम सार्वजनिक स्क्रीनिंग 18 जुलाई 2026 (शनिवार) प्रातः 11 बजे देहरादून में आयोजित की जाएगी। इस वृत्तचित्र का लेखन, निर्देशन एवं निर्माण जयदेव भट्टाचार्य द्वारा किया गया है। फिल्म कमल जोशी के व्यक्तित्व के विविध आयामों उनकी फोटोग्राफी, कविताओं, यात्राओं तथा प्रति के प्रति उनकी संवेदनशील दृष्टि को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करती है। वृत्तचित्र में उत्तराखंड के अनेक प्रतिष्ठित फोटोग्राफरों, साहित्यकारों, पत्रकारों तथा कमल जोशी के निकट रहे लोगों के संस्मरण और विचार भी शामिल किए गए हैं, जो उनके व्यक्तित्व को और अधिक जीवंत बनाते हैं। यह स्क्रीनिंग केवल एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक, साहित्यिक और फोटोग्राफी की विरासत को याद करने तथा नई पीढ़ी तक पहुँचाने का एक प्रयास है।




## हर मरीज तक मुफ्त दवा पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता : स्वास्थ्य मंत्री

**पटना/ एनएसबी।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि केंद्र सरकार के डीवीडीएमएस (ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के अनुसार, बिहार लगातार 22 वें महीने दवा आपूर्ति और वितरण के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर बना हुआ है। यह राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार के प्रति प्रतिबद्धता और आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बिहार सितम्बर 2024 से जून 2026 तक लगातार 22 महीने से देश में नंबर वन पर है। डीवीडीएमएस पोर्टल के अनुसार बिहार 80.32 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। पंजाब 71.67 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर और राजस्थान 69.75 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 से राज्य में स्वास्थ्य सुधार की एक नई दिशा की शुरुआत हुई थी। इसी क्रम में 1 जुलाई 2006 को कैबिनेट की मंजूरी के बाद राज्य में मुफ्त दवा वितरण नीति लागू की गई। 2006 में केवल 47 प्रकार की दवाएं उपलब्ध थीं, जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 504 हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य प्रकार की दवाएं एवं 132 प्रकार के मेडिकल डिवाइसेज कन्ज्यूमेबल भी मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं। अब प्रदेश में अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि जीवन रक्षक दवाओं से लेकर कैंसर, गठिया, अस्थमा, एलर्जी, रक्त थक्के और एंटी-एलर्जिक जैसी जटिल बीमारियों की दवाएं भी निःशुल्क मिलें।

राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को 362 प्रकार की, अनुमंडलीय अस्पतालों में 256 प्रकार की, रेफरल अस्पतालों में 241 प्रकार की, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 252 प्रकार की, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 239 प्रकार की, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 137 प्रकार की, अतिरिक्तप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में 139 प्रकार की तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में 115 प्रकार की एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों में 25 प्रकार की दवाइयाँ मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन हेतु उद्योग विभाग एवं एनईडीएफआई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** उद्योग विभाग एवं नार्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कर्पोरेशन (एनईडीएफआई) के बीच भारत सरकार के राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफर्मेंस कार्यक्रम के अंतर्गत जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू बिहार सरकार की उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा, जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना बिहार के लिए पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण का एक अभिनव मॉडल प्रस्तुत करती है। जलाशयों में तेजी से फैलने वाली जलकुंभी जहां एक पर्यावरणीय चुनौती है, वहीं इसे मूल्यवर्धित शिल्प उत्पादों में परिवर्तित कर हम इसे आय सृजन के प्रभावी साधन में बदल रहे हैं। इस पहल के माध्यम से न केवल जल निकायों की स्वच्छता और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में सहायता मिलेगी, बल्कि ग्रामीण कारीगरों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।



जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना के क्रियान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेहतर विपणन से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाया जाए। रैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत इस परियोजना के जरिए कारीगरों को कौशल विकास, गुणवत्ता सुधार, ब्रांडिंग और बाजार संपर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे वे प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बन सकें। यह पहल 'वोकल फार लोकल' और 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए बिहार को सतत और समावेशी औद्योगिक विकास की दिशा में आगे ले जाएगी।

उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा, रैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत जलकुंभी शिल्प विकास परियोजना बिहार में सतत उद्यमिता और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के माध्यम से कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना, कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण, उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता संवर्धन तथा प्रभावी विपणन व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे जलकुंभी आधारित शिल्प उत्पादों के लिए एक सुदृढ़ मूल्य श्रृंखला तैयार होगी। यह पहल स्थानीय संसाधनों को आर्थिक अवसरों में परिवर्तित करते हुए बिहार के एमएसएमई, हस्तशिल्प एवं वस्त्र क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगी और ग्रामीण कारीगरों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

इस अवसर पर कुंदन कुमार, सचिव उद्योग विभाग, एमएसएमई निदेशक अमन समीर, महाप्रबंधक आशीम कुमार दास तथा कार्यकारी अधिकारी चंद्रकांत दास सहित विभाग एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह परियोजना जलकुंभी को एक उपयोगी एवं टिकाऊ कच्चे माल के रूप में विकसित करते हुए पर्यावरण अनुकूल उद्यमिता को बढ़ावा देगी। आगामी आठ माह में इस परियोजना के माध्यम से 200 कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, जिनमें सहरसा जिले के 150 तथा वैशाली जिले के 50 कारीगर शामिल हैं।

## नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं नगर आयुक्त द्वारा न्यू मार्केट क्षेत्र का किया गया संयुक्त निरीक्षण

**जीपीओ के पास निर्मित बॉक्स ड्रेन की जांच, न्यू मार्केट में जलजमाव के स्थायी समाधान के लिए पथ निर्माण विभाग को विस्तृत कार्ययोजना बनाने का निर्देश**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून के दौरान पटना को जलजमाव से मुक्त रखने तथा वर्षा के समय अधिकतम क्षेत्रों से त्वरित एवं स्वतः जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा बहुस्तरीय स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर आवास एवं विकास विभाग के सचिव-सह-बुडको प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर एवं नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने न्यू मार्केट, जीपीओ एवं आर ब्लॉक के पास विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान न्यू मार्केट स्थित लस्सी गली में जलनिकासी की समस्या को लेकर स्थानीय दुकानदारों से बातचीत की गई। दुकानदारों ने बताया कि मुख्य सड़क की तुलना में लस्सी गली का स्तर लगभग ढाई फीट नीचे होने के कारण वर्षा जल की निकासी प्रभावित होती है, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस दौरान पथ निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि क्षेत्र में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही बुडको के परियोजना निदेशक को चंद्रकला गली में ह्यूम पाइप बिछाकर उसे जीपीओ के समीप स्थित बॉक्स ड्रेन से जोड़ने के निर्देश दिए गए, ताकि जलनिकासी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि अस्थायी समाधान के तहत रविवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर पटना नगर निगम द्वारा लस्सी गली में 10 एचपी तथा चंद्रकला गली में 26 एचपी क्षमता के पंप अधिष्ठापित किए गए हैं, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी में तेजी लाई जा सके।




नगर आवास एवं विकास विभाग के सचिव-सह-बुडको प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर एवं नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने न्यू मार्केट, जीपीओ एवं आर ब्लक के पास विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया।

वीर कुंवर सिंह पार्क के समीप स्थित नाले की क्षमता अपर्याप्त होने के कारण वहां जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अस्थायी समाधान के लिए पटना नगर निगम ने एक कच्चे नाले का निर्माण कराया है, जिसे पार्क के मुख्य द्वार के पास स्थित सर्पेंटाइन नाले के बॉक्स कल्वर्ट से जोड़ा गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नाले के आउटफाल को और अधिक साफ एवं सुचारु बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जीपीओ के समीप बुडको द्वारा निर्मित बक्स ड्रेन का स्लैब हटाकर उसकी गहराई एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान बॉक्स ड्रेन की गहराई तथा उसकी साफ-सफाई दोनों ही संतोषजनक पाई गईं।

## आईटी मैनेजर ने सीखे एआई के तकनीकी गुर, विभागों में कामकाज होगा हाई-टेक

**राज्य में तकनीकी आधारित कामकाज को बढ़ावा देने सरकार की पहल पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**ट्रेनिंग प्रोग्राम में पटना के साथ जिला और प्रमंडलों के आईटी प्रबंधकों को मिला एआई आधारित तकनीकी ज्ञान**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सामान्य प्रशासन विभाग के बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी की ओर से सोमवार को बिहार एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मिशन के तहत एक दिवसीय ओरिएंटेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजधानी पटना के साथ जिला और प्रमंडलों में तैनात आईटी प्रबंधकों को एआई आधारित तकनीकी पहलुओं से दक्ष किया गया।

सीडैक (सीडीएसी) के सहयोग में आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में राजधानी पटना के अलग-अलग विभागों में पदस्थ 72 आईटी प्रबंधक भौतिक रूप से मौजूद रहे। साथ ही जिला और प्रमंडलों में पदस्थ 42 आईटी प्रबंधकों ने वीसी के माध्यम से इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी आईटी प्रबंधकों को एआई का विकास और इतिहास, एआई मशीन लर्निंग-डीप लर्निंग, नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) और कंप्यूटर विजन (सीवी) के मुख्य कन्सेप्ट्स, सार्वजनिक शासन और प्रशासन में एआई का इस्तेमाल, हेल्थकेयर, शिक्षा, खेती एवं पुलिसिंग में एआई की उपयोगिता, केस स्टडीज और बेहतरीन तौर-तरीके, जनरेटिव एआई का परिचय, फाउंडेशन मडल और बड़े भाषा मडल, मडर्न एआई सिस्टम, एआई असिस्टेंट्स, जेन एआई टूल्स, एआई गवर्नेंस, प्राइवेसी, सिक्योरिटी और बायस, एआई में भविष्य के ट्रेंड्स आदि विषयों से रूबरू कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में संवादात्मक चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र, गेमीफाइड लर्निंग असेसमेंट, मैनेजमेंट सिस्टम का डेमो और असेसमेंट, समापन भाषण और प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी के अपर सचिव सह विशेष कार्य पदाधिकारी सतीश रंजन सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी सुनील कुमार रंजन, अंशु कुमारी के साथ सीडैक के संयुक्त निदेशक रितेश कुमार धोते की प्रमुख उपस्थिति रही।

बता दें कि राज्य में एआई आधारित कार्यो को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी राज्य के विकास में तकनीकी आधारित कामकाज को सफलता का मूल मंत्र माना है जिसके तहत दूसरे राज्य और देशों में तकनीकी क्षेत्र में कार्य करने वाले युवाओं का बिहार के विकास में योगदान देने का आह्वान किया गया है। इसी के मद्देनजर समय-समय पर एआई ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

## आपसी समन्वय के साथ कार्य कर सभी विभाग जिला को दे नई ऊँचाई : डीएम

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर जिला अन्तर्गत चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लावें एवं उन्हें समय पर पूरा कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने जिलास्तरीय साप्ताहिक समन्वय समिति की बैठक में सभी पदाधिकारियों को उक्त निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग को अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी दूसरे विभाग से सहयोग की अपेक्षा है, तो वे इस बैठक में उन विन्दुओं को रखें जिससे कि उनका समय पर समाधान कर विकास की गति को और तेजी प्रदान की जा सके। टी़बी़ मुक्त भारत अभियान के प्रगति की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि रोगियों की पहचान में तो तेजी आई है पर पहचान उपरांत मरीजों की एक्स-रे, ट्रूनेट एवं सी़बी़नेट जैसी जाँच में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि गाँवों में गाड़ी भेजकर लोगों को चिकित्सा केन्द्र तक लायें एवं उनका एक्स-रे एवं अन्य जाँच करवायें। जिला में पूर्व से चिन्हित टी़बी़ रोगियों के लिये जाँच, दवा एवं देखभाल की व्यवस्था रहें। प्रखंडों के प्रभारी वरीय उप समाहर्ता टी़बी़ मुक्त भारत अभियान के लिये भी नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। सहयोग कार्यक्रम के तहत लोगों से प्राप्त आवेदनो के निष्पादन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं का वास्तविक एवं प्रभावी समाधान हो, इसी भावना से उनके आवेदनों का निष्पादन किया जाये। इस कार्यक्रम के प्रारंभ होने से अवतक सहयोग पोर्टल पर 22,215 शिकायतें आयीं थी जिनमें से 19,765 का समाधान किया जा चुका है। शेष बचे 2450 आवेदनों का भी समय पर समाधान करने को कहा गया। लोक शिकायत के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। लंबित कोर्ट केस की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर प्रत्येक केस का सिनोप्सिस तैयार करें एवं समय पर न्यायालय में प्रति शपथ दायर कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त शुभम कुमार, समेत अन्य सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




जिलाधिकारी कुन्दन कुमार ने जिलास्तरीय साप्ताहिक समन्वय समिति की बैठक में सभी पदाधिकारियों को उक्त निर्देश दियें।

## संक्षिप्त खबरें

### सनहपुर श्याम चौक के समीप विशाल बैंक्वेट हॉल का विधायक ने किया उद्धघाटन

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** जाले भरवाड़ा सड़क किनारे सनहपुर श्याम चौक के समीप रविवार को विशाल बैंक्वेट हॉल का विधिवत उद्घघाटन स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री जीवेश कुमार, विश्वनाथ चौधरी एवं विशाल चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घघाटन समारोह में बैंक्वेट हॉल के संचालक विशाल चौधरी ने विधायक सहित सभी अतिथियों का मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाग एवं चादर भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक जीवेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक सुविधायो से सुसज्जित बैंक्वेट हॉल की शुरूआत से भरवाड़ा एवं आसपास के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब शादी-विवाह, पारिवारिक समारोह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए लोगों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह बैंक्वेट हॉल स्थानीय लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ एक उपयोगी केंद्र साबित होगा।बैंक्वेट हॉल के संचालक विशाल चौधरी ने कहा कि शहरों की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बैंक्वेट हॉल का निर्माण कराया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ आयोजन स्थल उपलब्ध कराना है, ताकि विभिन्न कार्यक्रम बेहतर व्यवस्था और सुविधाजनक वातावरण में संपन्न हो सकें। समारोह में अमरनाथ राय,भोला राय, राकेश रंजन, दिलीप झा, ध्रुव झा, अयूब हसन, राकेश झा, डॉ. आर.के. विश्वास, इन्द्रजीत भगत, मिथिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में इलाके के गणमान्य लोग मौजूद थे।



### ओपन बिहार कप कराटे चैंपियनशिप में दरभंगा के खिलाड़ियों ने जीते आठ पदक

**दरभंगा(एनएसबी)।** स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में 12 जुलाई को पटना में आयोजित ओपन बिहार कप कराटे चैंपियनशिप 2026 में पूरे बिहार से 345 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दरभंगा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत एवं चार कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किए। दरभंगा के लिए प्रेयांश मोहित कुमार एवं असफंद अहमर ने स्वर्ण पदक जीता। निशांत चौधरी ने रजत पदक हासिल किया। वहीं साचिका समदर्शी, तनु प्रिया जयदीप समदर्शी एवं अंश साह ने कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। कराटे एसोसिएशन ऑफ दरभंगा के अध्यक्ष राजीव रंजन एवं महासचिव मुकेश मिश्रा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्य कराटे संघ बिहार के महासचिव पंकज कांबली का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किओ सब जूनियर , कैडेट एवं जूनियर कराते चैंपियनशिप 2026 में बिहार के लिए पदक जीतने वाले 25 खिलाड़ियों के बीच कुल 1,35,000 की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की गई। इस सम्मान से दरभंगा के स्वर्ण पदक विजेता प्रेयांश एवं मोहित कुमार भी सम्मानित हुए।



### डीएमसीएच को बचाने हेतु चलायी जा रही धरना सत्याग्रह आंदोलन पांचवां दिन जारी

**दरभंगा(एनएसबी)।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डा. जगदीश चन्द्र को हटाने, डी एम सी एच को बचाने हेतु चलायी जा रही धरना-सत्याग्रह आंदोलन पांचवां दिन भी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में जारी रहा। धरना-सत्याग्रह कार्यक्रम में भारी संख्या में कर्मीगण भागीदारी की। धरना स्थल पर मधु महतो एवं दीप नारायण पासवान की संयुक्त अध्यक्षता में हुई सभा में उपस्थित कर्मियों ने अस्पताल अधीक्षक पर नाकामी, तानाशाही, दमन एवं कर्मचारी विरोधी रवैया पर भारी आक्रोश प्रकट करते हुए उग्र आंदोलन का फैसला शीघ्र लेने की बात कही। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा एवं मंत्री अजय कुमार साह ने कहा कि अस्पताल अधीक्षक डा जगदीश चन्द्र के कृत्य से डी०एम०सी०एच० शर्मसार हो रहा है। मरीज इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं हो रही है। एक्सरे मशीन खराब है। पैथोलॉजिकल जांच केमिकल के अभाव में नहीं हो रहा है। दवा आदि का भी अभाव है। अराजकता, कुव्यवस्था चरम पर पहुंच गया है। कर्मचारी-नर्सों का तंगो तबाह व शोषण किया जा रहा है। धरना सत्याग्रह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश कुमार सहनी, लालन शर्मा, अजय कुमार साह, लक्ष्मण झा, नवल किशोर साह, अतीक अहमद, बैद्यनाथ लाल देव, प्रमोद राम, अमरेंद्र कुमार सिंह, बैद्यनाथ ठाकुर, रोहित कुमार, अनर कुमारी, आदि ने एक स्वर से मांगों की पूर्ति होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### रात्रि में यात्री वाहन से यात्रा करने वालों के लिए विशेष एहतिहात बरतने का निर्देश

**बेनीपुर(एनएसबी)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बासुकीनाथ झा ने देर रात्रि में हवाई अड्डा ,रेलवे स्टेशन ,बस स्टैंड ,टेंपो स्टैंड से गंतव्य तक यात्री वाहन द्वारा यात्रा करने वालों के लिए विशेष एतिहात बरतने का निर्देश दिया है्। इस क्रम में उन्होंने अनुमंडल आरक्षी कार्यालय में आयोजित प्रेस संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल रात्रि के समय अनाधिकृत वाहन को रैपिडो समझ कर यात्रा करने वालों के साथ अक्सर धोखाधड़ी, लूटपाट और दुर्घटना की घटना घटित हो रही है। जिसके लिए विशेष सतर्कता की आवश्यकता है । टैक्सी का बुकिंग एप से ही करें और ऑफलाइन अनजाने से सौदेबाजी करने से बचें। बिना बुकिंग का यात्रा तो करें ही नहीं और यात्रा से पूर्व वाहन नंबर, चालक का नाम और फोटो ऐप से मिलान करने की बात बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने यात्रा की जानकारी लाइव लोकेशन परिवार या विश्वसनीय व्यक्ति के साथ अवश्य साझा करें । अभद्र व्यवहार करना या अतिरिक्त किराया मांगने पर 112 पर डायल करने या ऐप पर शिकायत करने का सुझाव देते हुए महिला यात्रियों से विशेष रूप से रात के समय अकेले यात्रा नहीं करने का अनुरोध किया।

### कुशेश्वरस्थान पूर्वी के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलना शुरू

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** नेपाल में लगातार हो रही लगातार बारिश का असर कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड में साफ दिखने लगा है। कोशी और कमला बलान नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने के कारण कमला बलान के पश्चिमी तटबंध से पूर्व बसे इटहर,चौकिया, लक्ष्मीनिया, बिशुनिया,जिमराहा,उसरी, उजुआ सिमरटोका तथा तिलकेश्वर पंचायत के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलना शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी इटहर, चौकिया और लक्ष्मिनियाँ गांव के लोगों को हो रही है। कई संपर्क मार्गों पर पानी भर जाने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है और अब नाव ही आवागमन का एकमात्र सहारा बन गई है। वहीं तिलकेश्वर पंचायत के गोलमा गांव में निमार्णाधीन पुल का कार्य भी बढ़ते जलस्तर के कारण बाधित हो गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी राकेश रौशन भारती ने बताया कि बाढ़ की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की गई है।



# पांच वर्षों में भारत में 20 प्रतिशत बढ़े विदेशी छात्र-छात्राएं : डा गोपाल जी ठाकुर

## कहा एशिया, अफ्रीका, यूरोप सहित 173 देशों के 58134 छात्र छात्राओं ने भारत में आकर लिया नामांकन



**उच्चतर शिक्षा के लिए भारतीय शिक्षण संस्थानो का चयन देश के लिए गौरव का विषय**

**दरभंगा(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत का चतुर्दिक डंका बज रहा है। आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक रूप के क्षेत्र में विभिन्न मुद्दों पर देश को मिली सफलता के बाद अब शैक्षणिक जगत में भारत ने नया रिकॉर्ड स्थापित किया है जो देश के लिए गर्व का विषय है। शिक्षा मंत्रालय के अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण स्टडी इन इंडिया के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों पर भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत की ज्ञान परंपरा की प्राचीन गरिमा फिर से जीवंत किया जा रहा है तथा भारत में विदेशी छात्र छात्राओं की टॉप हिस्सेदारी इसका ज्वलंत उदाहरण है। सांसद डा ठाकुर ने स्टडी इंडिया के सर्वे को भारतीय ज्ञान परंपरा का श्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए कहा है कि एशिया, अफ्रीका, यूरोप सहित 173 देशों के 58134 छात्र छात्राओं का उच्चतर शिक्षा के लिए यहां के शिक्षण संस्थानो में दाखिला लेना इस बात के परिचायक है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था को नया आयाम मिला है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि भारत अब केवल अपने छात्रों के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया भर के युवाओं के लिए भी उच्च शिक्षा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है और यदि शोध, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक रैंकिंग में जिस तरह से निवेश किए जा रहे हैं आने वाले समय में विश्व स्तर पर भारत का दुनिया के प्रमुख शिक्षा केंद्रों में मजबूत स्थान बनाना तय है। यूएई, अमेरिका, बांग्लादेश, नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, नेपाल, मंगोलिया जैसे देशों के छात्र छात्राओं का यहां के शिक्षण संस्थानो को पसंद किया जा रहा है जो एक नया रिकॉर्ड है। पीएम नरेन्द्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित इस मंत्रालय के सभी अधिकारयों को बधाई देते हुए कहा है कि आने वाले समय में भारत का नवाचार और ज्ञान परंपरा का फिर से वैश्विक स्तर पर प्रमुख केंद्र बनना तय है।

# जीवन हॉस्पिटल में 24 जुलाई से बीएचयू के डीएम कार्डियोलॉजिस्ट देंगे सेवा

## बेनीपुर में अब हृदय रोगों का भी होगा बेहतर इलाज, शुरू होगा कार्डियोलॉजी विभाग

**बेनीपुर (एनएसबी)।** क्षेत्र के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब हृदय रोगों के इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बेनीपुर स्थित जीवन हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कार्डियोलॉजी विभाग की शुरूआत 24 जुलाई से होने जा रही है।

हॉस्पिटल प्रबंधन डा. आर के झा ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बीएचयू के प्रतिष्ठित डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुमार अमित अपनी सेवाएं देंगे। स्वस्थ हृदय, स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ शुरू हो रहे इस विभाग का उद्देश्य बेनीपुर और आसपास के इलाकों के लोगों को विशेषज्ञ हृदय चिकित्सा एक ही जगह उपलब्ध कराना है।जीवन हॉस्पिटल में हृदय से जुड़ी सभी बीमारियों का निदान और उपचार किया जाएगा। विभाग में निम्न सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी । ईसीजी, 2डी इको, टीएमटी, होल्टर मॉनिटरिंग, बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल और संपूर्ण हृदय जांच हार्ट फेलियर, एंजाइना, अरिदमिया जैसी बीमारियों का इलाज। आवश्यकता अनुसार एंजियोग्राफी की सुविधा 24x7 सेवा परामर्श एवं दवा की सुविधा चौबीसों घंटे उपलब्ध है। डॉ. कुमार अमित बी एच यू से प्रशिक्षित डीएम कार्डियोलॉजिस्ट हैं। हृदय रोगों के निदान और उपचार में उन्हें विशेषज्ञता प्राप्त है। मरीजों के प्रति समर्पित, सटीक और समय पर उपचार उनकी पहचान है। अस्पताल प्रबंधन डा आर के झा का कहना है कि इस नए विभाग के शुरू होने से आसपास के जिलों के मरीजों को काफी राहत मिलेगी। पहले इन जांचों और इलाज के लिए लोगों को पटना या दिल्ली जाना पड़ता था।



कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुमार अमित का स्वागत करते हॉस्पिटल प्रबंधक डा. आर के झा।

# योग से लोभ, मोह, क्रोध, भय, तनाव एवं उद्विग्नता आदि पर नियंत्रण पाया जा सकता है : प्रो. संजय कुमार चौधरी

## भारतीय ज्ञान-परंपरा की अन्तर्निहित प्रज्ञा' विषय पर सेमिनार आयोजित

**दरभंगा(एनएसबी)।** योग हमें कर्म को ही धर्म मानना सीखना है। इसे अपनाकर ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है। योग से लोभ, मोह, क्रोध, भय, तनाव एवं उद्विग्नता आदि पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के तत्त्वावधान में जुबिली हॉल में "योग के माध्यम से आरोग्य एवं आनन्द भारतीय ज्ञान-परम्परा की अन्तर्निहित प्रज्ञा" विषय पर भारतीय दार्शनिक अनुसंधान केन्द्र आईसीपीआर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा हाइब्रिड मोड में प्रायोजित निःशुल्क राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कही। कुलपति ने कहा कि योग तन, मन और आत्मा में समन्वय करने वाला तथा हमारी भारतीय ज्ञान-परंपरा का काफी महत्त्वपूर्ण एवं जनोपयोगी उपहार एवं धरोहर है। उन्होंने एनएसएस समन्वयक द्वय को निर्देशित किया कि वे "आर्ट ऑफ लिविंग", दरभंगा के साथ मिलकर विश्वविद्यालय में पांच- दिवसीय शिविर का आयोजन करें। यदि आर्ट ऑफ लिविंग के सात बिन्दुओं का समुचित ज्ञान एवं उनपर ठीक से प्रयोग हो तो जीवन की आधी समस्याएं स्वतः दूर हो जाएंगी।मुख्य वक्ता के रूप में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की पूर्व दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्षा एवं प्रति-कुलपति प्रो कुसुम कुमारी ने कहा कि मिथिला विद्वानों की धरती रही है। योग हमारी प्राचीन धरोहर एवं संस्कृति है, जिसमें काफी शक्ति होती है। यह आत्मशुद्धि, मन पर नियंत्रण एवं मोक्ष-प्राप्ति का माध्यम है। भारत के विश्व-गुरु बनने में योग की काफी भूमिका है। बेनीपुर के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि योग के क्षेत्र में बिहार लम्बे समय से शिरमोर्य रहा है। योगाभ्यास से बिहार की समृद्ध परंपरा आगे बढ़ेगी।आमंत्रित वक्ता के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के बिहार प्रभारी आनन्द प्रकाश राय ने कहा कि सकारात्मक को बढ़ाने एवं मस्तिष्क पर नियंत्रण करने के लिए योग जरूरी है। उन्होंने कुलपति के आग्रह पर एनएसएस के सहयोग से विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग शिविर लगाने पर सहमति दी। विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं विशिष्ट वक्ता डॉ रुद्र कान्त अमर ने कहा कि संपूर्ण भगवद्गीता योगमय है, जिसके सभी अध्यायों के नाम में योग से जुड़ा है।

राष्ट्रीय सेमिनार का प्रारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रारंभ में विश्वविद्यालय का कुलगीत तथा अन्त में राष्ट्रगान हुआ। अतिथियों द्वारा स्मारिका का भी विमोचन किया गया। सेमिनार संयोजक डॉ प्रियंका राय के संचालन में आयोजित उद्घाटन सत्र में अतिथि स्वागत दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शिखर वासिनी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत-प्राध्यापक डॉ आर एन चौरसिया ने किया। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर, मोमेंट, लीली-पौधे तथा पुष्पगुच्छ से किया गया। चार समानांतर तकनीकी सत्रों का आयोजन क्रमशः डॉ कृष्णकांत झा, डॉ शिखर वासिनी, डॉ रुद्राकांत अमर एवं डॉ आर एन चौरसिया की अध्यक्षता में किया गया, जिनका संचालन क्रमशः डॉ संजीव कुमार शाह, डॉ ममता स्नेही, डॉ सोनी शर्मा तथा डॉ प्रियंका राय द्वारा किया गया, जिनमें 200 से अधिक शोध पत्रों का वाचन किया गया। डॉ प्रियंका ने बताया कि सेमिनार में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 425 से संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, पदाधिकारी, विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित थे, जिनमें कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, त्रिपुरा, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों के प्रतिनिधि शामिल थे।



उद्घाटन करते कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी, विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी एवं अन्य।

### सहरसा सुपौल मार्ग पर पिकअप की ठोकर लगने से मोटरसाइकिल चालक की मौत

**परिजनों ने शव रखकर 4 घंटे तक किया सड़क जाम, डायल 112 पर लापरवाही का आरोप**

**बिरौल(एनएसबी)।** सहरसा सुपौल मुख्य पथ पर कोठीपुल गंडौल के निकट सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे पिकअप वाहन की ठोकर से बाइक सवार की मौत हो गई। सीमावर्ती थाना क्षेत्र के बजरंग चौक के पास अज्ञात पिकअप वाहन चालक बाइक सवार को रौंदते हुए फरार हो गया। मृतक की पहचान बड़गांव थाना क्षेत्र के भुसकोल निवासी 45 वर्षीय स्व. मुरली प्रसाद सिंह के पुत्र महेश सिंह के रूप में हुई है। महेश सिंह अपने गांव भुसकोल से किसी जरूरी काम से बाइक से सुपौल बाजार जा रहे थे। बजरंग चौक के पास डायल 112 की वाहन के पुलिसकर्मी वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान सहरसा की ओर से तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप ने पुलिस को देखकर रफ्तार और तेज कर दी और सामने से आ रहे बाइक सवार महेश सिंह को रौंदते हुए फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शव को ई-रिक्शा पर रखकर बांस-बल्ले से बिरौल-सुपौल मुख्य मार्ग घटना स्थल बजरंग चौक समीप सड़क जाम कर दिया। लोगों ने डायल 112 के पुलिसकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।



### बुजुर्ग की मिली लाश गले पर फंदे का निशान

**दरभंगा(एनएसबी)।** बिशनपुर थाना क्षेत्र के डीहलाही चौक से कुछ दूरी पर एक बुजुर्ग की शव मिलने से सनसनी फैल गई। हालांकि कुछ घंटे बाद शव की पहचान हो गई। मृतक की पहचान बिशनपुर थाना क्षेत्र के डीलाही गांव के रहने वाले स्वर्गीय बलदेव महतो के पुत्र 60 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव के गले में दाग पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा की आत्महत्या है या हत्या। फिलहाल परिजन के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

### अंदामा गांव में आयोजित होने वाले वार्षिक माघी पूर्णिमा कबीर महोत्सव को मिला राजकीय दर्जा

अशोक कुमार लाल देव

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने दरभंगा जिले के ऐतिहासिक कबीर स्थान बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत अन्दामा गांव में प्रतिवर्ष माघी पूर्णिमा को आयोजित होने वाले सदगुरु कबीर महोत्सव को राजकीय संस्कृतिक कैलेंडर 2026 में शामिल करते हुए इसको राजकीय दर्जा प्रदान किया है।इससे संबंधित आदेश कला संस्कृति विभाग बिहार सरकार ने जारी किया है ।विदित हो कि अंदामा कबीर स्थान एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सदगुरु कबीर का स्थान है।यहा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले माघी पूर्णिमा कबीर महोत्सव में देश विदेश के लाखों कबीर पंथी साधु,संत महात्मा और पर्यटक आम अनुयाई शामिल होते हैं ।राज्य सरकार द्वारा इस महोत्सव के राजकीय दर्जा देने से अब वहां देश विदेश से आने वाले लाखों साधु,संत,महात्मा अनुयायियों आम पर्यटक और श्रद्धालुओं को कबीर महोत्सव के दौरान मूलभूत सुविधाओं सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुविधा बिहार सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। अंदामा कबीर स्थान के वर्तमान पीठाधीश्वर आचार्य गुरु अंदामा साहेब सुशील प्रसाद सिंह को धन्यवाद देता हूं,कि उन्होंने प्रस्ताव पर सहमति देते हुए मांग का समर्थन किया। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी को इस प्रस्ताव को स्वीकृति देने के लिए दिल से धन्यवाद।

# महिला शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा का सशक्तिकरण राज्य और समाज के समग्र विकास हेतु अत्यंत आवश्यक : प्रो . विनय कुमार चौधरी

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा में नवनिर्मित अधोसंरचनाओं का भव्य उद्घाटन

**दरभंगा(एनएसबी)।** डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में 13 जुलाई, 2026 को संस्थान की नवनिर्मित अधोसंरचनाओं के उद्घाटन हेतु एक भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार, संस्थान के शिक्षकों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान की नवनिर्मित अधोसंरचनाओं का उद्घाटन ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी तथा बेनीपुर के विधायक बिनय कुमार चौधरी के कर-कमलों द्वारा संपन्न किया गया। उद्घाटन के साथ ही अतिथियों ने परिसर का अवलोकन किया तथा नवविकसित सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संस्थान के विकास कार्यों की सराहना की। अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक प्रो अजय नाथ झा द्वारा पाग, चादर एवं सिक्की कला से निर्मित आकर्षक फोटो फ्रेम भेंट कर किया गया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान का समग्र विकास उसकी गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना, आधुनिक संसाधनों तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण पर आधारित होता है। डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण तकनीकी संस्थान है जो छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं नवाचार के लिए प्रेरित कर रहा है। नई अधोसंरचनाएँ छात्राओं के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी।

बेनीपुर के विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने संस्थान की निरंतर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महिला शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा का सशक्तीकरण राज्य और समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संस्थान द्वारा छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयासों की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संस्थान के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान की उपलब्धियों, विकास योजनाओं तथा नवविकसित अधोसंरचनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान छात्राओं को उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए उत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की उप कुलसचिव डॉ प्रियंका राय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।



बैठक में मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### साहित्यकार मिन्टू ने विद्यापतिनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को किया सम्मानित



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** साहित्य के प्रति गहरी रुचि रखने वाले विद्यापतिनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी मो.महताब अंसारी को युवा कवि मिन्टू कुमार झा के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो.महताब अंसारी ने कहा कि साहित्य समाज के बीच सदभावना,प्रेम और भाईचारे की भावना को वयक्त और पोषित करता है। साहित्य और समाज का संबंध अत्यंत गहरा है यदि समाज शरीर है,तो साहित्य उसकी आत्मा है। युवा साहित्यकार मिन्टू कुमार झा ने कहा कि आज के यांत्रिक और डिजिटल युग में साहित्य के प्रति युवाओं का रूझान कम हो रहा है। वर्तमान में सोशल मीडिया और इंटरनेट के मोह के कारण युवा साहित्यिक किताबों से दूर होते जा रहे हैं। जबकि व्यक्तित्व विकास और गहराई के लिए साहित्य का अध्ययन अति जरूरी है। युवाओं को साहित्य के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

### अपोलो डेंटल में हुआ पूरे मुँह का सफल डेंटल इम्प्लांट

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के चीनी मिल कैम्पस स्थित अपोलो डेंटल, में एक बार फिर पूरे मुँह का सफल डेंटल इम्प्लांट (दंत प्रत्यारोपण) किया गया। 65 वर्षीय सेवानिवृत्त जेई मोहन दास लंबे समय से दांतों की गंभीर समस्या से परेशान थे। पूर्व में किसी अन्य स्थान पर उपचार के दौरान उनके सभी दांत निकाल दिए गए थे, जिसके कारण उन्हें सामान्य रूप से खाने-पीने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इसके बाद उन्होंने अपोलो डेंटल में परामर्श लिया। डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम में डॉ फारुख आजमी, डॉ दयानंद कुमार, डॉ प्रभात रंजन आदि ने आधुनिक डेंटल इम्प्लांट तकनीक का उपयोग करते हुए पूरे मुँह का सफल दंत प्रत्यारोपण कर दिया। मरीज अब पहले की तुलना में अधिक आराम से भोजन कर पा रहे हैं तथा उनके चेहरे की मुस्कान और आत्मविश्वास भी वापस लौटा है। इस अवसर पर अपोलो डेंटल के प्रबंध निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि डेंटल इम्प्लांट एक विशेष प्रकार का टाइटेनियम का कृत्रिम रूट होता है, जिसे जबड़े की हड्डी में लगाया जाता है। कुछ समय बाद यह हड्डी के साथ मजबूती से जुड़ जाता है, जिसके ऊपर प्राकृतिक दांत जैसा क्राउन लगाया जाता है। इससे मरीज को प्राकृतिक दांतों जैसी मजबूती, आराम और सुंदर मुस्कान मिलती है।डेंटल इम्प्लांट उन लोगों के लिए उपयुक्त है जिनका एक, कई या सभी दांत किसी कारणवश खो चुके हैं। उचित जांच और विशेषज्ञ की सलाह के बाद अधिकांश मरीज इस उपचार का लाभ उठा सकते हैं। सही जांच, उचित योजना और अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा यह उपचार सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि, अपोलो डेंटल में आधुनिक दंत चिकित्सा सुविधाओं के साथ डेंटल इम्प्लांट, रूट कैनाल, कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री, दांतों की सफाई तथा अन्य दंत रोगों का उन्नत उपचार उपलब्ध है।



### माता राम कुमारी देवी की 12वीं पुण्यतिथि पर अपोलो डेंटल हॉस्पिटल में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजित



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** माता राम कुमारी देवी की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपोलो डेंटल चीनी मील कैम्पस, समस्तीपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपोलो डेंटल के निदेशक प्रमुख डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माता राम कुमारी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सभी ने पूज्य माता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। अपने संबोधन में डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि, माँ केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा होती हैं। आपका स्नेह, त्याग, संस्कार और आशीर्वाद हमारे जीवन का अमूल्य धन है।आप भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपकी सीख, आपकी मुस्कान और आपकी यादें हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करें।\ इस अवसर पर अपोलो डेंटल के चिकित्सक डॉ दयानंद कुमार ने कहा कि, माता राम कुमारी देवी की स्मृति में हर वर्ष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। उनके आदर्शों पर चलना और उनके सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर जितेंद्र नारायण सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, दीपेन्द्र कुमार, हर्ष राज, डॉ पी एन सिंह, डॉ. फारुख आजमी, डॉ. प्रभात रंजन, शिवम कुमार, धर्मवीर यादव, काजल कुमारी, संतोष कुमार, सतीश कुमार एवं शबनम कुमारी ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### दो शराबी गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना की पुलिस ने सोमवार को दो लोगो को शराब के नशे में गिरफ्तार कर न्यायालय विशेष न्यायाधीश उत्पाद कोर्ट समस्तीपुर भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी मिथलेश कुमार यादव पिता झ विपत यादव, सकिन कूरसाहा, थाना मोहिउद्दीननगर जिला समस्तीपुर और दूसरे आरोपी पंकज कुमार पिता दिनेश राय सकिन चमथा बिन्द टोल ,थाना बछवाड़ा जिला बेगूसराय बताया गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया की दोनों पियक्कड़ है जिसे माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश उत्पाद महोदय समस्तीपुर उपस्थापन हेतु भेजा है।

### हरपुर बोचहा में 16 करोड़ से बन रहा सीढ़ी घाट, लोगो में है प्रसन्नता



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सर्वोत्तम ग्राम पंचायत हरपुर बोचहा में वाया नदी में जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से सीढ़ी घाट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को धार्मिक अनुष्ठानों, वाया नदी में स्नान करने और बाढ़ के समय काफी सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस बाबत स्थानीय मुखिया प्रेमशंकर सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की पहल पर जलसंसाधन विभाग से पंचायत में लगभग 16 करोड़ की लागत से हरपूरबोचहा पुल चौक के समीप, मिडिल स्कूल, पंचायत भवन, खनुआ घाट और बमौरा के निकट वाया नदी में सीढ़ी घाट का निर्माण कराया जा रहा है। सीढ़ी घाट बनने से क्षेत्र की सुंदरता के साथ-साथ पर्यटन एवं धार्मिक कार्यो के समय भी लोगो छठ पूजा आदि में सुविधा मिलेगा। जिससे छेत्र के लोगो में प्रसन्नता बनी है। इस बावत प्रमुख कृष्णा देवी, प्रो संजीव कुमार सिंह, उप प्रमुख राम लखन साह, जयराज पासवान, राम बाबू चौरसिया आदि ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को बधाई दिया है।

### भाजपा समस्तीपुर उत्तरी की बैठक संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी का बैठक संपन्न* भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर जिला उत्तरी की सांगठनिक नियमित मासिक बैठक भाजपा जिला कार्यालय समस्तीपुर में भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी के अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता के संचालन संपन्न हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी जी के मन की बात प्रसारण कार्यक्रम को शत प्रतिशत सभी बुथों पर सुनने ,दीनदयाल डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण को सभी बूथों पर करने के साथ प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में मंडल स्तर, दूसरे सप्ताह में जिला स्तर,तिसरे सप्ताह में शक्ति केन्द्र और चौथे सप्ताह में बूथ स्तर पर बैठक करने निर्णय लिया गया है। बैठक को भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विशनुदेव कुशवाहा, श्याम पासवान, मुकेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष संजीत अग्रवाल जिला मंत्री दीपक मंडल, कृति प्रिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय प्रकाश, जिला कार्यालय प्रभारी विजय कुमार चौधरी, जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा, अशोक निषाद, राजीव सुर्यवंशी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

# बच्चों को बाल श्रम की अंधी खाई से निकालना ही काफी नहीं : सुरेंद्र

## हालात से लड़ कर बोर्ड परीक्षा में सफल बच्चों ने दिखाई राह



आयुष कुमार, लक्ष्मी कुमारी और निशा कुमारी।

**सरायरंजन (एनएसबी)।** आज जब दुनिया बाल श्रम निषेध दिवस मना रही है, तो बाल अधिकार संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन, बचपन बचाओ आंदोलन, आदि अभियानों से जुड़ी इकाइयों व संस्थाओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसे में हमें यह याद रखना होगा कि बच्चों को बाल श्रम की अंधी खाई से निकालना ही काफी नहीं है, उनके हालात की समीक्षा कर उन्हें उनका अधिकार सहज उपलब्ध कराना और शिक्षा के महत्व की जानकारी दे कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना भी होगा। प्रखंड के अख्तियारपुर स्थित जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के सचिव सुरेंद्र कुमार ने उक्त बातें संवाददाता से निजी मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, इस दिशा में अब हमारे वर्षों के प्रयास अब सुखद परिणाम दिखने लगे हैं। अभी हालिया संपन्न बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में हमारे प्रयास और सहयोग से विपरीत परिस्थितियों में भी तीन बच्चों ने सफलता हासिल कर साबित किया कि, लक्ष्य पाने की जिद्द के साथ संकल्पित प्रतिबद्धता और लगन हो तो मंजिल मिल ही जाती है। इस साल जब बिहार बोर्ड का रिजल्ट आया तो कई घरों में जश्न का माहौल था। सबसे ज्यादा खुश वे परिवार थे, जिन्हें लगता था कि उनके बच्चे कभी स्कूल वापस नहीं आ पाएंगे।

इनमें से एक है आयुष कुमार, जिसे कभी अपना बचपन जीने का मौका हीं नहीं मिला। बिहार के समस्तीपुर जिले के रायपुर बुजुर्ग गाँव में रहने वाले शेष बच्चों की तरह, उसने भी अपने स्कूल के दिन परिवार की कमाई में हाथ बंटाते हुए बिताए। उसने कभी-कभार स्कूल जाने की कोशिश की, लेकिन पढ़ाई और काम के बीच तालमेल बिठाना बहुत मुश्किल था। इसका बुरा असर उसके पढ़ाई की इच्छा पर पड़ा। धीरे-धीरे हिम्मत टूटने लगी। एक बार तो वह परीक्षा में फेल हो गया और उसे लगने लगा कि अब सब खत्म हो गया पढ़ाई छोड़ देना हीं सही है। लेकिन इस नकारात्मक सोच को उसने कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया। जिसका परिणाम है कि, आज, 17 साल की उम्र में आयुष ने बिहार बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त की है। बाल मजदूरी छोड़कर स्कूल की पढ़ाई पूरी करने तक का यह सफर बहुत लंबा होने के साथ-साथ मुश्किल भी था। लेकिन इस सफर ने बड़ी खामोशी से आयुष के साथ-साथ समस्तीपुर के गाँवों के कई दूसरे बच्चों की किस्मत बदल दी है।

**इसी कड़ी में दूसरा नाम है**

खालिसपुर गाँव की 17 साल की लक्ष्मी कुमारी का, जो विकास, और शिक्षा से पूरी तरह अनभिज्ञ सबसे पिछड़े समुदाय मुसहर परिवार से आती है। लक्ष्मी ने अपने माता-पिता को हमेशा दिहाड़ी के लिए जूझते देखा है। कई बार ऐसी नौबत आती थी कि दो वक्त की रोटी कमाना स्कूल जाने से ज्यादा जरूरी हो जाता था। परिवार के हालात से जूझते हुए किसी तरह उसने नौवीं तक शिक्षा हासिल की, तब उसकी पढ़ाई छूट गई। शीघ्र ही, वह गाँव की दूसरी लड़कियों के साथ खेतों में मजदूरी करने लगी। इसी दौरान उसके शादी की बातचीत भी शुरू हो गई थीं। लेकिन, लक्ष्मी ने कभी नहीं चाहा कि उसका भविष्य ऐसा हो। जब कुछ स्थानीय समूहों और कार्यकताओं को लक्ष्मी के हालात और इच्छा के बारे में पता चला, तो उन्होंने उसके परिवार से नियमित रूप से मिलना शुरू कर दिया। शुरूआत में कुछ मिनटों की बातचीत, फिर हफ्तों और महीनों तक बार-बार होने वाली चर्चा में परिवार की मानसिकता बदली। धीरे-धीरे सब कुछ बदलने लगा और लक्ष्मी ने फिर से पढ़ाई शुरू की। इस साल उसने बिहार बोर्ड से दसवीं की परीक्षा पास कर ली और वह अपने पूरे मुसहर टोले में दसवीं पास करने वाली दूसरी लड़की बन गई।

इस कड़ी में तीसरा नाम है निशा कुमारी, लक्ष्मी के पास के एक गाँव एक और लड़की, जो अपनी एक अलग लड़ाई लड़ रही थी। निशा ने बेमन से स्कूल जाना छोड़ दिया था और वह अपनी माँ के साथ खेतों में काम करने जाने लगी थी। इसी दौरान, उसके माता-पिता ने उसकी शादी की चर्चा शुरू कर दी। उन्हें अपनी बेटी के भविष्य की फिक्र तो थी, लेकिन वे बस गरीबी से परेशान थे। उस इलाके में काम करने वाली चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) की सहयोगी संस्था, जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के एक सदस्य बताते हैं, "उन्होंने हमसे लगातार यही बात कही कि उनके पास कोचिंग, किताबों या परीक्षा का खर्च उठाने के लिए पैसे नहीं है। दूसरे कई परिवारों की तरह, उन्हें भी यही लगता था कि शादी करने से शायद एक समस्या हल हो जाएगी।" लेकिन निशा ऐसा नहीं सोचती थी। उसने अपने घरवालों को बार-बार कहा कि शादी हुई तो उसकी पढ़ाई की उम्मीद पूरी तरह टूट जाएगी। फिर उसे किशोरों के समूहों, काउंसलिंग सत्रों और परिवार के साथ लगातार बातचीत से सहारा मिला। धीरे-धीरे घर में शादी के बजाय पढ़ाई के बारे में बात होने लगी। आज, निशा ने अपनी दसवीं की परीक्षा पास कर ली है और फिलहाल 11वीं कक्षा में पढ़ रही है।

जेजेबीविके सचिव ने कहा कि, यह बिल्कुल हो सकता है कि, बाहर की दुनिया में यह कामयाबी बहुत बड़ी न लगे, लेकिन यह इन बच्चों के गाँव के लिए यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आयुष, लक्ष्मी और निशा की कहानियों में जो बात एक जैसी है, वो सिर्फ. उनका पक्का इरादा नहीं है। बल्कि, इसमें बच्चों की सहायता के लिए मौजूद सपोर्ट सिस्टम का भी उतना ही योगदान है, जिन्होंने इन बच्चों को पढ़ाई से पूरी तरह दूर होने से पहले सही वक्त पर सहारा दिया। सरायंजन ब्लॉक के गाँवों में, सामुदायिक समूहों, बाल पंचायतों, किशोरों के समूहों और शिक्षा सहायता केंद्रों ने ऐसे बच्चों की पहचान करने में मदद की है, जो बाल मजदूरी, बाल विवाह और स्कूल छोड़ने के खतरे में थे। इनमें से कई बच्चे इसलिए संघर्ष नहीं कर रहे थे कि उनमें काबिलियत की कमी थी। बल्कि हालात ऐसे थे कि उनके पास पढ़ाई छोड़ने के सिवा विकल्प ही नहीं बचे थे। आयुष ने उन बातों को याद करते हुए अपने सफर के बारे में बताया। उसने कहा, "मैंने अपने अनुभवों से सीखा है कि अगर बच्चे को समय पर सही सहारा और मार्गदर्शन मिले, तो वह उन मुश्किलों से भी लड़ सकता है जो कभी नामुमकिन सी लगती हैं।"

बीते कई सालों से, बच्चों, परिवारों और समुदायों के साथ लगातार काम करने वाली संस्था, जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र की कोशिशों से बच्चों को यह मदद मिल रही है। जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के प्रोजेक्ट हेड सह सचिव सुरेंद्र कुमार के मुताबिक, बोर्ड की परीक्षा के नतीजे तो एक बड़ी कहानी का सिर्फ. एक हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, "ऐसी बात नहीं है कि, पढ़ाई में हमारी ओर से दी जाने वाली मदद की वजह से बच्चे सिर्फ परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के जरिए लाइफ स्किल ट्रेनिंग और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े उपायों को अपनाने की वजह से बच्चों में समझ और आत्मविश्वास भी विकसित हुआ है। यहाँ तक कि कई बच्चों ने अपने दोस्तों की शादी रुकवा कर उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए हिम्मत दी है। इसका असर अब बोर्ड परीक्षा के नतीजों में भी साफ दिखाई दे रहा है।" ये परिणाम और आंकड़े साफ तौर पर बदलाव की ओर इशारा करते हैं। श्री सुरेंद्र ने बताया कि, इस साल हमारे प्रोजेक्ट के दायरे में आने वाले इलाकों में 78% लड़कियां और 76% लड़के दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सफल रहे। इंटरमीडिएट की परीक्षा में, लड़कियों के पास होने की दर 88 प्रतिशत रही।

फिर भी, इन नतीजों की अहमियत सिर्फ आंकड़ों से कहीं बढ़कर है। हर एक प्रतिशत का मतलब है एक बच्चा, जिन्होंने काम का बोझ होने के बावजूद अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ी। इस परिपेक्ष्य में क्राई (ईस्ट) की रीजनल डायरेक्टर, ट्रिना चक्रवर्ती का मानना है कि, ये कहानियाँ बाल अधिकारों के काम का असली मकसद दिखाती हैं। उन्होंने कहा, "अक्सर बाल मजदूरी तब शुरू होती है जब बच्चों के पास कोई विकल्प नहीं बचता है। जब बच्चों को स्कूल में पढ़ाई जारी रखने, खुद पर भरोसा करने और अपने अधिकारों को समझने में मदद मिलती है, तो वे एक बेहतर भविष्य के सपने देखने लगते हैं। ये कामयाबी बताती हैं कि बच्चों, परिवारों और समुदायों के साथ लगातार जुड़े रहकर गरीबी के उस चक्र को तोड़ा जा सकता है, जो अक्सर एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी तक चला जाता है।" इस तरह की अलग-अलग कहानियाँ बिहार में बच्चों के असुरक्षा की एक बड़ी तस्वीर पेश करती हैं। एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़े बताते हैं कि, पूरे देश में इसी राज्य से बच्चों और बच्चियों के लापता होने के सबसे ज्यादा मामले सामने आते हैं। जिनमें से हजारों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों के लिए, यह इस बात को और पुख्ता करता है कि बच्चों का स्कूल, समुदाय और स्थानीय सुरक्षा तंत्र से जुड़े रहना कितना जरूरी है। इससे खतरों की समय रहते पहचान की जा सकती है और उनके हालात बिगड़ने से पहले कदम उठाए जा सकते हैं। आयुष, लक्ष्मी और निशा की कहानियाँ याद दिलाती हैं कि सिर्फ.बच्चों को मजदूरी से बाहर निकालना ही काफी नहीं है।

हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास वापस लौटने के लिए कोई ऐसी जगह हो, जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखे। इन तीन बच्चों के लिए उनके स्कूल की कक्षा वो जगह थी। और इसने उनकी ज़िंदगी की दिशा ही बदल दी।

## वाहन चेकिंग के दौरान 2 अपराधी गिरफ्तार, 5 फरार, हथियार व वाहन बरामद



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक रिवॉल्वर, तीन जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो और एक वैगनआर कार भी बरामद किया है। इस क्रम में, पांच अन्य अपराधी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोमवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोरबद्ध महादेव चौक के पास वाहन चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध स्थिति में आ रहे वाहनों की जांच के क्रम में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विमलेश कुमार विमल उर्फ विमलेश राय (उम्र 40 वर्ष), पिता स्व. सत्यानारायण राय, निवासी मगरदही, थाना मुफ्फसिल, जिला समस्तीपुर तथा पल्लव कुमार उर्फ प्रशांत कुमार (उम्र 31 वर्ष), पिता कमलेश कुमार, निवासी मोहनपुर वार्ड संख्या 43, थाना मुफ्फसिल, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक रिवॉल्वर, तीन जिंदा गोलियां, स्कॉर्पियो और वैगनआर कार भी बरामद किया है। जांच के दौरान पांच अन्य अपराधी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधी विमलेश कुमार ने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे और उसी दौरान वाहन चेकिंग में पकड़े गए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पूर्व से भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं, जिसमें हत्या का एक पुराना मामला भी शामिल है। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## ट्राईब्रेकर में पश्चिम चंपारण को हराकर सिवान ने जीता सुब्रतो मुखर्जी कप का खिताब

### चार दिवसीय 65वीं राज्य स्तरीय बालिका अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न, खिलाड़ी, रेफरी व आयोजक हुए सम्मानित



विजेता व उपविजेता टीम के साथ पदाधिकारी।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के रेल परिसर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पू.म.रे., समस्तीपुर के खेल मैदान में पिछले चार दिनों से खेली जा रही 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता (बालिका अंडर-17)-2026 सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल व खिताबी मुकाबले में सिवान और पश्चिम चंपारण (बेतिया) के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। निर्धारित 60 मिनट तक पहले एवं दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने शानदार आक्रामक एवं रक्षात्मक खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान कोई भी टीम निर्धारित समय सीमा के अंदर गोल नहीं कर सकी। इसके बाद ट्राईब्रेकर से हुए निर्णय में सिवान की टीम ने दबाव के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3-2 से जीत दर्ज कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में सिवान की पिंकी कुमारी को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, पश्चिम चंपारण की प्रीति कुमारी को सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर तथा पश्चिम चंपारण की तन्नु कुमारी को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित कर ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता के दौरान निष्पक्ष एवं उत्कृष्ट दायित्व निभाने वाले सभी तकनीकी पदाधिकारियों एवं निर्णायकों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया। वहीं जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों, तकनीकी अधिकारियों तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रतिनियुक्त शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें स्मृति-चिह्न प्रदान किया। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर ने सफल आयोजन, अनुशासित व्यवस्था और उत्कृष्ट मेजबानी के माध्यम से राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है। पारितोषिक वितरण समारोह का संचालन शिक्षक सुभीत कुमार सिंह 'बिट्टू' ने किया।

## सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित



सम्मानित स्वयंसेवकों के साथ प्राचार्य व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई-01 एवं 02 के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शशि भूषण कुमार शशि ने की। इस अवसर पर सर्वप्रथम परंपरानुसार दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें सफलतापूर्वक 2 साल पूर्ण करने वाले स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. शशि ने कहा कि, शिक्षा के साथ साथ देश की सेवा करना प्रत्येक छात्र का कर्तव्य है। आप सभी स्वयंसेवक - स्वयंसेविकाओं को इस कर्तव्य का निर्वहन करने का अवसर मिला है। आप समर्पित भाव से अध्ययन और राष्ट्र सेवा कर राष्ट्र को आत्मसात निर्भर बनाने में अपना योगदान दीजिए। अपने संबोधन में पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. महेश कुमार चौधरी ने कहा कि, हमारे महाविद्यालय की उपलब्धियों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और कौशल का परचम लहराकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में पूर्व स्वयंसेवक अमरजीत कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में रहकर हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। द उम्मीद संस्था की स्थापना राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर ही कर पाया। इसका परिणाम है आज हम निस्वार्थ भाव से समाज एवं राष्ट्र सेवा में लगे हुए हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -01 एवं इकाई -02 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कविता रावत एवं डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ रोहित प्रकाश, डॉ श्वेता दुबे, योगेंद्र राय, शशिशेखर प्रसाद यादव आदि ने भी अपनेझअपने विचार व्यक्त किए। मौके पर नथुनी यादव, रामधनी, आशुतोष कुमार, आदेश कुमार, हरि माधव, रौशन कुमार, प्रियंका कुमारी, राम कुमार, अंजलि कुमारी, स्मृति कुमारी, रौशन कुमार, साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी, कुमकुम कुमारी, अनुराज कुमार, अनुप्रिया कुमारी समेत कई स्वयंसेवक झ स्वयंसेविका उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेनीपट्टी में ग्रामीण कार्य एवं पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश

**बेनीपट्टी/एनएसबी।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में सोमवार को अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग के तकनीकी पदाधिकारियों के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में सबसे पहले ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रखंडवार एवं योजनावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी के संबंध में संबंधित सहायक अभियंताओं ने जानकारी दी। इस पर एसडीओ ने सभी तकनीकी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो संबंधित विभाग से पत्राचार कर उसका शीघ्र समाधान कराया जाए।एसडीओ ने कार्यपालक अभियंता के माध्यम से संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। वहीं पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान संबंधित कनीय अभियंताओं से सड़कों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। अभियंताओं ने मधुबनी डिवीजन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों की स्थिति एवं प्रगति से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता विजय प्रकाश, महेंद्र कुमार एवं चुन्नु कुमार, कनीय अभियंता श्रवण कुमार सिंह, पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता विनोद कुमार यादव, जितेंद्र कुमार एवं अजय कुमार सहित ग्रामीण कार्य विभाग के तकनीकी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



### 40 व्यक्तियों की सुनी गई समस्याएं, हुई त्वरित करवाई

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई का आयोजन किया । इस दौरान कुल 40 व्यक्तियों की समस्याओं को सुना गया एवं आवेदकों के समस्या का त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,अंचल पुलिस निरीक्षक,थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया । आम नागरिकों की समस्याओं को त्वरित निदान करने के लिए निर्देश दिया गया!



### प्राथमिक विद्यालय परसा में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय विद्यालय परसा के सभागार में शनिवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे नीरज चौपाल, विकास चौपाल, नीरज पासवान, रितु कुमारी, प्रिंस कुमार, राखी कुमारी, गौतम कुमार, दिलीप कुमार, प्रवेश कुमारी, सुजीत कुमार शामिल है. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए श्रवण शाह एव मुन्नी कुमारी, अनिता कुमारी एवं मंजू कुमारी का चयन किया. प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.




### नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया स 13 जुलाई से पुनः शुरू : एसडीओ

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बिहार सरकार की घोषणा के आलोक में नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया सोमवार की शाम से पुनः शुरू हो गई। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों एवं जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से नए राशन कार्ड के आवेदन के लिए पोर्टल बंद था, जिसे सोमवार की शाम से पुनः खोल दिया गया है। सरकार द्वारा सभी प्रखंडों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा पात्र परिवारों को मिशन मोड में राशन कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने सभी जनवितरण विक्रेताओं से अपने-अपने पंचायत एवं गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन कार्ड से वंचित न रह जाए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी जरूरतमंद परिवारों को आवेदन कराने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। एसडीओ ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र के लिए वार्षिक आय ₹1.20 लाख से कम तथा शहरी क्षेत्र के लिए ₹2.40 लाख से कम), जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार का सामूहिक फोटो एवं बैंक पासबुक की प्रति आवश्यक होगी। बैठक में एडीएसओ राज कुमार झा, एमओ रोहित रंजन, श्रीकांत कुमार, कौशल कुमार, चारों प्रखंडों के जनवितरण विक्रेता संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य जनवितरण विक्रेता उपस्थित रहे।



### जागरूक पीढ़ी ही सुरक्षित पर्यावरण का आधार बनेगी: डीपीओ आनंद अंकित

**स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर विद्यार्थियों ने रखे प्रभावशाली विचार, नदियों की निर्मलता का लिया संकल्प, निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति 'नमामि गंगे', मधुबनी एवं नगर निगम, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सहुआ में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता में ज्योति कुमारी ने प्रथम, सईदन बानो ने द्वितीय तथा करण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मीनाक्षी कुमारी एवं प्रशांत कुमार ने क्रमशः चतुर्थ एवं पंचम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति 'नमामि गंगे', मधुबनी के डीपीओ आनंद अंकित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नदियों की निर्मलता, अविरलता एवं पवित्रता बनाए रखने तथा स्वच्छता अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करती हैं।



# मधुबनी पुलिस ने अवैध कोडीन सिरप व विदेशी मुद्रा तस्करी का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**मधुबनी,(एनएसबी)।**मधुबनी पुलिस ने अवैध कोडीनयुक्त सिरप और विदेशी मुद्रा के कारोबार का बड़ा खुलासा करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से कुल 19.9 लीटर कोडीनयुक्त सिरप, 11.42 लाख नेपाली रुपये, 750 नकली नेपाली रुपये, 5.13 लाख भारतीय रुपये, सऊदी अरब की 6 रियाल, यूएई का 5 दिरहम, तीन मोबाइल फोन तथा अन्य सामान बरामद किया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 12 जुलाई की रात लदनियां थाना पुलिस विशेष छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से कोडीनयुक्त सिरप लेकर ग्राम ठाढ़ी से कड़हरवा होते हुए गाढ़ा की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कड़हरवा-दरोगा चापी सड़क पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया।



जानकारी देते एसपी योगेंद्र कुमार

गिरफ्तार आरोपी की पहचान ब्रह्मदेव कुमार राम के रूप में हुई। उसके कब्जे से 19 लीटर कोडीनयुक्त सिरप और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह खाजेडीह चौक स्थित बब्लू मेडिकल हॉल से कोडीनयुक्त सिरप खरीदकर नेपाल सीमा क्षेत्र में बेचता था। उसने यह भी बताया कि पिपराही निवासी शंभू प्रसाद साह के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार में निवेश और मुनाफे का बंटवारा किया जाता था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने खाजेडीह चौक स्थित बब्लू मेडिकल हॉल में छापेमारी कर बब्लू कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया। दुकान की तलाशी में 0.9 लीटर कोडीनयुक्त सिरप, एक मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में बब्लू ने स्वीकार किया कि वह अपने भाई के साथ मेडिकल हॉल चलाने के साथ-साथ कोडीनयुक्त सिरप की अवैध खरीद-बिक्री भी करता था। इसके बाद पुलिस ने पिपराही स्थित शंभू प्रसाद साह की दुकान पर छापा मारा, जहां से 11,42,100 नेपाली रुपये, 750 नकली नेपाली रुपये, 5,13,101 भारतीय रुपये, सऊदी अरब की 6 रियाल, यूएई का 5 दिरहम तथा एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने शंभू प्रसाद साह को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी ने बताया कि इस पूरे नेटवर्क के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज की जांच की जा रही है। मामले में लदनियां थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

## शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए निर्दोष

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत आयोजित 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं तक सरल पहुंच उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन एवं जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की इसी क्रम में विष्णु देव यादव मधुबनी निवासी ने भाया बिस्फी कमतौल नई रेलवे लाइन सर्वे निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने के संबंध में आवेदन दिया। वही दुर्गेश प्रधान के द्वारा कार्यक्रम में लगाए गए टेंट शामियान और अस्थाई विद्युतीकरण का कार्य करने के उपरांत भुगतान नहीं होने को लेकर शिकायत किया। श्रीमती रेखा कुमारी महिला पर्यवेक्षिका 90 किलोमीटर दूर स्थानांतरण से परेशानी को लेकर स्थानांतरण में संशोधन करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया।मधुबनी नगर वासियों के द्वारा कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए इंजीनियर कृष्ण भूषण कुमार जी कार्यपालक सहायक सुल्तानगंज के लिए सम्मान एवं उचित न्याय हेतु सामूहिक प्रार्थना पत्र दिया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित रहे तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। यह व्यवस्था पूर्णत ऑनलाइन है तथा प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर किया जाना अनिवार्य है। नागरिक घर बैठे ही पोर्टल पर अपनी शिकायत अथवा समस्या दर्ज करा सकते हैं।जिलाधिकारी ने आमजनों से सहयोग शिविर एवं सेवा-संवाद-समाधान जैसी जनहितकारी व्यवस्थाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।



डीएम शिकायत सुनते

## जयनगर एसएसबी में संदीक्षा महिला सदस्याओं के लिए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण आयोजित

**जयनगर (एनएसबी)।** 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर के वाहिनी मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संदीक्षा महिला सदस्याओं के लिए ब्यूटीशियन क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदीक्षा से जुड़ी महिला सदस्याओं और महिला कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न सौंदर्य एवं ग्रूमिंग तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट राजेंद्र कुमार, उप कमांडेंट एवं संदीक्षा अधिकारी विमल कुमार तथा उप कमांडेंट अमरनाथ गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कमांडेंट राजेंद्र कुमार ने कहा कि आज के समय में कौशल विकास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने और इसे स्वरोजगार एवं आत्मविश्वास से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण का संचालन आरक्षी (नाई) (महिला) सोमा दास द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्किन केयर, हेयर केयर, फेशियल, बेसिक मेकअप, पर्सनल ग्रूमिंग तथा दैनिक सौंदर्य देखभाल से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सौंदर्य तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्यावहारिक अभ्यास कर अपनी रुचि एवं सहभागिता का परिचय दिया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 26 संदीक्षा महिला सदस्याओं एवं 06 महिला कार्मिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन्हें नई जानकारी प्राप्त हुई है, जो भविष्य में व्यक्तिगत उपयोग के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में भी सहायक सिद्ध हो सकती है।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और सक्रिय सहभागिता की सराहना की। 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर द्वारा समय-समय पर महिलाओं के लिए ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। वाहिनी प्रशासन का कहना है कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।



कार्यक्रम उपस्थित

### एनएच-27 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सिजौलिया गाड़ाटोल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (एनएच-27) पर बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच, दरभंगा रेफर कर दिया।मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मुद्दीनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीनेपुर निवासी अशोक राय (36 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान अररिया जिले के अररिया संग्राम थाना क्षेत्र के चनौरागंज निवासी गंगाराम पासवान (50 वर्ष) के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति देर रात बाइक से चनौरागंज जा रहे थे। इसी दौरान सिजौलिया गाड़ाटोल के समीप एनएच-27 पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही फुलपरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़े दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद अशोक राय को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल गंगाराम पासवान की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच, दरभंगा रेफर कर दिया गया।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

### एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की जिले में उपलब्धता सामान्य एवं नियंत्रित

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले भर में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक ससमय गैस उपलब्ध हो सके।आंकड़ों के अनुसार कुल 14 हजार 828 एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गई है।शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश है!जिला प्रशासन ने जिले के सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया है कि शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है।

## लंबित विकास योजनाओं में तेजी लाकर ससमय पूर्ण करने हेतु जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने दिए निर्देश

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण कार्य विभाग, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन एवं अन्य विकास योजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिले में संचालित सड़क, पुल, पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास योजनाओं तथा अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में कार्य प्रगति धीमी है अथवा निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन हुआ है, उनमें तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अनेक परियोजनाएं भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत पोल स्थानांतरण, एनओसी की अनुपलब्धता तथा संवेदकों की धीमी प्रगति के कारण लंबित हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर इन बाधाओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में विशेष रूप से समय-सीमा पार कर चुकी सड़क एवं पुल निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिन परियोजनाओं में संवेदकों द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है, उनमें अनुबंध की शर्तों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन मामलों में संशोधित कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है,उनके अनुरूप निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवनों, कब्रिस्तान एवं मंदिर घेराबंदी तथा महादलित विकास मिशन से संबंधित लंबित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में भूमि विवाद, न्यायालयीन वाद अथवा प्रशासनिक अड़चनें हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक कार्य प्रमंडल साप्ताहिक प्रगति की नियमित समीक्षा करे तथा लंबित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए। गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य निष्पादन सुनिश्चित करते हुए जनता को योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।

## 13 अगस्त तक 60,994 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य हर हाल में पूरा करें: जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा, भा.प्र.से. की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में नए राशन कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिले को प्राप्त 60,994 नए राशन कार्ड निर्माण के लक्ष्य को 13 अगस्त 2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड को निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र के प्रखंडों की नियमित समीक्षा करें तथा पंचायतवार लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। आवश्यकता पड़ने पर कार्यपालक सहायकों की सेवाएं भी इस कार्य में ली जाएं। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि महादलित टोला एवं मोहल्लों में छूटे हुए पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें राशन कार्ड हेतु आवेदन कराने में विशेष अभियान चलाया जाए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी स्थानीय वसुधा केंद्र/सीएससी संचालकों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आवेदन सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों का आकस्मिक अवकाश स्थगित रहेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में ही सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। ज़िलाधिकारी ने निदेश दिया कि आवेदन प्राप्त होने के समय आवश्यक दस्तावेजों—जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र आदि—की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। सभी अनुमंडल पदाधिकारी प्रतिदिन शाम 5 बजे तक प्रगति प्रतिवेदन जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के सहयोग से पात्र वंचित परिवारों तक अभियान की जानकारी पहुंचाते हुए अधिकाधिक आवेदन प्राप्त करें तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करें।



जिलाधिकारी।

# मुजफ्फरपुर जिले में एक महीने के भीतर बनेंगे 86,175 नए पीडीएस राशन कार्ड

## 13 अगस्त तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश, पुराने ऑनलाइन और ऑफलाइन पोर्टल बंद

**मुजफ्फरपुर(दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार की घोषणा के बाद मुजफ्फरपुर जिले में नए राशन कार्ड बनाने का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। राज्य के मुख्य सचिव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कैंप मोड में नए राशन कार्ड जारी करने का लक्ष्य तय किया।

बैठक में बताया गया कि राशन कार्ड से संबंधित पुराने ऑनलाइन और ऑफलाइन पोर्टल बंद कर दिए गए हैं। अब नए आवेदन और उनके निष्पादन की पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के स्मार्ट-पीडीएस के आरसीएमएस मॉड्यूल के माध्यम से की जाएगी। मुजफ्फरपुर जिले को 86,175 नए राशन कार्ड जारी करने का लक्ष्य दिया गया है।

इसके लिए प्रतिदिन 2,873 आवेदन का निष्पादन करना होगा। यह लक्ष्य 13 अगस्त 2026 तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान में जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 10,96,700 राशन कार्डधारी हैं, जबकि 41,20,221 लाभार्थी इस योजना का लाभ ले रहे हैं।


राशन कार्ड बनाने के मामले को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

मुख्य सचिव की बैठक के पश्चात सोमवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त कर उनकी नियमानुसार जांच कर समय पर राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित दैनिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

**नए आवेदन और उनके निष्पादन की पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के स्मार्ट-पीडीएस के आरसीएमएस मॉड्यूल के माध्यम से होंगी**

जिला प्रशासन ने अपील की है कि जो पात्र परिवार अबतक राशन कार्ड से वंचित हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने पंचायत में आयोजित विशेष शिविर, प्रखंड कार्यालय या ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में 18 वर्षीय मरीज की मौत के बाद हंगामा

**परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया**

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** शहर के जुरन छपरा रोड नंबर-3 स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सोमवार को 18 वर्षीय एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत बिगड़ने के बावजूद समय पर उचित इलाज नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन ने अपनी कथित लापरवाही छिपाने के लिए बाउंसरों की मदद से उन्हें जबरन अस्पताल से बाहर निकाल दिया, जिससे उनका आक्रोश और बढ़ गया।

हंगामे की सूचना मिलते ही ब्रह्मपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने परिजनों और अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।


रोते बिलखते मृतक मरीज के परिजन।

फिलहाल अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### निबंधन कार्यालय में सर्वर फेल, घंटों ठप रही जमीन रजिस्ट्री, ऑफलाइन व्यवस्था से शुरू हुआ काम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिला निबंधन कार्यालय में सोमवार को आधार लिंक ई-केवाईसी सिस्टम में तकनीकी खराबी आने से जमीन रजिस्ट्री का कार्य कई घंटों तक पूरी तरह ठप रहा। सर्वर फेल होने के कारण रजिस्ट्री कराने पहुंचे क्रेता, विक्रेता, गवाह और पहचानकताओं की निबंधन कार्यालय मे लगी भीड़ को भारी


ऑनलाइन व्यवस्था ठप होने से निबंधन कार्यालय में लगी लोगो की भीड़।

परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही कार्यालय परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और काम बाधित रहने से नाराजगी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, आधार लिंक ई-केवाईसी सर्वर डाउन होने से सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। इसके चलते दोपहर तक एक भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। दूर-दराज से पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे कई लोगों ने अपनी नाराजगी भी जताई और जल्द व्यवस्था बहाल करने की मांग की। स्थिति को देखते हुए जिला अवर निबंधक मनीष कुमार ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था लागू कराई। उन्होंने ई-केवाईसी के स्थान पर विशेष ऑफलाइन सत्यापन फॉर्म उपलब्ध कराया, जिसके माध्यम से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया दोबारा शुरू कराई गई। जिला अवर निबंधक मनीष कुमार ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण आधार लिंक ई-केवाईसी सिस्टम काम नहीं कर रहा था। आम लोगों को असुविधा से बचाने के लिए ऑफलाइन सत्यापन की व्यवस्था की गई, जिसके बाद जमीन रजिस्ट्री का कार्य फिर से शुरू कर दिया गया। हालांकि, कुछ घंटों तक काम ठप रहने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई आवेदकों ने मांग की कि भविष्य में ऐसी तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद न हो।

### धुएं से भरे दुर्घटनाग्रस्त ऑटो में फंसे मासूम बच्चे चीखते रहे और लोग बचाते रहे साउंड सिस्टम, पुलिस ने बचाई बच्चे की जान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर के सदर अस्पताल गेट के समीप सोमवार को इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। जेनरेटर और साउंड सिस्टम से लदा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गया। हादसे के बाद जेनरेटर से चिंगारी निकलने लगी और कुछ ही देर में ऑटो काले धुएं से भर गया। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि ऑटो के अंदर दो मासूम बच्चे फंसे थे और मदद के लिए चीख रहे थे, जबकि मौके पर मौजूद कुछ लोग उन्हें बचाने के बजाय ऑटो में रखे एम्पलीफायर और अन्य सामान निकालने में जुटे रहे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो पलटते ही जेनरेटर से धुआं निकलने लगा। अंदर फंसे दोनों बच्चे लगातार मदद के लिए पुकार रहे थे। लेकिन कुछ लोग बच्चों को बाहर निकालने के बजाय ऑटो में रखा महंगा साउंड सिस्टम और एम्पलीफायर निकालना शुरू कर दिया। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद कई लोग भी स्तब्ध रह गए। घटनास्थल पर मौजूद महिलाओं ने बच्चों को बचाने की गुहार लगाई। आसपास के दुकानदार भी मौके पर पहुंचे, लेकिन ऑटो से निकल रहे घने धुएं के कारण उसके करीब जाना मुश्किल हो रहा था। स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। इसी बीच


सदर अस्पताल रोड में धुंए से भरे दुर्घटनाग्रस्त ऑटो में फंसे बच्चे को निकालने को लेकर घटनास्थल पर मची अफरा तफरी।

वहां से गुजर रहे पुलिसकर्मियों और कुछ जागरूक राहगीरों ने साहस का परिचय देते हुए बिना देर किए बचाव अभियान शुरू किया। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर धुएं से भरे ऑटो के अंदर से दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि यदि बच्चों को बाहर निकालने में कुछ मिनट और देर हो जाती तो गंभीर अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद पुलिस और बहादुर राहगीरों की तत्परता की लोग सराहना कर रहे थे, जबकि बच्चों की चीखों के बीच सामान बचाने में जुटे लोगों के रवैये को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी दिखी। स्थानीय लोगो के अनुसार दोनों बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में लूटपाट या चोरी को लेकर किसी आधिकारिक प्राथमिकी या कार्रवाई की पुष्टि नहीं की है।

# कच्ची पक्की चौक पर अवैध ऑटो पार्किंग बना काल

## ऑटो की ठोकर से सड़क पर गिरे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंदा, मौके पर ही मौत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी) ।** नगर के सदर थाना क्षेत्र के कच्ची पक्की ओपी अंतर्गत कच्ची पक्की चौक पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया, जबकि स्थानीय लोगों ने अवैध ऑटो पार्किंग और प्रशासन की लापरवाही को दुर्घटना का बड़ा कारण बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मृतक की पहचान बरियारपुर ओपी क्षेत्र के गोपालपुर निवासी 30 वर्षीय बाबुल कुमार के रूप में हुई है। वह वर्तमान में कच्ची पक्की स्थित धर्मादय नगर में परिवार के साथ रह रहा था।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाबुल कुमार किसी घरेलू काम से कच्ची पक्की चौक गया था। लौटने के दौरान चौक पर अवैध रूप से खड़े एक ऑटो से उसकी बाइक की जोरदार


मृतक बाइक सवार युवक की फाइल फोटो।

टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जाता है कि बाबुल कुमार की शादी चार वर्ष पहले हुई थी। उसकी ढाई साल की एक बेटी है। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई के साथ-साथ पूरे परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि कच्ची पक्की चौक पर लंबे समय से अवैध ऑटो और अन्य वाहनों की पार्किंग होती है, जिसके कारण इस चौक पर महीने दो महीने के अंतराल में बड़ी दुर्घटना हो जा रही है।

कई बार शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस या यातायात पुलिस अधिकारी द्वारा अवैध ऑटो पड़ाव और चौक पर वेतरतिव तरिके से खडे किए गए ऑटो की भीड़ को हटाने के लिए स्थायी कार्रवाई नहीं की। लोगों का आरोप है कि किसी बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिनों तक अभियान चलाया जाता है, लेकिन बाद में हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। घटना को लेकर आक्रोशित स्थानीय नागरिकों ने कच्ची पक्की चौक से अवैध पार्किंग हटाने, नियमित ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# मुजफ्फरपुर में फिर मिला एईएस का मरीज

## पांच वर्षीय मासूम गंभीर हालत में एसकेएमसीएच रेफर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मौसम में अचानक आए बदलाव और तापमान में भारी उतार-चढ़ाव के बीच जिले में एक बार फिर चमकी बुखार/एईएस का खतरा बढ़ने लगा है। मुशहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में चमकी बुखार के लक्षणों से पीड़ित पांच वर्षीय एक बच्चे को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बीमार बच्चे की पहचान मुशहरी गांव निवासी प्रमोद मांझी के पुत्र 5 वर्षीय रंजन कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बच्चे को पूरी तरह बेहोशी की हालत में पीएचसी लाया गया था। उसके मुंह से लगातार झाग निकल रहा था और पूरे शरीर में तेज ऐंठन व झटके आ रहे थे। वही मुशहरी पिएचसी में पदस्थापित डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चे का तत्काल उपचार शुरू किया। जांच में बच्चे में चमकी बुखार (एईएस) के स्पष्ट लक्षण पाए गए। स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने बिना देर किए विशेष एम्बुलेंस से उसे एसकेएमसीएच भेज दिया। बच्चे की मां रिंकू देवी ने बताया कि रंजन को अचानक तेज बुखार आया था। घर पर सामान्य दवा देने के बावजूद उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। रविवार दोपहर करीब तीन बजे वह अचानक बेहोश हो गया और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। इसके बाद घबराए परिजन ग्रामीणों की मदद से उसे मुशहरी पीएचसी लेकर पहुंचे। वही

चिकित्सकों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों में तेज बुखार, बेहोशी, शरीर में झटके, ऐंठन या मुंह से झाग आने जैसे लक्षण दिखाई दें तो किसी भी तरह की लापरवाही न करें। ऐसे मामलों में



गंभीर हालत में बच्चे को मुशहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से एसकेएमसीएच ले जाते परिजन।

तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर इलाज शुरू कराना जरूरी है, क्योंकि समय पर उपचार मिलने से बच्चे की जान बचाई जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग भी एईएस को लेकर सतर्क है और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में बदलाव के दौरान छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने और किसी भी गंभीर लक्षण को नजरअंदाज नहीं करने की आवश्यकता है।

# निलंबित बीडीओ के मोबाइल से महिला दारोगा के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें मिलने का दावा

**पत्नी की संदिग्ध मौत मामला**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पत्नी की कथित दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार दरभंगा जिले के जाले के निलंबित बीडीओ मनोज कुमार और बेगूसराय की निलंबित महिला दारोगा अनु कुमारी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। पुलिस जांच के दौरान बीडीओ के जब्त मोबाइल फोन से महिला दारोगा के साथ कई सेल्फी और कथित आपत्तिजनक तस्वीरें मिलने का दावा किया गया है। पुलिस का कहना है कि इन तस्वीरों को केस में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

जांच अधिकारियों के अनुसार मोबाइल की पड़ताल में दोनों के बीच लगातार संपर्क के भी संकेत मिले हैं। पुलिस का दावा है कि महिला दारोगा छुट्टी लेकर अक्सर बीडीओ के साथ बाहर जाती थी और दोनों के बीच देर रात तक मोबाइल पर लंबी बातचीत होती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि महिला दारोगा के साथ संबंधों के कारण बीडीओ अपनी पत्नी के साथ मारपीट और प्रताड़ना करता था। हालांकि इन तथ्यों की पुष्टि अभी पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। इस मामले में बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक ने महिला दारोगा अनु कुमारी को निलंबित कर दिया है। वहीं, जाले के बीडीओ मनोज कुमार को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। महिला दारोगा को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में अदालत के आदेश पर पीआर बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। इधर, पुलिस ने बीडीओ के परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ भी कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार


जाले बीडीओ की पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध मौत मामला से संबंधित फोटो।

को उनकी गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन सभी आरोपी फरार मिले। पुलिस ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए अदालत से वारंट जारी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

ज्ञात हो कि तीन जुलाई की रात मिठनपुरा थाना क्षेत्र के कन्हौली इलाके में बीडीओ की पत्नी अमृता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है और मौत के वास्तविक कारण का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मिठनपुरा पुलिस जब्त मोबाइल फोन की डिजिटल जांच के साथ अन्य साक्ष्य भी जुटा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुजफ्फरपुर में तत्काल टिकट फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** रेलवे के तत्काल टिकट में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि दूसरे राज्यों के रेलवे स्टेशनों से तत्काल टिकट जारी दिखाकर बिहार के विभिन्न जिलों के यात्रियों के नाम पर टिकट काटे जा रहे थे। इन टिकटों की प्रिंटिंग अधिकृत रेलवे काउंटर के बजाय दूसरी जगहों पर कर दो से तीन गुना अधिक कीमत वसूलकर यात्रियों को बेचा जा रहा था। शुक्रवार को पवन एक्सप्रेस के एसी कोच में दो तत्काल टिकट पर यात्रा कर रहे आठ यात्रियों के पकड़े जाने के बाद इस संगठित गिरोह का खुलासा हुआ।

जांच में यह भी सामने आया कि टिकट रेलवे के अधिकृत काउंटर से प्रिंट नहीं किए गए थे। इसके बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि टिकट प्रिंट करने के लिए इस्तेमाल होने वाले विशेष कागज कहां से उपलब्ध कराए गए। बिहार के प्रमुख स्टेशनों से मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसी ट्रेनों में तत्काल टिकट की भारी मांग का फायदा उठाकर जालसाज लंबे समय से इस धंधे को अंजाम दे रहे हैं। जांच एजेंसियों को इस पूरे मामले में कुछ रेलकर्मियों की भूमिका पर भी संदेह है।

समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा को मिले खुफिया इनपुट के बाद विशेष जांच अभियान शुरू किया गया। तीन दिनों के भीतर दो बड़े मामले सामने आए है। पहले समस्तीपुर स्टेशन पर पवन एक्सप्रेस से दो महिला और दो पुरुष संदिग्ध टिकट के साथ पकड़े गए। इसके बाद शुक्रवार को उसी ट्रेन में आठ और यात्री टेंपरिंग किए गए तत्काल टिकट पर सफर करते मिले।



यात्रियों से जब्त किया गया टेंपरिंग किए गए तत्काल टिकट।

इससे साफ हो गया कि यह किसी एक दलाल का नहीं, बल्कि कई राज्यों में फैले एक बड़े नेटवर्क का काम है। समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में यह मामला सामने आने के बाद इसकी सूचना सोनपुर रेल मंडल को दी गई। इस दौरान टीटीई राकेश सिंह को कुछ टिकट संदिग्ध लगे, जिसके बाद सहायक वाणिज्य प्रबंधक नीरज कुमार भी मौके पर पहुंचे। जांच में बी-2 और बी-4 एसी कोच में यात्रा कर रहे आठ यात्रियों के टिकटों में गंभीर गड़बड़ी मिली। टिकट महाराष्ट्र के पूर्णा और तेलंगाना के सिद्धपेट स्टेशन से जारी दिखाए गए थे, लेकिन उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से मंगवाकर दरभंगा में बैठे जालसाजों ने प्रिंट किया और यात्रियों को अधिक कीमत लेकर बेच दिया।

सभी संदिग्ध टिकट और यात्रियों के मोबाइल जब्त कर आरपीएफ हाजीपुर को सौंप दिए गए। इसके बाद मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत जीआरपी को सौंपा गया। जीआरपी हाजीपुर के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की पूछताछ में पता चला कि कुछ टिकटों पर झारखंड के टोरी स्टेशन का नाम अंकित था, जबकि कई टिकटों से जारीकर्ता स्टेशन का नाम पूरी तरह हटा दिया गया था, ताकि जांच एजेंसियां असली स्रोत

**दूसरे राज्यों के रेलवे स्टेशनों से तत्काल टिकट जारी दिखाकर बिहार के विभिन्न जिलों के यात्रियों के नाम पर टिकट काटे जा रहे, कई राज्यों में फैला जालसाजों का नेटवर्क**

तक नहीं पहुंच सकें। पहली नजर में ये टिकट पूरी तरह असली प्रतीत होते थे और सामान्य जांच में इनकी पहचान करना लगभग असंभव था। पवन एक्सप्रेस में पकड़े गए टेंपरिंग किए गए टिकटों के मामले में चार लोगों के खिलाफ हाजीपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो टिकटों पर चार महिला और चार पुरुष यात्रा कर रहे थे। जांच के बाद महिलाओं को निर्दोष मानते हुए थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया, जबकि पुरुष आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुजफ्फरपुर रेल एसपी बीणा कुमारी ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इस फर्जीवाड़े में शामिल नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस रैकेट में रेलवे के किसी कर्मचारी की संलिप्तता तो नहीं है।

# जून–2026 की राजस्व रैंकिंग में सीतामढ़ी जिले का राज्य में प्रथम स्थान

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जून–2026 माह की राज्यस्तरीय रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें राजस्व संबंधित कार्यों के निष्पादन में सीतामढ़ी जिला को उल्लेखनीय एवं अप्रत्याशित सफलता प्राप्त हुई है। राजस्व कार्य निष्पादन में सीतामढ़ी जिला राज्य में प्रथम स्थान पर कायम रहा है। जिलावार रैंकिंग में राजस्व संबंधी कार्यों के समग्र निष्पादन के आधार पर सीतामढ़ी जिला को पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिले को कुल 61.40 अंक प्राप्त हुए हैं। यह रैंकिंग राज्य के सभी जिलों में निम्नलिखित मानकों के आधार पर जारी की गई है।

सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अभियान बसेरा 2 आधार सीडिंग स्टेटस, अपर समाहर्ता कोर्ट में निष्पादन, डीसीएलआर कोर्ट में निष्पादन, जिलाधिकारी न्यायालय में मामलों का निष्पादन तथा अन्य निर्धारित राजस्व मानक। निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी कार्य निष्पादन एवं लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के कारण जिला को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। एडीएम पीओपी रैंकिंग में अपर समाहर्ता (राजस्व) को राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग में सीतामढ़ी के अपर समाहर्ता (राजस्व) संजीव कुमार को 58.88 अंक के साथ पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

यह उपलब्धि सुपरविजन ऑफ म्यूटेशन, सुपरविजन ऑफ परिमार्जन प्लस, अंचल अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण, अभियान बसेराझ2, म्यूटेशन रिवीजन, जमाबंदी कलेक्शन तथा अन्य राजस्व कार्यों में अपेक्षित एवं प्रभावी प्रदर्शन के कारण संभव हो सका है। वही



जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया उपलब्धियों से संबंधित फोटो।

बेलसंड के भूमि सुधार उप समाहर्ता को राज्य में प्रथम स्थान, पुपरी डीसीएलआर को आठवां तथा सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को पूरे राज्य में 12 वाँ स्थान मिला है।

जून 2026 की ही पीओपी रैंकिंग में कुल 69.48 अंक प्राप्त कर भूमि सुधार उप समाहर्ता, बेलसंड को राजस्व कार्यों के निष्पादन में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि अनुमंडल स्तर पर राजस्व प्रशासन की कार्य कुशलता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वही डीसीएलआर पुपरी को आठवां एवं सीतामढ़ी सदर डीसीएलआर को 12 वां स्थान मिला है। वहीं बैरगनिया अंचल को राजस्व कार्यो के निष्पादन में पूरे राज्य में प्रथम स्थान जबकि सोनबरसा अंचल को दूसरा, सुप्पी को छठा, चुरौत को 8वां तथा परिहार को 12 वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी सीतामढ़ी रिची पांडेय ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व प्रशासन आमजन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ विभाग है। पारदर्शिता, समयबद्धता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना हमारी प्राथमिकता है। यह उपलब्धि राजस्व टीम, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, अंचल अधिकारियों एवं सभी संबंधित कर्मियों के समन्वित एवं सतत प्रयास का परिणाम है। आने वाले महीनों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्यो में और अधिक गति लाई जाएगी तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी है तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन बनाए रखने का आह्वान किया है।

**राजस्व राज्य में तीसरे स्थान पर, बेलसंड डीसीएलआर को प्रथम स्थान, पुपरी डीसीएलआर को आठवां एवं सीतामढ़ी सदर को मिला 12 वाँ स्थान, बैरगनिया अंचल को भी राज्य में प्रथम स्थान तथा सोनबरसा को दूसरा स्थान**

## 26 पंचायतों में हर 15 दिन पर होगी दिव्यांगों की बैठक

**औराई (एनएसबी)।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा-72 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश शंकर झा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में दिव्यांगजनों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं के लाभ एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर चर्चा की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी संघ ने 20 सूत्री मांगपत्र सौंपा, जिस पर बीडीओ ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। सबसे अहम निर्णय यह लिया गया कि औराई प्रखंड की सभी 26 पंचायतों में प्रत्येक 15 दिन पर पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित होगी। इसमें मुखिया, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, विकास मित्र एवं संबंधित विभागों के कर्मी दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान के लिए कार्रवाई करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टेट पेंटाथलॉन चैंपियनशिप में पुपरी के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया

**पुपरी/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनाँक 11 एवं 12 जुलाई को राजधानी पटना के लगुन वॉटर पार्क एवं रिसार्ट में आयोजित दूसरी बिहार स्टेट मॉडर्न पेंटाथलॉन ट्रायथल/बीएथल चैंपियनशिप में पुपरी के खिलाड़ियों ने सीतामढ़ी जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने बेहतर खेल प्रदर्शन की बदौलत जीत का परचम लहरा दिया है। 13 वर्ष आयुवर्ग में पुपरी के नवोदित खिलाड़ी कार्तिक कुमार ने गोल्ड, 15 वर्ष आयुवर्ग में अंशु कुमार ने सिल्वर व प्रियांशु कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा जमा कर पुपरी के साथ-साथ सीतामढ़ी जिले को भी गौरान्वित किया है। पेंटाथलॉन शारीरिक सौष्ठव का खेल है जिसमें दौड़, तैराकी एवं पिस्टल शूटिंग जैसे कठिन इवेंट शामिल हैं। प्रतिभागी को लगातार तीनों इवेंट में प्रतिभागिता दर्ज करानी होती है जो अत्यंत ही कठिन होती है। खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर अन्य खिलाड़ियों तथा खेलप्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही सभी ने तीनों विजेताओं तथा टीम प्रबंधक नागेश्वर कुमार को बधाई व शुभकामनायें दी है। राजबाग युवा संस्थान, पुपरी के संस्थापक अतुल कुमार, संरक्षक मो शाकिर हुसैन, मो सईद, मो शेरे अली, विकास कुमार, लखिन्द्र कुमार ठाकुर, अनुभव कुमार कर्ण, नीलेश कुमार, रौनक कुमार ठाकुर, सागर कुमार, राजकुमार ठाकुर, गौरव कुमार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।



दूसरी बिहार स्टेट मॉडर्न पेंटाथलॉन ट्रायथल/बीएथल चैंपियनशिप में मेडल जितने वाले पुपरी के खिलाडी गण।

**कार्तिक ने गोल्ड, अंशु ने सिल्वर व प्रियांशु ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया**

### औराई में नए अंचलाधिकारी धीरज कुमार ने संभाला पदभार, बाढ़ से सुरक्षा और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को बताया प्राथमिकता

**औराई(एनएसबी)।** औराई अंचल कार्यालय में सोमवार को नवनियुक्त अंचलाधिकारी धीरज कुमार ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जानमाल की क्षति रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए बाढ़ पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। आम जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी तरीके से समाधान करना उनकी कार्यशैली की प्राथमिकता रहेगी। गौरतलब है कि पूर्व अंचलाधिकारी गौतम कुमार का तबादला मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर अंचल में कर दिया गया है। वहीं, सुपौल जिले के सरायगढ़ भपटियाही अंचल से स्थानांतरित होकर आए धीरज कुमार ने औराई अंचलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने उनसे बेहतर प्रशासनिक कार्यों एवं जनहित में प्रभावी पहल की उम्मीद जताई है।



पदभार संभालने के बाद लोगो की समस्याओं को सुनते अंचलाधिकारी।

### दस मिनट के लिए 11 सौ रुपए के पेंशनधारी बुजुर्ग बने अरबपति, खाते में दिखे 7.59 अरब रुपये फिर दस मिनट बाद बैलेंस हुआ शून्य

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सकरा प्रखंड स्थित सिहो सीएसपी में ग्यारह सौ रुपए वृद्धावस्था पेंशन की राशि निकालने पहुंचे 82 वर्षीय कामेश्वर मिश्र और उनके दिव्यांग बेटे के बैंक खातों में अचानक 7.59 अरब रुपये का बैलेंस दिखाई देने लगा। हालांकि, महज 10 मिनट बाद खाते का बैलेंस फिर शून्य हो गया। प्रारंभिक तौर पर इसे बैंकिंग सिस्टम की तकनीकी गड़बड़ी माना जा रहा है। नवादा, गया और समस्तीपुर के बाद अब मुजफ्फरपुर में इस तरह का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, थतिया सीहो गांव निवासी कामेश्वर मिश्र उर्फ घुमक्कड़ अपने दिव्यांग बेटे के साथ गांव के ग्राहक सेवा केंद्र पर वृद्धावस्था और दिव्यांग पेंशन निकालने पहुंचे थे।

कामेश्वर मिश्र ने 1,100 रुपये की पेंशन निकाली, जबकि उनके दिव्यांग बेटे ने भी अपनी पेंशन की राशि प्राप्त की। इसके बाद जब दोनों ने खाते का बैलेंस चेक कराया तो स्क्रीन पर करीब 7,59,69,51,951 रुपये (लगभग 7.59 अरब रुपये) दिखाई दिए। अपने और अपने बेटे के खाता में इतनी बड़ी रकम देखकर न केवल कामेश्वर मिश्र और उनके बेटे, बल्कि सीएसपी संचालक और वहां मौजूद अन्य लोग भी हैरान रह गए। कुछ मिनट तक सभी स्क्रीन पर दिखाई दे रहे अंकों को गिनते रहे और समझने की कोशिश करते रहे कि आखिर यह राशि कैसे दिखाई दे रही है। बताया जाता है कि सीएसपी संचालक ने खाते से कुछ राशि निकालने का प्रयास भी किया, लेकिन हर बार तकनीकी कारणों से ट्रांजैक्शन विफल हो गया। करीब 10 मिनट बाद दोबारा बैलेंस चेक करने पर खाते में दिख रही पूरी राशि गायब हो गई और बैलेंस शून्य नजर आया।

कामेश्वर मिश्र ने बताया कि खाते में इतनी बड़ी रकम देखकर उन्हें लगा कि शायद अब उनकी आर्थिक परेशानियां खत्म हो जाएंगी, लेकिन कुछ ही मिनटों में उनकी उम्मीद टूट गई। उन्होंने बैंक से पूरे मामले की जांच कर सही स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। वहीं प्राथमिक जांच में इसे बैंकिंग सिस्टम या सर्वर की तकनीकी गड़बड़ी माना जा रहा है। हालांकि, बैंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह अनोखी घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बाल संरक्षण मामले में डीएम की सख्त पहल

## त्रिस्तरीय जांच रिपोर्ट के आधार पर सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों पर कार्रवाई की अनुशंसा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बाल संरक्षण से जुड़े एक अत्यंत संवेदनशील मामले में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने गंभीरता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए त्रिस्तरीय जांच रिपोर्ट के आधार पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी), सीतामढ़ी के अध्यक्ष एवं सदस्यों की कार्यप्रणाली में पाई गई गंभीर अनियमितताओं एवं लापरवाही को रेखांकित करते हुए समाज कल्याण विभाग को उनके विरुद्ध कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई की अनुशंसा की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में एक नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा मुक्त कराकर विधि के अनुरूप चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, सीतामढ़ी के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। समिति के आदेश पर बालिका को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया तथा बाद में उसे सिवान जिला स्थित आश्रय गृह भेजा गया। नफीसा खातून नामक एक महिला के इस दावे पर कि वह उक्त बच्ची की मां है। बाल कल्याण समिति, सीतामढ़ी के आदेश पर उक्त बच्ची को नफीसा खातून को सुपुर्द कर दिया गया। बाद में बालिका के वास्तविक पिता द्वारा दिए गए आवेदन एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा नया कांड दर्ज किए जाने के उपरांत समिति की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठे।

इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय द्वारा एक त्रिस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया। समिति ने विस्तृत जांच कर अपना प्रतिवेदन समर्पित किया। जांच प्रतिवेदन के सूक्ष्म परीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग को भेजे गए अपने विस्तृत प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि जांच के दौरान अनेक महत्वपूर्ण तथ्यों, पीड़िता के कथनों, उपलब्ध अभिलेखों, प्राथमिकी, न्यायालय में दिए गए बयानों तथा सामाजिक जांच प्रतिवेदन के समग्र परीक्षण से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की कार्यप्रणाली में गंभीर त्रुटियां एवं लापरवाही परिलक्षित हुई हैं।

**बाल संरक्षण से समझौता नहीं, बाल तस्करी, मानव तस्करी एवं देह व्यापार से जुड़े तत्वों पर होगी कठोर कानूनी कार्रवाई : जिलाधिकारी**

जांच रिपोर्ट में यह भी इंगित किया गया है कि उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों का समुचित मूल्यांकन नहीं किया गया तथा कई महत्वपूर्ण परिस्थितियों की अपेक्षित गंभीरता से समीक्षा किए बिना निर्णय लिया गया। सामाजिक जांच प्रतिवेदन, शपथपत्र, प्रमाणपत्र एवं अन्य अभिलेखों के संबंध में भी कई गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं, जिनकी जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई अपेक्षित है।

जिलाधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत गठित संस्थाओं का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। ऐसे मामलों में कानून के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी एवं तथ्याधारित निर्णय लिया जाना अनिवार्य है। यदि किसी स्तर पर शक्तियों का दुरुपयोग, कर्तव्य की उपेक्षा अथवा बाल संरक्षण के उद्देश्य के विपरीत कार्य किया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है।

इन्हीं तथ्यों के आलोक में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, सीतामढ़ी के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों की नियुक्ति समाप्त करने तथा प्रकरण में जांच के दौरान चिन्हित अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी विधिसम्मत एवं आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

जिलाधिकारी रिची पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कर्तव्य की उपेक्षा अथवा कानून के विपरीत आचरण के प्रति जिला प्रशासन की शून्य सहिष्णुता की नीति है। भविष्य में भी ऐसे मामलों में पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीतामढ़ी के नौ प्रखंडों में खुलेंगे उच्च शिक्षा के नए द्वार अब घर के पास हीं मिलेगी डिग्री की पढ़ाई की सुविधा

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी सात निश्चय-3 (2025-30) के चतुर्थ निश्चय "उन्नत शिक्षाझउज्वल भविष्य" के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिले के नौ प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों के माध्यम से अब विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में स्नातक स्तर की पढ़ाई का अवसर उपलब्ध होगा। इस योजना के तहत बाजपट्टी, बोखरा, चोरौत, मेजरगंज, नानपुर, परसौनी, रुन्नीसैदपुर, सोनबरसा एवं सुप्पी प्रखंडों में स्थापित राजकीय महाविद्यालयों में डिग्री पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज्ञातव्य है कि 15 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से इन नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का ऑनलाइन (वर्चुअल मोड) में शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में

जिलाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि इन महाविद्यालयों के संचालन से जिले के हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को बड़ा लाभ मिलेगा। अब उन्हें स्नातक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। समय और धन दोनों की बचत होगी तथा छात्राएं भी सुरक्षित वातावरण में अपने घर के निकट रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नए महाविद्यालयों की स्थापना भर नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शिक्षा का दायरा प्रखंड स्तर से आगे गांवों तक मजबूत होगा तथा स्थानीय युवाओं को बेहतर भविष्य गढ़ने का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार की यह पहल उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ, समावेशी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और सीतामढ़ी जिले के शैक्षणिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।




**सात निश्चय-3 के तहत ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़ी सौगात, 15 जुलाई को मुख्यमंत्री करेंगे नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का वर्चुअल शुभारंभ**

**ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में यह राज्य सरकार का एक ऐतिहासिक कदम : जिलाधिकारी**

## कुरआन हिफ्ज करना सबसे बड़ा सौभाग्य : मौलाना कादरी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पवित्र कुरआन को पूरी तरह कंठस्थ (हिफ्ज) कर लेना अल्लाह की ओर से मिलने वाली सबसे बड़ी नेमत, सौभाग्य और कुरआन के महान चमत्कारों में से एक है। यह सम्मान केवल मेहनत से नहीं, बल्कि अल्लाह तआला की विशेष कृपा और रहमत से प्राप्त होता है। उक्त बातें मदरसा गौसिया ताहिरुल उलूम, शमशीरपुर कमा के प्रधानाध्यापक मौलाना गुफरान रजा कादरी ने रविवार को आयोजित जश्न-ए-तकमीले हिफ्ज-ए-कुरआन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मदरसा के मात्र आठ वर्षीय छात्र जिले के बाड़ा निवासी मोहम्मद मशहद रजा के पुत्र हाफिज गुलाम नबी उर्फ.अदनान ने महज डेढ़ वर्ष में पवित्र कुरआन का हिफ्ज पूरा कर अपने माता-पिता, परिवार और मदरसे का नाम गौरवान्वित किया है। इतनी कम उम्र में यह उपलब्धि अनुकरणीय है और अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।


समारोह में कुरआन के जानकार 8 वर्षीय हाफिज गुलाम नबी उर्फ. अदनान की हौसला अफजाई करते मौलाना गुफरान रजा कादरी।

मौलाना गुफरान रजा कादरी ने हाफिज गुलाम नबी, उनके माता-पिता, शिक्षकों और परिजनों को बधाई दी। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मदरसा गौसिया ताहिरुल उलूम, शमशीरपुर कमा के सभी शिक्षकों, प्रबंध समिति के सदस्यों तथा विशेष रूप से सचिव जनाब अबुल कलाम वास्ती एवं कारी नजमुद्दीन को हार्दिक बधाई दी। समारोह के समापन पर मुफ़्ती अब्दुल हादी ने विशेष दुआ कर कहा कि अल्लाह तआला इस नन्हे हाफिज-ए-कुरआन को कुरआन का सच्चा सेवक बनाए, उसे अपने माता-पिता और शिक्षकों के लिए सदका-ए-जारिया का माध्यम बनाए तथा मदरसा गौसिया ताहिरुल उलूम को ज्ञान, धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उन्नति, स्थिरता और प्रतिष्ठा प्रदान करे। इस अवसर पर मौलाना मुअज्जम, मौलाना अलाउद्दीन, मौलाना अशफाक, मौलाना अंसार, कारी गुलाम गौस, कारी सुहैल फारूकी सहित बड़ी संख्या में उलेमा-ए-कराम एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की मेधा सूची में औराई विद्यालय की दो छात्राओं का चयन

**औराई(एनएसबी)।** बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए जारी मेधा सूची में राजकीय मध्य विद्यालय औराई हिंदी की दो छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित छात्राओं में सलेहा फातिमा (पिता- मोहम्मद कुर्बान) एवं नसरीन परवीन (पिता- सिराज आलम) शामिल हैं। दोनों छात्राओं की सफलता पर सोमवार को विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में बधाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने इसका श्रेय छात्राओं की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच प्राप्त यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय के शिक्षकों ने भी दोनों छात्राओं की लगन, अनुशासन और परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# एनआईटी घाट पटना से अरुण सर गंगा घाट की कक्षाओं का पुनः शुभारम्भ

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** यूपीएससी, बीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एनआईटी घाट, पटना स्थित अरुण सर गंगा घाट की नियमित कक्षाओं का पुनः शुभारम्भ हो गया है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति ने इस पहल के प्रति उनके उत्साह और विश्वास को दशार्या। कक्षाओं के शुभारम्भ के अवसर पर पूर्व कमिश्नर सह सिंहवाहिनी मुखिया अरुण सर ने कहा कि वर्तमान प्रतियोगी परीक्षाओं में केवल समाचार पढ़ना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक समाचार के पीछे छिपे इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था, संविधान, अंतरराष्ट्रीय संबंध तथा परीक्षा की दृष्टि से उसके महत्व को समझना अत्यंत आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से "समाचार पर विचार" मॉडल के अंतर्गत प्रतिदिन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का बहुआयामी विश्लेषण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में रूसझयूक्रेन युद्ध, भारतझअफगानिस्तान संबंध, जम्मू-कश्मीर, भारत की विदेश नीति, गंगा एवं पर्यावरण, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक घटनाक्रम जैसे विषय प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। कक्षाओं में इन सभी समसामयिक विषयों का यूपीएससी एवं बीपीएससी के पाठ्यक्रम के अनुरूप गहन विश्लेषण कराया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी तथ्यों के साथ-साथ उनके व्यापक परिप्रेक्ष्य को भी समझ सकें। अरुण सर ने कहा कि फाउंडेशन अध्ययन पूर्ण होने के बाद सुव्यवस्थित टेस्ट श्रृंखला, दैनिक उत्तर लेखन अभ्यास तथा उत्तरों के मूल्यांकन के माध्यम से अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए प्रभावी ढंग से तैयार किया जाएगा। आगामी दिनों में प्रतिदिन विषयवार टेस्ट, चर्चा एवं उत्तरों का विश्लेषण भी कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंगा घाट पर कक्षाएं प्रारंभ करने का उनका मुख्य उद्देश्य बिहार के अधिक से अधिक युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, विश्लेषणात्मक और परीक्षा-केंद्रित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकें। उनका मानना है कि सही दिशा, नियमित अभ्यास और समसामयिक विषयों की गहरी समझ ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। कक्षाओं के पुनः प्रारम्भ होने पर विद्यार्थियों ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उन्हें समाचारों को केवल पढ़ने के बजाय परीक्षा के दृष्टिकोण से समझने, विश्लेषित करने और उत्तर लेखन में प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने की नई दिशा प्रदान करेगी। "समाचार पर विचार" की यह अभिनव पहल न केवल समसामयिक घटनाओं की गहन समझ विकसित करेगी, बल्कि बिहार के प्रतियोगी छात्रों को बदलते परीक्षा पैटर्न के अनुरूप विश्लेषणात्मक सोच और उत्तर लेखन की क्षमता भी प्रदान करेगी।


पटना स्थित गंगा घाट पर कक्षा के पहले दिन छात्र छात्राओ को संबोधित करते अरुण सर।

**'समाचार पर विचार' से मिलेगी समसामयिक घटनाओं की नई समझ**

## सम्पादकीय

# बिहार में हेली एयर टूरिज्म यानि पर्यटन विकास की नई उड़ान

भारत का हृदय स्थल कहा जाने वाला बिहार, अपने भीतर एक अत्यंत समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत समेटे हुए है। भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया हो, जैन धर्म का प्रमुख केंद्र पावापुरी हो, या फिर सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली पटना साहिब, बिहार सदियों से दुनिया भर के पर्यटकों और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा है। इसके बावजूद, सुगम यातायात और विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी के अभाव में राज्य का पर्यटन उद्योग अपनी पूरी क्षमता का दोहन नहीं कर पा रहा था। इसी कमी को दूर करने और पर्यटन को एक नए स्तर पर ले जाने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने हाल ही में हेली एयर टूरिज्म सेवा की शुरुआत कर एक बेहद सराहनीय और ऐतिहासिक पहल की है। शुरुआती चरण में राज्य के तीन प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली यह हेलीकॉप्टर सेवा न केवल बिहार के पर्यटन परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखती है, बल्कि इसके व्यापक आर्थिक, ढांचागत और सामाजिक प्रभाव भी आने वाले समय में स्पष्ट रूप से देखे जा सकेंगे।

इस नई पहल का सबसे सीधा और सकारात्मक प्रभाव राज्य में प्रीमियम और विदेशी पर्यटन की वृद्धि के रूप में सामने आएगा। अक्सर यह देखा गया है कि जो विदेशी पर्यटक या उच्च आय वर्ग वाले घरेलू पर्यटक भारत भ्रमण पर आते हैं, उनके पास समय का काफी अभाव होता है। बौद्ध सर्किट में जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देशों से लाखों श्रद्धालु हर साल आते हैं। लंबी दूरी, ट्रैफिक की समस्या और सड़क मार्ग से यात्रा करने में लगने वाले अतिरिक्त समय के कारण कई बार वे कुछ महत्वपूर्ण गंतव्यों को अपनी सूची से बाहर कर देते हैं या फिर उनकी यात्रा काफी थकाऊ हो जाती है। हेली टूरिज्म की शुरुआत से यह सबसे बड़ी बाधा हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। पर्यटक अब राजधानी पटना से उड़ान भरकर कुछ ही मिनटों में बोधगया, राजगीर या वैशाली जैसे ऐतिहासिक स्थलों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। इससे न केवल उनके अमूल्य समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा का अनुभव भी बेहद आरामदायक और विश्वस्तरीय हो जाएगा। आसमान से बिहार की प्राकृतिक सुंदरता, कैमूर और राजगीर की हरियाली और ऐतिहासिक धरोहरों का विहंगम दृश्य देखना अपने आप में एक अनूठा अनुभव होगा, जो पर्यटकों को बार-बार आकर्षित करेगा।

आर्थिक दृष्टिकोण से गहराई से विश्लेषण करें तो यह योजना बिहार की अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत उत्प्रेरक साबित हो सकती है। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है जिसका मल्टीप्लायर इफेक्ट (गुणक प्रभाव) अर्थव्यवस्था के कई अन्य हिस्सों पर पड़ता है। जब प्रीमियम पर्यटक अधिक संख्या में और बिना किसी झिझक के राज्य में आएँगे, तो वे केवल हवाई यात्रा तक ही सीमित नहीं रहेंगे। उनके आने से उच्च श्रेणी के होटलों, लक्जरी रिसर्ट्स, स्थानीय खान-पान, हस्तशिल्प और कलातियों की माँग में भारी वृद्धि होगी। इससे राज्य सरकार के कर राजस्व में प्रत्यक्ष रूप से इजाफा होगा और विदेशी मुद्रा की प्राप्ति का ग्राफ भी तेजी से ऊपर जाएगा। इसके साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के ढेरों नए अवसर पैदा होंगे। हेलीकप्टर के सुरक्षित संचालन और रखरखाव से जुड़े प्रशिक्षित तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मचारियों से लेकर, हेलीपैड प्रबंधन, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, कुशल टूर गाइड, और स्थानीय परिवहन सेवाओं से जुड़े हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। रोजगार के ये अवसर स्थानीय युवाओं को आर्थिक मजबूती देंगे और उनका दूसरे राज्यों की ओर होने वाला पलायन भी कम होगा।

आधारभूत संरचना के विकास के नजरिए से भी सरकार की यह पहल बेहद महत्वपूर्ण है। हेली एयर टूरिज्म को सुचारू, सुरक्षित और अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाए रखने के लिए जिन पर्यटन स्थलों पर यह सेवा शुरू की गई है, वहाँ उच्च स्तरीय हेलीपैड, सर्वसुविधायुक्त प्रतीक्षा कक्ष (वीआईपी लॉन्ज), और त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है। इन अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ अंततः पूरे पर्यटन इकोसिस्टम को मिलेगा। एक बार जब शुरुआती तीन स्थानों के लिए यह सेवा सफल हो जाएगी, तो सरकार इसे वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व (इको-टूरिज्म), कैमूर की पहाड़ियों या मिथिलांचल के सांस्तिक केंद्रों तक विस्तारित करने के लिए प्रेरित होगी। इससे उन ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों का भी तेज गति से ढांचागत विकास संभव हो सकेगा ।

# इस्तीफा दे दो, बच जाओ : न्यायिक जवाबदेही का यह कैसा रास्ता


नीरज कुमार झा

मार्च 2025 में दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में लगी आग के बाद जो दृश्य सामने आया वह इस देश की न्यायपालिका के इतिहास में अभूतपूर्व था। जले और आधे नष्ट हुए नोटों की गड्डियाँ एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के घर में। यह कोई सामान्य अग्निकांड नहीं था। यह एक ऐसा प्रश्न था जो भारतीय न्यायपालिका की नींव को छूता था क्या न्याय देने वाला स्वयं जवाबदेही से परे है।

सर्वोच्च न्यायालय ने आंतरिक जाँच की, जिसने न्यायमूर्ति वर्मा को दोषी पाया। 146 से अधिक लोकसभा सांसदों ने उनके निष्कासन का प्रस्ताव रखा। लोकसभा अध्यक्ष ने न्यायाधीश जाँच अधिनियम 1968 के अंतर्गत तीन सदस्यीय जाँच समिति गठित की। और फिर अप्रैल 2026 में जब समिति की जाँच अभी पूरी भी नहीं हुई थी न्यायमूर्ति वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। और देश ने माना मामला खत्म।

लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वह निर्णय लिया जो पूर्व में कभी नहीं लिया गया उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की जाएगी। इस एक निर्णय ने एक ऐसे प्रश्न को जीवित कर दिया जिसे हम दशकों से टालते आए हैं । क्या एक न्यायाधीश इस्तीफा देकर जवाबदेही से बच सकता है।

यह प्रश्न केवल न्यायमूर्ति वर्मा के बारे में नहीं है। यह उस संरचना के बारे में है जो भारत में न्यायिक जवाबदेही को परिभाषित करती है या अधिक सटीक शब्दों में, उसकी अनुपस्थिति को।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अंतर्गत उच्च न्यायालय का न्यायाधीश राष्ट्रपति को लिखकर इस्तीफा दे सकता है। 1978 के एक सर्वोच्च न्यायालय निर्णय ने स्पष्ट किया कि यह इस्तीफा एकपक्षीय कार्य है न्यायाधीश जिस तारीख से चाहें, उस दिन से प्रभावी बिना किसी औपचारिक स्वीकृति के। यह प्रावधान न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बना था ताकि कोई सरकार किसी असुविधाजनक न्यायाधीश का इस्तीफा रोककर उसे प्रताड़ित न कर सके। लेकिन इस प्रावधान में कहीं नहीं लिखा है कि इस्तीफे से चल रही जाँच स्वतः समाप्त हो जाती है। यह व्याख्या कानून की नहीं परम्परा की देन है। और परम्पराएँ न्याय की जगह नहीं लेतीं।

2011 में दो उदाहरण सामने आए थे। सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन जाँच समिति की सुनवाई के बीच में ही इस्तीफा दे गए। राज्यसभा सचिवालय ने तर्क दिया चूँकि उद्देश्य निष्कासन था और न्यायाधीश ने इस्तीफा दे दिया, इसलिए जाँच निष्फल हो गई। इसी तर्क को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सौमित्र सेन के मामले में भी दोहराया गया जहाँ राज्यसभा महाभियोग प्रस्ताव पारित कर चुकी थी, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद लोकसभा ने मतदान छोड़ दिया। भारत के इतिहास में आज तक किसी न्यायाधीश का महाभियोग नहीं हुआ। और दोनों 2011 के मामलों ने एक परम्परा स्थापित कर दी इस्तीफा दो, बच जाओ।

यहाँ एक महत्वपूर्ण विधिक और नैतिक प्रश्न उठता है जिसे विधिवेत्ता जी. मोहन गोपाल ने 2011 में ही उठाया था और जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनके अनुसार, न्यायाधीश जाँच अधिनियम में दो अलग-अलग चरण हैं दुराचार की जाँच और प्रमाण तथा संसद द्वारा पद से निष्कासन। उनका तर्क था कि इस्तीफे से केवल दूसरा चरण अप्रासंगिक होता है पहला चरण अपने आप में एक स्वतंत्र और सार्थक उद्देश्य रखता है। सत्य स्थापित करना चाहे निष्कासन हो या न हो लोकतंत्र की अपनी आवश्यकता है। यदि न्यायाधीशों को इस सँकरी जवाबदेही की भी वीटो करने का अधिकार मिल जाए, तो न्यायपालिका में सार्वजनिक विश्वास और क्षीण होगा। यह चेतावनी 2011 में अनसुनी रह गई। न्यायमूर्ति वर्मा के प्रकरण में यही चेतावनी एक बार फिर द्वार खटखटा रही है।

विधि विशेषज्ञों के अनुसार यह केवल निष्कासन की प्रक्रिया नहीं, जवाबदेही की प्रक्रिया है। यह जाँच सार्वजनिक धन से, संविधान के अंतर्गत हुई है। जनता को यह जानने का अधिकार है कि समिति ने क्या पाया। यह तर्क केवल कानूनी नहीं यह नैतिक भी है। करदाता का पैसा लगा, संवैधानिक प्रक्रिया चली, तीन सदस्यीय समिति बनी, सुनवाइयाँ हुईं और यदि वह रिपोर्ट एक दराज में बंद हो जाए तो वह जनता के साथ अन्याय है।

> **लोकसभा अध्यक्ष का निर्णय रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करने का इसीलिए महत्वपूर्ण है। यह केवल एक औपचारिक कदम नहीं। यह 2011 के उस अभागे पूर्व उदाहरण को चुनौती देने का प्रयास है जिसने यह संदेश दिया था कि इस्तीफा जवाबदेही का अंत है। यदि यह रिपोर्ट सदन में आती है, यदि उसके निष्कर्ष सार्वजनिक होते हैं, और यदि संसद उस पर विचार करती है तो यह एक नई परम्परा की शुरुआत होगी जिसमें न्यायिक जाँच का उद्देश्य केवल निष्कासन नहीं बल्कि सत्य की स्थापना होगी।**

एक और प्रश्न जो इस मामले में उठता है वह पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों का है। जो न्यायाधीश सामान्य सेवानिवृत्ति के बाद जाते हैं और जो इस्तीफा देते हैं दोनों को समान पेंशन और लाभ मिलते हैं। लेकिन यदि एक न्यायाधीश को दो जाँच समितियों ने दोषी पाया हो सर्वोच्च न्यायालय की आंतरिक जाँच ने भी और संसदीय समिति ने भी तो क्या वे सार्वजनिक धन से पेंशन पाने के अधिकारी हैं । इस हिसाब से यह प्रश्न केवल वित्तीय नहीं यह नैतिक भी है।

यदि रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत होती है और संसद महाभियोग प्रस्ताव पारित करती है, तो निष्कासन सैद्धांतिक रूप से उस तारीख से प्रभावी माना जा सकता है जब जाँच प्रारम्भ हुई थी। इससे पेंशन रुक सकती है और आपराधिक कार्यवाही का मार्ग भी खुल सकता है। यह रास्ता संकरा है, अनिश्चित है लेकिन यह अस्तित्व में है।

यहाँ एक व्यापक संवैधानिक प्रश्न भी उठता है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता जिसकी रक्षा के लिए न्यायाधीशों को विशेष संरक्षण दिया गया है उसका उद्देश्य क्या था यह इसलिए था कि न्यायाधीश बिना किसी भय या दबाव के निर्णय दे सकें। लेकिन जब यही संरक्षण दुराचार के बाद जवाबदेही से बचने का हथियार बन जाए, तो संविधान-निर्माताओं के उद्देश्य के साथ धोखा होता है। न्यायिक स्वतंत्रता और न्यायिक जवाबदेही परस्पर विरोधी नहीं वे एक-दूसरे की पूरक हैं। जो न्यायपालिका जवाबदेह नहीं है, वह धीरे-धीरे उस विश्वास को खो देती है जिस पर उसकी स्वतंत्रता टिकी है।

लोकसभा अध्यक्ष का निर्णय रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत करने का इसीलिए महत्वपूर्ण है। यह केवल एक औपचारिक कदम नहीं। यह 2011 के उस अभागे पूर्व उदाहरण को चुनौती देने का प्रयास है जिसने यह संदेश दिया था कि इस्तीफा जवाबदेही का अंत है। यदि यह रिपोर्ट सदन में आती है, यदि उसके निष्कर्ष सार्वजनिक होते हैं, और यदि संसद उस पर विचार करती है तो यह एक नई परम्परा की शुरुआत होगी जिसमें न्यायिक जाँच का उद्देश्य केवल निष्कासन नहीं बल्कि सत्य की स्थापना होगी।

किंतु इस पूरे प्रकरण में एक मूलभूत प्रश्न अनुत्तरित है । क्या हमारे पास न्यायिक जवाबदेही के लिए पर्याप्त संस्थागत ढाँचा है । न्यायाधीश जाँच अधिनियम 1968 जो इस पूरी प्रक्रिया का आधार है 57 वर्ष पुराना है। न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक 2010 में संसदीय स्थायी समिति तक तो पहुँचा, लेकिन कभी पारित नहीं हुआ। उस विधेयक में न्यायाधीशों की सम्पत्ति घोषणा, आचार संहिता और शिकायत निवारण तंत्र के प्रावधान थे। यदि वह विधेयक उस समय पारित हो गया होता, तो शायद न्यायमूर्ति वर्मा का प्रकरण इतना जटिल नहीं होता।

इस्तीफा एक व्यक्तिगत निर्णय हो सकता है। लेकिन जब एक न्यायाधीश किसी संस्थागत जाँच के बीच में इस्तीफा देता है और उस जाँच के निष्कर्ष जनता तक नहीं पहुँचते तो यह केवल उस एक व्यक्ति का मसला नहीं रहता। यह उस पूरी व्यवस्था का मसला बन जाता है जो इस देश के करोड़ों नागरिकों को न्याय देने का दावा करती है।

न्याय की अपेक्षा केवल वादी और प्रतिवादी से नहीं स्वयं न्यायाधीश से भी होती है। और जो न्यायाधीश इस अपेक्षा को पूरा नहीं करता, उसे जवाबदेह बनाने का अधिकार और दायित्व लोकतंत्र का है। इस्तीफे से वह दायित्व समाप्त नहीं होता।

लोकसभा में जब वह रिपोर्ट प्रस्तुत होगी, तो भारत एक नया अध्याय लिखेगा। यह अध्याय इस प्रश्न का उत्तर होगा कि इस देश में न्यायिक जवाबदेही एक वास्तविकता है या केवल एक आकांक्षा।

*(लेखक शिक्षाविद व स्तम्भकार हैं।)*

## सैमसंग के बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर से

# बारिश में कपड़े धोना और सुखाना हुआ आसान

**भारत** में मानसून गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन कपड़े धोने और सुखाने की परेशानी भी बढ़ा देता है। लगातार नमी और बारिश के कारण कपड़े देर से सूखते हैं और उनमें सीलन व बदबू आने लगती है। ऐसे मौसम में सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर कपड़ों की धुलाई और सुखाने की प्रक्रिया को आसान बनाता है, ताकि मौसम चाहे जैसा भी हो, कपड़े साफ, ताजा और पहनने के लिए तैयार रहें। तो अपने घर को सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर के साथ अपग्रेड करें और आधुनिक तकनीक के साथ सुविधाजनक लॉन्ड्री का अनुभव लें।

सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर सीरीज को अलग-अलग परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें स्मार्टथिंग्स ऐप की सुविधा भी दी गई है, जिसके जरिए उपयोगकर्ता कहीं से भी अपने वॉशिंग मशीन को मॉनिटर कर सकते हैं और उसे नियंत्रित कर सकते हैं। इससे कपड़ों की धुलाई पहले से अधिक आसान और सुविधाजनक हो जाती है।




बड़े परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रीमियम मॉडल 25 किलोग्राम वॉश और 15 किलोग्राम ड्राई क्षमता के साथ आता है। यह बिस्तर, कंबल और पर्दों जैसे भारी कपड़ों को भी कम साइकल में आसानी से धो और सुखा सकता है।

वहीं, 12 किलोग्राम वॉश और 7 किलोग्राम ड्राई क्षमता वाला मॉडल सामान्य परिवारों की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उपयुक्त है। इसमें एआई तकनीक कपड़ों के प्रकार के अनुसार धुलाई की सेटिंग अपने आप तय करती है, जिससे नाजुक कपड़ों की भी बेहतर देखभाल होती है।

छोटे घरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस कम्पैक्ट मॉडल में वॉशर और ड्रायर, दोनों की सुविधा एक ही यूनिट में मिलती है। इसमें एआई इकोबबल और एआई कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो कपड़ों के अनुसार बेहतर धुलाई सुनिश्चित करते हैं।

सीरीज के सभी मॉडलों में एआई आधारित सेंसिंग तकनीक दी गई है, जो कपड़ों के प्रकार और मात्रा के अनुसार धुलाई की सेटिंग अपने आप तय करती है। इससे अलग-अलग तरह के कपड़ों की बेहतर धुलाई और ड्रायिंग सुनिश्चित होती है। वहीं, सुपरस्पीड फीचर की मदद से कपड़े केवल 39 मिनट में धुल जाते हैं, जबकि एआई एनर्जी मोड बिजली की खपत को 70 प्रतिशत तक कम करने में मदद करता है। रोजमर्रा के कपड़े हों या एक साथ ज्यादा कपड़ों की धुलाई, सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर सीरीज हर जरूरत के लिए तेज, सुविधाजनक और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराती है।

**मानसून के लिए खास खूबियां :** एआई आधारित धुलाईरू कपड़ों के प्रकार और गी के अनुसार धुलाई की सेटिंग अपने आप तय करता है, जिससे हर बार बेहतर परिणाम मिलते हैं।

**तेज और प्रभावी ड्रायिंग :** उन्नत ड्रायिंग तकनीक कपड़ों को जल्दी सुखाने में मदद करती है, ताकि बारिश के मौसम में भी वे ताजगी के साथ पहनने के लिए तैयार रहें।

**सीलन की बदबू से बचाव :** डियोडराइजिंग फीचर कपड़ों में नमी के कारण आने वाली बदबू को कम करने में मदद करता है।

**बिजली की बचत :** कम ऊर्जा की खपत के साथ बेहतर प्रदर्शन देता है, जिससे बिजली का बिल कम रखने में भी मदद मिलती है।

**भारतीय मानसून के लिए तैयार:** सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर का कम्पैक्ट डिजाइन छोटे घरों के लिए भी उपयुक्त है। स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए इसे दूर से नियंत्रित किया जा सकता है, जबकि इसके पानी और बिजली बचाने वाले फीचर्स इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाते हैं। इससे कपड़ों की धुलाई पहले से अधिक आसान हो जाती है।

इस मानसून सैमसंग बीस्पोक एआई वॉशर ड्रायर अपनाएं और कपड़ों की धुलाई को आसान बनाएं। साफ, ताजे और पहनने के लिए तैयार कपड़ों के साथ समय, बिजली और जगह की भी बचत करें। इस मानसून का आनंद बेफिक्र होकर उठाएं।

# मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के 16 जिलों के 34 प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन

**बिहार** में पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार ने पहली बार मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना शुरू करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित मसौदे पर मुहर लगी हुई है। इस योजना के तहत प्रदेश के 16 जिलों के 34 प्रमुख पर्यटन स्थलों का चयन किया गया है। योजना के तहत देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को होटलों के बजाय बिहारी परिवारों के घरों में ठहरने का अवसर मिलेगा। इससे पर्यटक बिहार की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक खानपान और आत्मीय आतिथ्य का अनुभव कर सकेंगे, वहीं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**ये 34 चुनिंदा पर्यटन स्थल शामिल :** राज्य के 16 जिलों के 34 प्रमुख पर्यटन स्थलों को होमस्टे योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है।

इनमें गया जिले के बोधगया महाबोधि मंदिर, विष्णुपद मंदिर, डुंगेश्वरी मंदिर, प्रेत शिला एवं गुरूपा हिल, नालंदा जिले के नालंदा महाविहार भग्नावशेष, पावापुरी का जल मंदिर, राजगीर रोपवे, राजगीर जू सफारी, नेचर सफारी एवं राजगीर कुंड, वैशाली का विश्वशांति स्तूप, कैमूर का मुंडेश्वरी मंदिर परिसर, पूर्वी चंपारण के केसरिया स्तूप एवं सीता कुंड, रोहतास के शेरशाह सूरी का मकबरा, मांझर कुंड एवं धुआं कुंड, पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व एवं गांधी आश्रम भितिहरवा, जहानाबाद की बराबर गुफाएं, नवादा का ककोलत जलप्रपात, बांका के मंदार पर्वत एवं ओढ़नी डैम, मुजफ्फरपुर की मनिकामन झील एवं गरीबनाथ धाम, मुंगेर का भीमबांध वन्य अभयारण्य, सीतामढ़ी के पुनौरा धाम एवं पंथ पाकड़, जमुई के लछुआर जैन मंदिर एवं नई नकटी डैम तथा औरंगाबाद का देव सूर्य मंदिर जैसे अनेक धार्मिक, ऐतिहासिक और प्रातिक स्थल शामिल हैं।

योजना में स्पष्ट शर्त रखी गई है कि होमस्टे इकाई संबंधित पर्यटन स्थल से अधिकतम 5 किलोमीटर के दायरे में ही होनी चाहिए, ताकि पर्यटक आसानी से स्थलों की यात्रा कर सकें और स्थानीय माहौल का पूरा आनंद ले सकें।

**10 लाख तक की वित्तीय सहायता :** योजना की सबसे आकर्षक पहलु वित्तीय सहायता है। एक होमस्टे में अधिकतम 8 कमरे ही स्वीकृत किए जाएंगे। सरकार प्रत्येक कमरे पर 2.5 लाख रुपये की सहायता देगी, जिससे कुल 10 लाख रुपये तक की मदद मिल सकेगी। महिलाओं और 18 से 25 वर्ष के युवाओं को प्रति कमरा अतिरिक्त 25 हजार रुपये यानी कुल 1 लाख रुपये की विशेष सहायता दी जाएगी। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को भी इसी तर्ज पर अतिरिक्त एक लाख रुपये तक का लाभ उपलब्ध होगा। विभाग ने अगले पांच वर्षो में 1 हजार कमरों के निबंधन का लक्ष्य रखा है।

विभाग के अनुसार पर्यटन सिर्फ घूमने-देखने तक ही नहीं होना चाहिए। पर्यटक को बिहार के लोगों के जीवन, उनकी संस्कृति और प्यार भरे आतिथ्य से जुड़ना चाहिए, ताकि वह यादों में बस जाए। होमस्टे योजना ठीक इसी सोच को पूरा करने के लिए शुरू की गई है। इस योजना से बिहार की संस्कृति और विरासत पूरी दुनिया में और ज्यादा चमकदार तरीके से दिखेगी। गांवों में काम-धंधे बढ़ेंगे, जिससे स्थानीय कारीगर, किसान, युवा और महिलाओं को अच्छा फायदा मिलेगा। विभाग की ओर से जल्द ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# नथिंग फोन (4बी) की बिक्री शुरू

**लंदन** स्थित कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने अपने नए (बी) सीरीज के पहले स्मार्टफोन फोन (4बी) की बिक्री शुरू होने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि नथिंग इकोसिस्टम का अनुभव लेने का यह सबसे किफायती तरीका है। 8जीबी 128जीबी वेरिएंट की प्रभावी शुरुआती कीमत 29,999 रुपये और 8जीबी 256जीबी वेरिएंट की 33,699 रुपये रखी गई है। इन कीमतों में 7.5 प्रतिशत इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट और एक्सचेंज बोनस शामिल हैं। फोन (4बी) की बिक्री 14 जुलाई, 2026 से फ्लिपकार्ट और प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स के स्टोर्स पर शुरू होगी।

फोन (4 ए) सीरीज की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन (4बी) में नथिंग का सिगेचर पारदर्शी डिजाइन और ग्लिफ इंटरफेस दिया गया है। इसके साथ दमदार स्नैपड्रैगन परफार्मेंस, हर तरह की जरूरतों के लिए मुफीद कैमरा सिस्टम शानदार एमोलेड डिस्प्ले और एसेंशियल एआई टूल्स के साथ पूरा नथिंग ओएस एक्सपीरियंस मिलता है।

नथिंग इकोसिस्टम में कदम रखने वाले यूजर्स के लिए फोन (4बी) को एक बेहतरीन शुरुआती डिवाइस के तौर पर तैयार किया गया है। इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 मोबाइल प्लेटफार्म, नथिंग की अब तक की सबसे बड़ी 6,000 एमएएच बैटरी, ट्रूलेंस इंजन 4 से लैस 50 एमपी ओआईएस मेन कैमरा, 6.77 इंच का 120 हर्ट्ज सुपर एमोलेड डिस्प्ले और 2,000 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस दी गई है। इसके अलावा, फोन में एंड्रायड 16 पर आधारित नथिंग ओएस 4.1 मिलेगा, जो साफ-सुथरा सॉफ्टवेयर एक्सपीरियंस, बिल्ट-इन एसेंशियल एआई टूल्स और छह साल तक सिक्योरिटी अपडेट्स की सुविधा देता है। फोन (4बी) ब्लैक, व्हाइट और ब्लू रंगों में उपलब्ध होगा। यह दो कॉन्फिगरेशन 8जीबी 128जीबी और 8जीबी 256जीबी में बिक्री के लिए उपलब्ध है।

## प्रवचन

# धर्म से ब्रह्म को जानें : जीयर स्वामी

**कामनायुक्त कर्मकांड से ईश्वर की प्राप्ति नहीं**

**चित्त पर नियंत्रण ही योग है**

**अहिंसात्मक यज्ञ ही वास्तविक यज्ञ**

धर्म की जिज्ञासा के बाद ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिए। बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन होती है। भूमि में छुपी खनिज-सम्पदा एवं दूध में मिले पानी को नंगी आँखों से नहीं देखा जा सकता, इसके लिए उपकरण की आवश्यकता होती है। उसी तरह ब्रह्म को जानने के लिये धर्म रुपी उपकरण आवश्यक है। जैन धर्म सनानत से है, परन्तु सनातन धर्म-दर्शन नहीं स्वीकारने के कारण सर्वमान्य नहीं हो पाया। सनातन धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्यि ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है, जिसे मन संचालित करता है। मन को नियंत्रित रखना चाहिए। अंगुलिमाल का शरीर वही रहा, लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बना।

श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि एक बार राजा जनक आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिये एक सभा बुलायी। उन्होंने कहा कि अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज दे देंगे। विद्वानों ने अलग-अलग राय दी। राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए। सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हंस दिये, क्योंकि उनके सभी अंग टेंढे थे।

अष्टावक्र ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपाहास नहीं करनी चाहिये। उसका गुण देखना और जनाना चाहिए। जनक जी क्षमा याचना किये। अष्टावक्र जी ने घोड़ा मंगाया। राजा जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए। जनक ने अपना आधा राज और शरीर देने की बातें कहीं। अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनो आप के नहीं हैं। आप उपयोगकर्त्ता हैं। राज की संपदा प्रकृति और प्रजा की है। शरीर पंचभूत से बना है, जिसपर पत्नी का भी अधिकार है। आप अपना मन, चित्त, बुद्धि और अहंकार दे दें और घोड़े पर सवार हो जायें। राजा शून्य की स्थिति में हो गये। उन्हें अल्पसमय में आत्म शांति मिली कि मन पर नियंत्रण से ही आत्मज्ञान संभव है। मन, चित्त, बुद्धि और अहंकार के कारण ही संसार के भोग में मानव भटकता है।


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि कामना युक्त कर्मकांड करने एवं कराने वालों में अहंकार आता है। कर्मकांड अगर करना है तो परमात्मा की प्राप्ति के लिये करें। किसी कामना की पूर्ति के लिये नहीं।

स्वामी जी ने कहा कि राजा पृथु को जब आत्म ज्ञान हुआ तो वे अपने बड़े पुत्र प्राचीनबर्हि को राजा बनाकर जंगल में चले। गये। एक बार नारद जी राजा प्राचीनबर्हि को यज्ञ के संबंध में उपदेश दे रहे थे।

नारद जी ने कहा कि सभी जीव-जंतु प्रभु की संतान हैं। आप यज्ञ में पशुओं की बलि नहीं दें। पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपावन होता है। नारद जी ने अपने तपोबल से उन पशुओं को दिखाया, जिन्हें प्राचीनबर्हि ने यज्ञ में बलि दी थी।

सभी पशु क्रोधित नजर आये और अपना बदला लेने के लिये उद्यत थे। यह देख प्राचीनबर्हि को ज्ञान हुआ और भूल पर पश्चाताप हुई। स्वामी जी ने कहा कि विष्णु का अर्थ अहिंसा, प्रेम, सदाचार एवं सद्विचार है। हिंसायुक्त यज्ञ विष्णु का यज्ञ नहीं हो सकता है। बलियज्ञ से कल्याण संभव नहीं है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक हैं।)

## संक्षिप्त खबरें

### 960 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 960 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के होटल नकाशा, रेलवे स्टेशन रोड तथा नागा रोड स्थित जिला परिषद मार्केट में छापेमारी की। इस दौरान नेपाल के मकवानपुर जिला निवासी दिपेश थिंग (22), सागर कार्की (24) तथा रक्सौल वार्ड संख्या 20 निवासी टार्जन आलम (26) को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 960 ग्राम ब्राउन शुगर (मादक पदार्थ), एक बाइक एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैस थानाध्यक्ष ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### शराबबंदी कानून के तहत पिपरा पुलिस ने की कार्रवाई रू शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार, दो वारंटी भी दबोचे गए

**पिपरा(एनएसबी)।** स्थानीय पुलिस ने शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाकर दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही विभिन्न मामलों में फरार चल रहे दो गैर-जमानती वारंटियों (छठ) को भी दबोचा गया है। यह कार्रवाई पिपरा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को की गई पकड़े गए आरोपियों में पिपरा थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव के विकास कुमार और मुस्मात शांति देवी हैं। जिसका स्थाई पता बालमगंगा (रघुनाथपुर) भी बताया जा रहा है।इसके अलावा, पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई (कांड संख्या 292६26) में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम के तहत रास्मण्डल गांव से दो और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आशिक कुमार व फूलों साह शामिल हैं। वही लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को भी पुलिस ने अपने गिरफ्त में लिया है।वारंटियों में रासमंडल के बवन दास व महुआव के राज कुमार भगत के घरों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। वहीं थानाध्यक्ष अंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये सभी छह अभियुक्तों का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### हत्या के प्रयास मामले का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**पीपराकोठी(एनएसबी)।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त मदन महतो (38) को पंडितपुर गांव से गिरफ्तार किया है। वह पंडितपुर के मठिया बरियारपुर का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मदन महतो के खिलाफ विभिन्न राज्यों में कई आपराधिक मामले



अभियुक्त के साथ पुलिस।

दर्ज हैं। इनमें पीपराकोठी थाना में पांच, रोहतास के सझौली थाना में एक, नवादा के सिरदला थाना में एक, झारखंड के पतगढ़ा थाना में एक, उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी व कोतवाली थाना में एक-एक, कुशीनगर के रामकोला थाना में एक, तथा दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन और अंबेडकर नगर थाना में एक-एक मामला शामिल है। इन मामलों में हत्या के प्रयास, लूट, धोखाधड़ी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर आरोप शामिल हैं। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अभियुक्त को पकड़ा गया। छापेमारी दल में एसआई स्मिता राजश्री, पिपराकोठी थाना के सशस्त्र बल और चौकीदार अमरजीत महतो शामिल थे।

# परिवार नियोजन के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं : जिलाधिकारी

## कार्यरत सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ अपने स्वास्थ्य संस्थान में दे महिला बंध्याकरण की सेवा : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला गुणवत्ता यकीन समिति बैठक का आयोजन सहायक जिला समाहर्ता एवं सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण की संयुक्त अध्यक्षता में आरोग्य भवन सभागार जिला स्वास्थ्य समिति मोतीहारी में आयोजित किया गया। बैठक में सहायक जिला समाहर्ता एंव सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण को परिवार नियोजन कार्यक्रम के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का निर्देश देते हुए सदर अस्पताल, अनुमण्डलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अपरेशन थीएटर के सुढ़िकरण एवं व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने का निर्देश दिया साथ हीं सभी कार्यरत सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ को निर्देश दिया गया की स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर परिवार नियोजन अंतर्गत महिला बंध्यकरण एवं पुरुष नसबंदी की सेवा नियत दिवस निर्धारित करते हुए अपने अपने स्वास्थ्य संस्थान में देना सुनिश्चित करेंद्यजिले में मोबियस फाउंडेशन के परियोजना के तहत जननी संस्था द्वारा जागरूकता रथ चलाया जा रहा है।मौके पर सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण के द्वारा सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की जिस संस्थान में सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ कार्यरत नहीं है वहाँ अन्य



स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दों पर जिला गुणवत्ता यकीन समिति की बैठक आयोजित।

संस्थान में पदस्थापित सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ से महिला बंध्यकरण एवं पुरुष नसबंदी की सेवा लिया जाये। मौके पर अमित कुमार जिला प्रबंधक पी एस आई इंडिया के छथ्थ्ै-6 के आंकड़ों को च्च्ज प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया साथ हीं अमित कुमार के द्वारा यह भी बताया गया की परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना क्या है इसका क्या लाभ है एवं थ्प क्ंल के निर्धारण से परिवार नियोजन के सुविधाओं में गुणवत्ता की सुधार कैसे होगी एंव लाभार्थियों की संख्या कैसे बढ़ेगी इसपर सिविल सर्जन के द्वारा सभी उपाधीक्षक एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गए की जिला अस्पताल एंव अनुमंडल अस्पताल में प्रत्येक दिन सेवा दिया जाये एंव सामुदायिकध्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कम से कम सप्ताह में दो दिन सेवा प्रदान किया जायेद्य मौके पर उपस्थित जिला सामुदायिक उत्प्रेरक के द्वारा एनक्वास एवं कायाकल्प कार्यक्रम से संबंधित अधतन प्रतिवेदन से अवगत कराया गया गुणवत्ता आधारित सेवाओं पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दिया गया। परिवार नियोजन कार्यक्रम महिला बंध्यकरण एवं नये गर्भनिरोधक प्उचसंदज के क्रियान्वयन में बेहतर सेवा प्रदान करने एवं सहयोग प्रदान करने के लिए जिला पदाधिकारी एंव सिविल सर्जन के द्वारा ड़ एस एन सत्यर्थी, ड़ सरुची स्मृति, ड़ वंदना शर्मा, ड़ रश्मि श्री, ड़ प्रीति गुप्ता, ड़ एस सी भारतीय, ड मुकेश कुमार, ड़ ए कमाल, ड चंदन कुमार, ड़ राजीव रंजन, ड अमित कश्यप, ड विजय कुमार, ड़ विकाश कुमार, ड अमित कुमार जिला प्रबंधक पी एस आई इंडिया, सविता कुमारी एवं राजेश कुमार को प्रसस्ती पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानितद्य

- 11 जुलाई 2026 से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का होगा आयोजन

जिला आशा समन्वयक नंदन झा ने बताया की 11 से 31 जुलाई 2026 तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योग्य दम्पतियों को जागरूक करने में आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग लिया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ड एस एन सत्यर्थी, ड़ पंकज कुमार, ड़ संजीव कुमार ब्क्व, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्व मोहन, डी सी एम नन्दन झा, जिले अंतर्गत सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिले अंतर्गत सभी सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ, डीपीसी भारत भूषण, कौशल दुबे अस्पताल प्रबंधक, पीएसआई जिला प्रबंधक अमित कुमार एवं जिला प्रतिनिधि पिरामल अरुनेन्द्र कुमार, आदित्य राज जिला समन्वयक, ब्3 उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने किया जिला शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव के द्वारा आज उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार एवं सहायक समाहर्ता श्री राजष्ण झा के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बायोमैट्रिक अटेंडेंस देखी गई एक-एक कर्मियों का परिचय प्राप्त किया गया एवं जो कर्मी अनाधित रूप से अनुपस्थित पाए गए उनसे स्पष्टीकरण करते हुए उनका वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गयास जिलाधिकारी के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सेवांत लाभ सहित एरियर भुगतान के जो मामले हैं उसका निष्पादन हर हाल में एक माह के अंदर करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा निर्देश दिया गया कि शिकायत से संबंधित जो भी मामले हैं उनका निष्पादन अगले 15 दिनों में कर दिया जाए। जरूरत पड़े तो इसके लिए कैंप भी लगवाएं। डीएम



निरीक्षण करते डीएम।

ने कहा कि शिक्षकों एवं छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए एवं इसका निष्पादन किया जाए। जन शिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदनों का अच्छे से रख रखाव किया जाए, उसका लग बुक मेंटेन किया जाए, शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत कब प्राप्त हुई और उस पर कब क्या कार्रवाई हुई, एक-एक स्टेप की जानकारी रखी जाए और नियमित रूप से उसकी समीक्षा की जाए। किसी भी स्तर पर लंबित रहने की स्थिति में उस स्तर के कर्मीध् पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएस जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सेवान्त लाभ के मामलों के निष्पादन एवं प्राप्त शिकायतों के निष्पादन से संबंधित त कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन जिला गोपनीय प्रशाखा को उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया की शिक्षा विभाग में पदस्थापित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी नियमित रूप से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाएं एवं इसकी रेगुलर बेसिस पर समीक्षा की जाए। जो भी कर्मी समय से कार्यालय नहीं आते हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## 21 जुलाई को जिले के 71 पंचायतों में लगेगा पांचवें चरण का सहयोग शिविर

### जिलाधिकारी ने तैयारियां तेज करने का दिया निर्देश

### आवेदन के 30 दिनों के भीतर होगा निष्पादन

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविर के पांचवें चरण का आयोजन आगामी 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इस चरण में जिले के शेष 23 प्रखंडों के 71 पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे। पहले चार चरणों की सफलता के बाद जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं।जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें आवंटित प्रखंड एवं पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग शिविर का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। इस संबंध में प्रखंड एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए



जिलाधिकारी।

हैं।जिला प्रशासन ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर आयोजित इन सहयोग शिविरों के माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे, जिनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाएगा। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। वहीं लिवहइपींत्हवअ्पद पोर्टल पर भी अनलाइन परिवाद दर्ज कराया जा सकता है। दर्ज परिवादों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।21 जुलाई को आदापुर, छौरादानो, रामगढ़वा, रक्सौल, बनकटवा, चिरैया, ढाका, घोड़ासहन, मधुबन, पताही, बंजरिया, कोटवा, मोतिहारी, सुगौली, तुरकौलिया, चकिया, कल्याणपुर, केसरिया, मेहसी, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर और संग्रामपुर प्रखंडों के कुल 71 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर के लिए संबंधित जिला एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि फेनहारा, पिपराकोठी, तेतरिया और पकड़ीदयाल प्रखंडों के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन पूर्व में ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

# ईस्ट चंपारण लायंस क्लब का 48वां भव्य पदस्थापन समारोह संपन्न

## होटल लेमन ट्री में गरिमामय माहौल में हुआ लायंस क्लब का समारोह

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब का 48 वां भव्य पदस्थापन (इंस्टलेशन) समारोह शहर के होटल लेमन ट्री में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष लायन अशोक जायसवाल ने की,जबकि मंच संचालन लायन सुधीर गुप्ता एवं लायन अजय आजाद ने संयुक्त रूप से प्रभावशाली ढंग से कियास समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संगीता नंदा, फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अविनाश साह,सेकेंड डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन गीता शर्मा पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अमिताभ चौधरी तथा रीजन चेयरपर्सन लायन सुजीत कुमार सिंह द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत सभी विशिष्ट अतिथियों का फ्लावर पट भेंट कर स्वागत किया गया तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों से उपस्थित गणमान्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।सचिव लायन मनीष कु झा ने वर्ष 2025-26 की विस्तृत वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए क्लब द्वारा वर्षभर संचालित सेवा,स्वास्थ्य,शिक्षा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का उल्लेख किया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष लायन अशोक जायसवाल ने अपने कार्यकाल में उत्ष्ट योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्मृति-चि प्रदान कर सम्मानित कियास इसके बाद वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अविनाश साह ने नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता दिलाई। वहीं अपने संबोधन में लायंस क्लब की सेवा परंपरा, मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डालास मुख्य आकर्षण पदस्थापन समारोह रहा,जिसमें इंस्टलेशन अफिसर लायन अमिताभ चौधरी ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। लायन इंजीनियर सुधांशु सिन्हा ने अध्यक्ष, लायन रिजू कुमार श्रीवास्तव ने सचिव तथा लायन रामप्रकाश सिन्हा ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। इसके साथ ही अन्य सभी पदाधिकारियों को भी विधिवत शपथ दिलाकर दायित्व सौंपे गएस नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन इंजीनियर सुधांशु सिन्हा ने अपने संबोधन में आगामी सत्र का विजन प्रस्तुत करते हुए सेवा कार्यो को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया,साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी कार्यक्रम पर विशेष कार्य करने का बातें कही।

गेस्ट अफ अनर लायन गीता शर्मा ने लायंस इंटरनेशनल की सेवा परंपरा और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए नई टीम को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संगीता नंदा ने अपने प्रेरक संबोधन में सत्र 2026-27 के अपने सेशन के प्राथमिक योजनाओं जैसेसहयोग संजीवनी,ेह छाया, विद्या वंदन, स्वर्ण क्रांति सहित अन्य जनकल्याणकारी अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने ईस्ट चंपारण लायंस क्लब से इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान करते हुए आश्वस्त किया कि डिस्ट्रिक्ट स्तर पर क्लब को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ईस्ट चंपारण लायंस क्लब सेवा कार्यो में नई उंचाइयों को प्राप्त करेगा। उनके संबोधन का उपस्थित सदस्यों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया।

अंत में नवनियुक्त सचिव लायन रिजू श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ अध्यक्ष लायन इंजीनियर सुधांशु सिन्हा ने सभा के समापन की घोषणा की।

इस अवसर पर लायन विजय अग्रवाल, लायन प्रकाश नन्दा, मनोज जायसवाल, सतीश गुप्ता,जितेन्द्र ज्वेलर्स,विनय सिंह सुधांशु रंजन,महेशचंद्र लाल, अभिषेक नारायण, चंदन कुमार,चंदू मिश्रा,डआशुतोष शरण,डसुरेश चंद्रा,ड एम यू अख्तर,डनारायण, डअभिनव दीपांकर, डसुजीत सिंह, डआमिर नेहाल,पवन पुनीत चौधरी,उमेश चौहान, राजू सहारा,आदित्य सिंह,सोनल सरस्वती, संजीव कुमार,अनिल कुमार वर्मा, संतोष कुमार,शैलेश कुमार,शुभम गुप्ता लियो अध्यक्ष अंकित प्रकाश,सचिव अर्जुन सरदार,कोषाध्यक्ष राजकिशन,आशुतोष नारायण, शुभम सर्राफ,आदित्य रंजन, रोहन कुमार,पुष्पम सिंह, बेतिया लायंस क्लब अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय जमील बार्मीकी, श्रीप्रकाश चौधरी,विनय वर्मा डराजेश श्रीवास्तव, अरुण कुमार सिन्हा, डविवेक गौरव,रोहित साह, गौरी जायसवाल रंजीता गुप्ता,राहुल अग्रवाल धर्मेन्द्र स्वर्णकार,राजेश कुमार, विभूति नारायण सिंह सच्चिदानन्द सिंह,अंगद सिंह, अरविंद सर्राफ इसके अलावा विभिन्न संगठनों से प्रबुद्धजन, एवं समाजसेवी, लायन और लियो सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसबी ने शुरू किया 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण, सीमावर्ती महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**रक्सौल(एनएसबी)**स सीमा पर बसी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल ने सोमवार को बीओपी महादेवा के कार्यक्षेत्र में स्थित ग्राम महादेवा में 15 महिलाओं के लिए 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नागरिक कल्याण कार्यक्रम, वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत चलाया जा रहा है। आत्मविश्वास के साथ मिलेगा रोजगारप्रशिक्षण का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं का




उद्घाटन करते अतिथि।

आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ताकि वे घरेलू स्तर पर ही अपना रोजगार शुरू कर सकें और परिवार की आर्थिक मदद कर सकें। 30 दिनों तक महिलाओं को सिलाई-कटाई की बारीकियां सिखाई जाएंगी, जिससे वे भविष्य में स्वरोजगार कर सम्मानजनक जीवन जी सकें। उद्घाटन में कई गणमान्य लोग रहे मौजूद उद्घाटन समारोह में 47वीं वाहिनी के उप कमांडेंट श्री नवीन कुमार साह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ उप कमांडेंट श्री रवि प्रताप वर्मा, महादेवा बीओपी के समवाय प्रभारी निरीक्षक सही राम, ग्राम पंचायत नोनियाडीह के सरपंच प्रतिनिधि श्री वामिक हुसैन और रा़ म़ विद्यालय महादेवा के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री सर्वेश सिंह पटेल भी मौजूद थे। इस दौरान स्थानीय नागरिक, मीडियाकर्मी, प्रशिक्षण में भाग ले रही महिलाएं और एसएसबी के जवान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को सिलाई मशीन और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। एसएसबी कर रही लगातार कल्याण कार्य उप कमांडेंट नवीन कुमार साह ने कहा कि एसएसबी केवल सीमा सुरक्षा ही नहीं, बल्कि सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएं सशक्त होंगी और क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और इसे आजीविका का जरिया बनाएंस कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं ने एसएसबी का आभार जताया। गांव की महिलाओं ने कहा कि इस पहल से उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का मौका मिलेगा।

### संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किए गए उत्ष्कृट कार्य करने वाले रेल कर्मी

**सोनपुर (एनएसबी)**सोनपुर मंडल में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्ष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को आज दिनांक 13 जुलाई 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन कर्मचारियों को दिया गया जिन्होंने अपनी सतर्कता, सूझबूझ एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने तथा सुरक्षित एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित कर्मचारियों में श्री मनोज कुमार (लोको पायलट) गाड़ी संख्या 11402 में कार्य के दौरान रेलवे ट्रैक पर संभावित खतरे की समय रहते पहचान कर सतर्कता दिखाई तथा संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित किया।श्री रंजन कुमार सिंह (गार्ड, मालगाड़ी) मालगाड़ी के संचालन के दौरान वैगन में उत्पन्न असामान्यता को समय रहते पहचानकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की, जिससे किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सका। श्री सुधीर कुमार (टे क्निशियन-ष्ष्ष,' 'बरौनी)' वैगन गार्ड में



पुरस्कृत करते अधिकारी।

ब्रेक प्रणाली की खराबी का निरीक्षण के दौरान पता लगाकर समय पर उसकी मरम्मत सुनिश्चित की, जिससे सुरक्षित परिचालन में महत्वपूर्ण योगदान मिला। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि रेल संरक्षा प्रत्येक रेलकर्मी की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सतर्कता, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए सुरक्षित रेल परिचालन को और अधिक सुढ़ बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सम्मानित रेलकर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्यो को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विदित हो कि इस प्रकार के सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे भविष्य में भी रेल संरक्षा के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने हेतु संकल्पित रहेंगे।

### महिला कल्याण संगठन, पूर्व मध्य रेलवे, सोनपुर मंडल द्वारा महावृक्षारोपण अभियान, लगाए 500 से अधिक पौधे

**सोनपुर(एनएसबी)** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ आज महिला कल्याण संगठन, सोनपुर मंडल द्वारा एक महावृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान संगठन की अध्यक्षा श्रीमती डक्टर निधि सरन के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ मण्डल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के करकमलों द्वारा सोनपुर स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण कर के किया गया जिसमें महिला कल्याण संगठन के सदस्याओ, रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत सोनपुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों 'हाजीपुर, सोनपुर' , 'बरौनी और थाना बिहपुर' के स्टेशन परिसरों तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। महिला कल्याण संगठन के प्रयास से '500' से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा ड़ निधि सरन ने संदेश दिया कि ष्लोबल वार्मिंग को देखते हुए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी मांग है। हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें जीवित रखना भी है।ष मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संतुलन के महत्व पर जोर दिया।इस मौके पर महिला कल्याण संगठन ने सभी रेलकर्मियों एवं आम जनता से अपील की कि वे इस वर्ष कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं और एक अभिभावक की तरह उसकी देखभाल करें ताकि धरती को फिर से हरा-भरा बनाया जा सके।



महावृक्षारोपण अभियान का आयोजन।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 13 में बन रहे पार्क एवं तालाब का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, 31 जुलाई तक होगा काम पूर्ण

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 13 स्थित न्यू कॉलोनी में सरकार एवं एनजीटी के आदेश पर भव्य एवं सुंदर पार्क का निर्माण किया जा



रहा है। सोमवार को नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने इसका स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि एनजीटी के द्वारा एक महीने के अंदर कार्य पूर्ण होने का वीडियो फोटो उपलब्ध कराए जाने का निर्देश मिला। ऐसे में अगर इस कार्य के लिए निविदा निकाली जाती उसमें दो से तीन महीने का अतिरिक्त समय लग जाता ।ऐसे में सरकार एवं एनजीटी के आदेश पर नगर निगम द्वारा विभागीय काम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक 10 बार से अधिक तालाब की पानी व कचरा सफाई कराया जा चुका है ।इस तालाब के चारों ओर डॉक्टर एवं क्लिनिको का भरमार है। ऐसे में सारा कचरा इसमें फेंका जा रहा था जिसे नगर निगम द्वारा मजदूर लगाकर इसकी साफ सफाई कार्रवाई गई। इसके साथ ही पानी की भी सफाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह शहर का सबसे बेहतरीन पार्क बनेगा। उन्होंने बताया कि तालाब के चारों ओर पेड पौधा व ग्रिल लगाकर घेराबंदी की गई है। वही सीसीटीवी डेकोरेटिव लाइट्स फाउंटेन के साथ-साथ इसमें मछली पालन किए जाने की भी योजना है। यह शहर का सबसे खूबसूरत पार्क बनेगा।उन्होंने कहा कि इसके लिए रेलवे द्वारा टेस्टेड टाइल्स लगाया जा रहा है। नगर आयुक्त ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि इस पोखर एवं पार्क को साफ सफाई रखने में अपना सहयोग व समर्थन दें। उन्होंने कहा कि पार्क एवं तालाब सौन्दर्यीकरण होने के पश्चात काफी आकर्षक एवं रमणीक होगा जहां लोग छठ एवं अन्य धार्मिक कार्य के साथ-साथ सुकून के दो पल भी बिता सकेंगे।

### चिल्ड्रेन स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी कोशी रेंज की मासिक बैठक मोकमा ग्राम में संपन्न

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** चिल्ड्रेन स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी, कोशी रेंज, सहरसा की मासिक बैठक गत रविवार को सोनवर्षा प्रखंड अंतर्गत मोकमा ग्राम स्थित मां भगवती शिक्षण संस्थान सह कोचिंग सेंटर में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ विधिवत राष्ट्रगान से प्रारंभ हुई। साथ ही आयोजक विद्यालय के निदेशक बिट्टू कुमार के विशेष अनुरोध पर सोसाइटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष द्वारा केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।इस बैठक में सर्वप्रथम सोसाइटी के 15 सदस्यों को अध्यक्ष और सचिव द्वारा बिहार सरकार के शिक्षा विभाग से मिले प्रस्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। उसके बाद सितंबर अक्टूबर में होने वाले प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सबो ने परीक्षा के आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाने की बात कही। अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा ने सोसाइटी द्वारा विद्यालय और छात्र छात्राओं के सतत विकास के लिए सदस्य विद्यालयों को अनेक सुझाव दिए और सरकार द्वारा दिए गाइडलाइन का पालन करने का अनुरोध किया।सचिव अमित कुमार ने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के सफल संचालन के लिए सदस्यों को कई गुर बताए।इस अवसर पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष द्वारा विद्यालय के निदेशक को प्रस्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए।बैठक में सदस्य प्राचार्य बिट्टू जी




द्वारा आगत सदस्यों का स्वागत किया गया और अनिल सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुए इस बैठक में सचिव अमित कुमार, उपाध्यक्ष राजीव झा, कोषाध्यक्ष प्रभात रंजन, कार्यकारिणी सदस्य बिट्टू कुमार, विकास कुमार, ललित कुमार, विकास कुमार, नवल किशोर सिंह, दुर्गेश कुमार, रजनीश कुमार रंजन, इंद्रभूषण कुमार, सुशील कुमार, शशि कुमार, प्रभाष कुमार ठाकुर, संतोष कुमार, सहित 25 सदस्यों ने भाग लिया।

### देहद निवासी केशर नारायण सिंह का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देहद निवासी एवं देहद पैक्स के पूर्व अध्यक्ष रहे केशर नारायण सिंह (90 वर्ष) का रविवार की शाम निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय सिंह देहद पैक्स के दो बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। वे अपनी सादगी, न्यायप्रियता, सामाजिक सरोकार और प्रभावशाली वक्तृत्व शैली के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। वे देहद पैक्स के पूर्व अध्यक्ष गवेन्द्र कुमार सिंह के दादा थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए तथा शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। लोगों ने उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोक व्यक्त करने वालों में बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा, नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष जयकुमार सिंह, देहद पंचायत की मुखिया रेणु देवी, पूर्व



मुखिया तुम सिंह उर्फ कुमकुम सिंह, सरपंच रानी कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना, पूर्व जिला पार्षद देवेन्द्र कुमार सिंह श्ललनश, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष शिवेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व उपप्रमुख कुमार मौलेश सिंह, समाजसेवी शंभूनाथ सिंह, विमल कुमार सिंह, जदयू उपाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, उपमुखिया समरजीत सिंह, पूर्व जिला पार्षद अमरेन्द्र भास्कर, पूर्व सरपंच राधेश्याम पासवान, पूर्व मुखिया राजाराम रजक, समिति सदस्या सरिता देवी सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिमरी बख्तियारपुर थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर मिडिया को बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार वाहन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जुलाई 2026 को सिमरी बख्तियारपुर थाना की दिवा गश्ती टीम को गुप्त सूचना मिली कि मकदूम चक



गिरफ्तार आरोपी व प्रेस वार्ता में एसडीपीओ

नहर के समीप एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल मौके पर पहुंचे। पुलिस वाहन को देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान धीरज कुमार, पिता गोदो मुखिया, निवासी बरहकुरवा, थाना सिमरी बख्तियारपुर, जिला सहरसा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी हथियार रखने का कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सिमरी बख्तियारपुर थाना कांड संख्या 216/2026 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी के आपराधिक संबंधों और हथियार के स्रोत का भी पता लगाने में जुटी है। टीम में पु.नि.सह थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार, पु. अ.नि. रामनाथ पासवान एवं सशस्त्र बल सहित पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे।

### 15 जुलाई को 6 घंटे का मेगा ब्लॉक, तीनों रेल खंड पर ट्रेन सेवा ठप

**एप्रोच रोड चालू होते ही बंद होगा रेलवे ढाला**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के मध्य बंगाली बाजार रेलवे ढाला अब हमेशा के लिए बंद कर दिया जाएगा लेकिन इससे पूर्व बंगाली बाजार से थाना चैक को जोड़ने वाली एप्रोच रोड लोगो के लिए चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद फाटक संख्या 31 सदा के लिए बंद हो जाएगा। लेकिन इन सब से पहले सिगनल व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। जिसके अंतर्गत 15 जुलाई बुधवार को करीब 6 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान सहरसा मानसी सहरसा सुपौल और सहरसा पूर्णिया रेलखंड पर सिगनलिंग व्यवस्था फेल रहेगी जिससे तीनों रेलखंड पर ट्रेन परिचालन पूर्णतरू ठप रहेगी जिस करण सहरसा सुपौल रूट पर लगभग सभी पैसेंजर ट्रेनें रद्द रहेगी। जबकि मेल एक्सप्रेस ट्रेन को रेगुलेट किया गया है। वही सहरसा मानसी और सहरसा पूर्णिया रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन को रद्द किया गया है। साथ ही मेल एक्सप्रेस ट्रेन को रीशेड्यूल किया गया है

## बैंक, पेट्रोल पंप और ज्वेलरी दुकानों पर पुलिस की कड़ी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा को लेकर सहरसा पुलिस पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, पेट्रोल पंप, ज्वेलरी दुकानों सहित अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर विशेष निगरानी अभियान



ज्वेलरी दुकान में सुरक्षा मानकों का जांच

चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस पदाधिकारी दिवा गश्ती के दौरान चैक-चैराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। बैंक शाखाओं, पेट्रोल पंपों तथा आभूषण दुकानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच भी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों से सीसीटीवी कैमरों को हमेशा चालू रखने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया। कई स्थानों पर पुलिस ने सुरक्षा रजिस्टर का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सहरसा पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध की रोकथाम, आम नागरिकों की सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए यह विशेष निगरानी अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आम लोगों एवं व्यवसायियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## विशेष अभियान में सहरसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 वारंटी गिरफ्तार, पिछले चैबीस घंटे में कुल चालीस गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में कनरिया थाना द्वारा कैलास यादव, छठू यादव, सा0-सुखासनी, बेचन महातो, पे0-भुवनेश्वर महतो, सा0-निमार टोला, थाना-कनरिया, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।वही माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में सौरबाजार थाना द्वारा जयकांत साह, पे0-तुरही साह, सा0-बखड़ी, ललन ठाकुर, पे०-जगदीप ठाकुर, सा0-



पुलिस अधीक्षक

खैरा, दोनों थाना-सोनवर्षा राज, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानतीय वारंट के आलोक में बिहरा थाना द्वारा ललटू कुमार, पे0-मंगल यादव, सा0-सहरबा, थाना-बिहरा, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।साथ ही नवहट्टा थाना द्वारा राम यादव, पे0-स्व0 धनई यादव, सा0-चेदली पुनरवा, थाना-नवहट्टा, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया है। वही बसनही थाना द्वारा तुलसी मंडल, पे0-चुल्हाई मंडल, सा0-पचलख वार्ड नं0-04, बसनही, जिला-सहरसा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सहरसा में उपस्थापन हेतु भेजा गया है। आरक्षी अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि सहरसा पुलिस की सक्रियता एवं तत्परता के कारण विगत चैबीस घंटे में कुल 40 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें कुल गिरफ्तार कर 20 लोगो को जेल भेजा गया। वही रिकॉल पर 20 लोगों को मुक्त किया गया। साथ ही 2 कुर्की निष्पादन,10 इश्तिहार निष्पादन,138 वारंट निष्पादन,50 समन निष्पादन के साथ साथ देशी शराब 6 लीटर अवैध शराब की बरामदगी व 12.6 लीटर प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप एवं 3 लोगों को मद्यनिषेध के कांड में गिरफ्तार किया गया है। उन्होने बताया कि आर्म्स एक्ट के कांड में एक तथा चोरी के कांड में एक व विविध के कांड में एक तथा वाहन जांच एंव शमन की चार हजार राशि वसूल की गई।

## बुधवार से मनाई जाएगी आषाढ मास की गुप्त नवरात्रि: पंडित तरुण झा

**सहरसा (एनएसबी)।** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान एवं फाउंडेशन के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया की आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आषाढ गुप्त नवरात्रि का आरंभ होता है, इस साल आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई यानि बुधवार से शुरू हो रही है एवं 24 जुलाई शुक्रवार को विजयादशमी होगा। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का बड़ा ही महत्व है, ज्ञात हो कि वर्ष में आदि शक्ति मां भगवती की उपासना के लिए चार नवरात्रि आती है, इसमें दो गुप्त एवं दो उदय नवरात्रि होती हैं, चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रि उदय नवरात्रि के नाम से जानी जाती है, आषाढ़ और माघ की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि के नाम से जानी जाती है,मान्यता के अनुसार गुप्त नवरात्रि के दौरान अन्य नवरात्रि की तरह प्रतिपदा से नवमीं तक प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा की आराधना एवं आरती करनी चाहिए, इन नवरात्रि में 10 महाविद्याओं का पूजन होता है, ये नवरात्रि तंत्र साधना के लिए बहुत अधिक महत्व रखती है। गुप्त नवरात्रि किसी खास मनोकामना के लिए तंत्र साधना हेतु विशिष्ट पर्व है, किंतु अन्य नवरात्रि की तरह ही इसमें भी व्रत-पूजा, पाठ, किया जाता है,इस दौरान साधक देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के अनेक उपाय करते हैं, इसमें दुर्गा सप्तशती पाठ, दुर्गा चालीसा, दुर्गा सहस्त्रनाम का पाठ काफी लाभदायक माना गया है। यह नवरात्रि धन, संतान सुख के साथ-साथ शत्रु से मुक्ति दिलाने में भी कारगर है



पंडित तरुण झा

## शिक्षा और शिक्षण जीवन की अनमोल वृत्ति: एनके झा, डीएलएड प्रथम वर्ष के विद्यालय अनुभव कार्यक्रम का समारोह पूर्वक समापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के डीएलएड सत्र-2025-27 प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों का अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम का समारोह पूर्वक समापन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर डोमन साह मध्य, प्राथमिक विद्यालय सिमराहा, मध्य विद्यालय झपरा टोला, मध्य विद्यालय बैजनाथपुर, मध्य विद्यालय सुचना साह सहित अन्य विद्यालय में एक साथ समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में डोमन साह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी सहित सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक ईस्ट एन वेस्ट के सहायक प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज पर्यवेक्षक श्रीनिवास, संतोष कुमार, अखिलेश कुमार, अंशु राज सहित अन्य प्राध्यापकों को प्रशिक्षुओं की ओर से पाग, चादर भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षु से निष्ठा पूर्वक शिक्षण-प्रशिक्षण कार्य ग्रहण करने की बात कहा। उन्होंने कहा जिसके अंदर निरंतर स्वाध्याय की प्रवृत्ति हो वही शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं। कहा शिक्षण वृत्ति जीवन का सबसे अनमोल वृत्ति है इसलिए शिक्षक को कर्तव्यनिष्ठ होकर अपने मयार्दा का हमेशा ख्याल रखना चाहिए, और देश निर्माण में अपनी भूमिका निभाना चाहिए। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने डीएलएड प्रशिक्षिओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अठाईस दिवसीय विद्यालय अनुभव कार्यक्रम को लेकर सभी प्रशिक्षुओं का तारिफ किया। समापन समारोह को प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज ने संबोधित करते हुए एक आदर्श शिक बनने की दिशा में सभी प्रशिक्षुओं के कार्य कुशलता की तारीफ करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किया।



समापन समारोह में

## जर्जर भवन में संचालित हो रहा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, टपकती छत, प्रसूताएं और स्वास्थ्यकर्मी परेशान

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का संचालन कर रही है, लेकिन बनमा ईटहरी प्रखंड के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रियनगर की स्थिति इस उद्देश्य पर सवाल खड़े कर रही है। यहां जर्जर भवन, बारिश में टपकती छत खराब पड़े चापाकल के कारण मरीजों, प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं, उनके परिजनों तथा स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार,स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रियनगर का भवन पुराना और जर्जर हो चुका है। बरसात शुरू होते ही वार्ड, प्रसव कक्ष और अन्य कमरों की छत से कई स्थानों पर पानी टपकने लगता है। ऐसे में मरीजों के बेड भीग जाते हैं और वार्ड में फर्श पर पानी जमा हो जाता है। इससे इलाज कराने आए मरीजों के साथ-साथ प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को भी काफी असुविधा होती है। कई बार स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के बेड इधर-उधर खिसकाकर किसी तरह व्यवस्था बनानी पड़ती है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब लगातार बारिश होती है। पानी टपकने के कारण दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों और अन्य आवश्यक सामग्री को सुरक्षित रखने में भी परेशानी होती है। स्वास्थ्यकर्मियों को सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करनी पड़ती हैं, जिससे कार्य प्रभावित होता है। केंद्र परिसर में लगा चापाकल भी खराब बताया जा रहा है। इसके कारण मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। गर्मी और उमस के मौसम में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसी आवश्यक सेवा में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की जर्जर स्थिति से हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। बारिश के दौरान छत से लगातार पानी टपकने और दीवारों में नमी आने से भवन की मजबूती को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से भवन की तकनीकी जांच कराकर शीघ्र मरम्मत या नए भवन का निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार संत ने बताया कि भवन काफी जर्जर हो चुका है। उन्होंने कहा, ष्बारिश होने पर भवन की छत से कई जगह पानी टपकता है, जिससे मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में काफी परेशानी होती है। संबंधित विभाग को भवन की स्थिति से अवगत कराया गया है।ष स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन की मरम्मत और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो आने वाले दिनों में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।






जर्जर भवन, बारिश में टपकती छत

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी लगा रहे बैंक और प्रखंड कार्यालय के चक्कर

दैनिक नवसंदेश

## रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में हो रही कठिनाई

**चौथम।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुकों में इन दिनों निराशा और असंतोष का माहौल है। विधवा, दिव्यांग और वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वाले बड़ी संख्या में लाभुकों के खातों में पिछले दो-तीन माह से पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर पेंशनधारियों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन नहीं मिलने से परेशान लाभुक लगातार बैंक, प्रखंड कार्यालय और वसुधा केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं।

कई वृद्धजनों का कहना है कि बार-बार जानकारी लेने के बावजूद उन्हें केवल इंतजार करने की सलाह दी जा रही है। वहीं कुछ लाभुकों के खातों में पेंशन की राशि पहुंच चुकी है, जबकि अधिकांश लाभुक अब भी भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसी कारण लोगों के बीच यह आशंका भी बनी हुई है कि कहीं उनके जीवन प्रमाणीकरण में कोई त्रुटि तो नहीं रह गई है। क्षेत्र के कई पेंशनधारियों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि पिछले तीन महीनों से उन्हें पेंशन नहीं मिली है। लाभुक कमष्ण मोहन यादव, मुरली सिंह, सुमन देवी, गीता देवी, संध्या देवी और पारो देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे नियमित रूप से बैंक और प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उनके खातों में राशि जमा नहीं हुई है।


काउंटर पर अपनी बारी का इंतजार करते पेंशनभोगी।

इस संबंध में प्रखंड कार्यालय से बताया गया है कि सरकार की ओर से पेंशन मद की राशि जारी कर दी गई है। भुगतान की प्रक्रिया जारी रहने के कारण कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से विलंब हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि जिन लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, उनके खातों में जल्द ही पेंशन की राशि भेजे जाने की संभावना है। हालांकि पेंशनधारियों का कहना है कि सरकार और संबंधित विभाग को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए, ताकि वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लाभुकों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सामाजिक सुरक्षा पेंशन इन लाभुकों के लिए आय का प्रमुख साधन है, ऐसे में भुगतान में लगातार हो रही देरी उनके जीवनयापन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

# रेलपटरी पर खुदकुशी करने जा रहा था, डायल 112 की टीम ने बचाया

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा लगातार उत्श्ट कार्य किये जा रहे हैं। पुलिस ने जहां एक व्यक्ति को आत्महत्या करने से बचाया तो कही वृद्ध को अपने परिवार तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार खगड़िया पुलिस की डायल 112 टीम नगर को सूचना मिली कि ग्राम हाजीपुर के निकट रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति आत्महत्या करने जा रहा है। सुचना के उपरांत डायल 112 की नगर की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल समय पर पहुंचकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने जा रहे एक व्यक्ति को डायल 112 की टीम द्वारा सुरक्षित बचाया गया एवं उन्हें सही सलामत उनके घर भेजा गया। इस अभियान में पुअनि कन्हैया कृष्ण एवं कुमारी प्रियंका ने सराहनीय कार्य किया।

खगड़िया पुलिस की डायल 112 टीम को सूचना मिली कि एक नाबालिग बालक मड़ैया थाना क्षेत्र में कहीं से भटक कर आ गया है। सूचना के उपरांत खगड़िया पुलिस की डायल 112 टीम द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए भटके हुए नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। डायल 112 टीम के द्वारा आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन के उपरांत बालक के परिजनों से संपर्क स्थापित कर उसे सकुशल उनको सुपुर्द कर दिया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने खगड़िया पुलिस एवं डायल 112 टीम की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया तथा खगड़िया पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**राह भटके बच्चे और वुजुर्ग को उसके परिजन तक भी पहुंचाया**

**अपने घर के खोए सदस्य को सामने पाकर परिजनों ने की पुलिस के कार्य की सराहना**

वही गंगौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कासीमपुर बजरंगबली के पास एक वुजुर्ग के भटकने की सूचना के बाद डायल 112 की नगर ईभीआर-1 टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर ससमय पहुंचकर रास्ता भटक गए लगभग 80 वर्षीय बुजुर्ग चुन्नी साह, पिता स्व समर साह, ग्राम कुमारचक्की, थाना मुफस्सिल, जिला खगड़िया को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उन्हें उनके घर पहुंचकर सुरक्षित अवस्था में उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। खोए हुए बुजुर्ग को सुरक्षित परिजनों से मिलाया गया परिजनों ने खगड़िया पुलिस की त्वरित एवं मानवीय कार्यशैली के लिए आभार व्यक्त किया। एसपी भानुप्रताप सिंह ने कहा कि डायल-112 की टीम के द्वारा जहां एक व्यक्ति की तत्परता से जान बचाया। वही दूसरी ओर भटके वुजुर्ग और एक बच्चे को उसके परिजन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीट्यर सेरेमनी का आयोजन



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला मुख्यालय के राजेन्द्र नगर स्थित एसएल डीएवी पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीट्यर सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें सत्र 2026-27 के लिए चयनित हाउस काउंसिल सदस्यों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारीघनश्याम कुमार ने चयनित बच्चों को बैच और सैशेज देकर नामांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दूसरा अवसर है जब वो इस कार्यक्रम में यहां आए हैं और उन्हें बहुत अच्छा अनुभव होता है जब वो डीएवी में आते हैं। क्योंकि बिहार सरकार की सेवा में आने के पहले उन्होंने संगीत शिक्षक के रूप डीएवी में कुछ समय के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल की गतिविधियों में सहयोग के लिए इन बच्चों का चयन इनकी नेतृत्व क्षमता पर आधारित है और इससे इन बच्चों की प्रतिभा और विकसित होगी। कार्यक्रम की सूत्रधार प्राचार्या उमा मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। उन्होंने चयनित बच्चों को बधाई दी और कहा कि उन पर जिम्मेदारी है कि वे ईमानदारी से काम करें और स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर स्कूल के चार हाउस दयानंद ,अरविंदो, विवेकानंद और श्रद्धानंद के नवनियुक्त हाउस मास्टर आशुतोष कुमार , हिंदी के सुनील कुमार, उत्तम कुमार और ओमप्रकाश कुमार इन बच्चों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में हेड ब्वॉय के रूप में कौशिक तुलस्यान, हेड गर्ल में अनुष्का कुमारी का नामांकन हुआ। दयानंद हाउस के सीनियर कैप्टन के रूप में सिद्धि श्रेष्ठा, अरविंदो हाउस के लिए धान्या, विवेकानंद हाउस के लिए समीर और श्रद्धानंद हाउस के लिए आस्था का नामांकन किया गया। हाउस के लिए वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स केप्टन, कल्चरल केप्टन और प्रीफेक्ट्स का भी नामांकन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरीय खेल शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने किया।

### अध्ययन यात्रा से लौटे सदर विधायक बबलू मंडल



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू सदर विधायक कार्यालय के कर्पूरी सभागार में सोमवार को विभिन्न राज्यों की अध्ययन यात्रा व प्रबोधन कार्यक्रम से लौटने तथा जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल का पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदर विधायक मंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से करेंगे। मंडल ने दिल्ली, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू-कश्मीर की अध्ययन यात्रा व प्रबोधन कार्यक्रम के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि इस दौरान विधायिका एवं कार्यपालिका की कार्यप्रणाली, सुशासन मॉडल, पर्यटन विकास और औद्योगिक संभावनाओं का गहन अध्ययन करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न पंचायतों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल, पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार फोगला, जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जिला महासचिव पंकज चौधरी, अनुज शर्मा, छात्र जिला अध्यक्ष सिद्धांत सिंह छोटू, नगर परिषद अध्यक्ष प्रभात शर्मा, कमल कुमार पटेल, रंजन कुमार, ज्ञानी राम सहित मथार, जंगली मंडल टोला, भदास माड़र एवं अन्य पंचायतों से आए अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

### क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिये सेंगर क्रिकेट एकेडमी देरहा है खिलाड़ियों को प्रशिक्षण



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों को वर्ष 2010 में स्थापित सेंगर क्रिकेट एकेडमी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एकेडमी की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन देकर उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। एकेडमी के संस्थापक दीपक कुमार ने बताया कि स्थापना वर्ष से ही एकेडमी खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए समर्पित रही है। प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मावकाश के दौरान निःशुल्क समर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा भाग लेकर क्रिकेट की तकनीकी बारीकियाँ, फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि सेंगर क्रिकेट एकेडमी का लक्ष्य केवल अच्छे क्रिकेटर तैयार करना नहीं, बल्कि अनुशासित, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार युवा खिलाड़ियों का निर्माण करना है।

# विक्षिप्त महिला ने किया अस्पताल में हंगामा

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** अनुमण्डलीय अस्पताल मे उस समय सभी लोग अचंभित रह गए जब एक महिला द्वारा ओपीडी समय में बिना पर्ची कटवाए ही दवाई की मांग करने लगी और बिना पर्ची के दवाई नहीं देने पर तोड़फोड़ करने लगी। अस्पताल के के गार्ड द्वारा किसी तरह कंट्रोल में तो किया गया लेकिन फिर भी नहीं मानने पर गोगरी पुलिस को बुलाया गया और उसे सौंप दिया गया। महिला झउवा बहियार निवासी किरण देवी बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शीयो के अनुसार ओपीडी पर्ची काउंटर पर भीड़ थी। महिला बिना पर्ची कटाए डक्टर से इलाज कराने पहुँच गयी। वहां से जब पर्ची कटाने बोला गया तो वे दवाई काउंटर पर पहुंची और दवाई का मांग करने लगी। दवाई काउंटर पर भी पर्ची कटा कर डक्टर से दिखाने को कहा गया। लेकिन महिला मानने के लिए तैयार नहीं थी। दवाई नहीं देने पर वह हंगामाष्ट करने लगी। दवाई काउंटर के गेट को उसने नुकसान पहुंचाया। वहाँ गार्ड द्वारा उसे संभालने का कोशिश किया गया लेकिन वह मानने के लिए तैयार नहीं थी। अंत मे गोगरी पुलिस को बुलाना पड़ा। गोगरी पुलिस द्वारा उसे हिरासत मे लिया गया। इस मामले मे अपर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा की महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। परिजनों को सूचना देकर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# 25 हजार रुपये के इनामी सतीश यादव को दबोचा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** गोगरी थाने की पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी कुख्यात सतीश यादव उर्फ सतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। वह गोगरी थाना कांड संख्या 299/25 दिनांक 12.11.2025 धारा 190/191(2)/117(2)/109(1)/308(4) /351(2) (3) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट, एसटीएफ के फेज फाईव में वांछित था। जिले के टॉप-10 में शामिल सतीश यादव ग्राम गोगरी का रहने वाला है। एसपी भानुप्रताप सिंह ने कहा कि सतीश यादव पर गोगरी थाने में कांड सं. 299/25, 540/21, 432/23, 73/23, 386/19, 116/18 दर्ज है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अपराधी चाहे कितनी बड़ा शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की नजर से बच नहीं सकता। छापेमारी में पुअनि राजीव कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।


जानकारी देते एसपी भानुप्रताप सिंह।

# बीएलओ को दिया आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभा कक्ष में सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। बैठक में निर्वाचन संबंधी कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित प्रपत्र-6 (नाम जोड़ने), प्रपत्र-7 (नाम विलोपित करने) तथा प्रपत्र-8 (नाम एवं अन्य विवरण में संशोधन) के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने लॉगिन आईडी पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की नियमित निगरानी करते हुए उनका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। कहा कि ऐसे मतदाताओं की पहचान की जाए, जिनका नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज है।

# कैलाश झा किंकर की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन




**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** हिन्दी भाषा साहित्य परिषद के बैनर तले स्मृति शेष कवि कैलाश झा किंकर की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खगड़िया नगर परिषद की चेयरमैन अर्चना कुमारी उपस्थित थीं,जबकि विशिष्ट अतिथि थे प्रभाकर प्रभात एवं दरभंगा से पधारे कवि विनोद कुमार हंसौड़ा। इस कार्यक्रम का संचालन शंकरानंद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रो अनिल ठाकुर ने कहा कि खगड़िया के साहित्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का जैसा काम कैलाश झा किंकर ने किया वह ऐतिहासिक है। राजेन्द्र राजेश ने कहा कैलाश झा किंकर ने पत्थर में भी जीवन भरने जैसा काम किया। डॉ. सुनील कुमार मिश्र ने कहा कि कैलाश झा किंकर के नहीं होने पर भी गूंजती है उनकी आवाज हवा और पानी में भी। रामकृष्ण आनंद ने कहा कि कैलाश झा किंकर ने कविता को जन जन तक पहुंचाने का काम किया।अंगिका के माध्यम से वे लोक की भावना तक आसानी से पहुंच पाए। प्रभाकर प्रभात ने कहा कि कैलाश झा किंकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि खगड़िया में साहित्य की धारा अनवरत बहती रहे। विनोद कुमार हंसौड़ा ने कविता में स्मरण करते हुए कहा-सदा ही कर्मयोगी का प्रखर आदित्य होता है। कपिलेश्वर कपिल ने कहा कि कैलाश झा किंकर की उपस्थिति खगड़िया के कण कण में है। चैयरमैन अर्चना कुमारी ने कहा कि कैलाश झा किंकर की रचनाओं से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने जो लोगों को साहित्य से जोड़ा वह प्रेरणादायक है।

# डीएम ने लंबित मामलों पर जताई नाराजगी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा हेतु समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों से लंबित एवं वर्तमान न्यायालयीन मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही पिछले सप्ताह की प्रगति की तुलना वर्तमान स्थिति से करते हुए प्रत्येक विभाग की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।

समीक्षा में पाया गया कि जिला कृषि पदाधिकारी विपिन कुमार ने पिछले सप्ताह से अब तक तीन लंबित मामलों में कोई कार्रवाई नहीं की गई, इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने तथा लंबित न्यायालयीन मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय से संबंधित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा तथा उत्तरदायी पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने सुनी समस्या, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** जनता और जनप्रतिनिधि के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को परबत्ता प्रखंड के मड़ैया आलम बाजार में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। अंचल, थाना, बिजली, नल-जल योजना, सड़क, आवास तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों को लेकर दर्जनों लोगों ने आवेदन और शिकायतें सौंपीं।

जनता दरबार के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि जटिल मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए गए। शिकायतों के त्वरित निष्पादन की पहल से उपस्थित ग्रामीणों ने संतोष जताया और इस व्यवस्था की सराहना की। लोगों का कहना था कि ऐसे कार्यक्रमों से आम जनता को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी पहली जिम्मेदारी है और किसी भी गांव, टोले या पंचायत की समस्या की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए वे लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।


लोगों की समस्या सुनते विधायक बाबू लाल शौर्य।

पूर्व मुखिया पवन चौधरी ने कहा कि विधायक आपके द्वारश् अभियान ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इससे लोगों की समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रही हैं और उनके समाधान की प्रक्रिया भी तेज हुई है। उन्होंने इस पहल को जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रथम त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में प्रथम कक्षा से कक्षा आठवीं तक परीक्षा 7 से 13 जुलाई तक सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हो गया । प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा के दौरान विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को पूरी तरह कदाचार मुक्त और अनुशासित बनाने के लिए सख्त व्यवस्था थी। परीक्षा के दौरान स्वच्छता और सुव्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उन्होने बताया कि सोमवार को हिंदी विषय का परीक्षा हुआ। परीक्षा को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश भी जारी किया गया था। उन्होने बताया कि परीक्षा को बेहतर तरीके से संचालन के लिए बीआरसी स्तर पर निगरानी टीम का गठन किया गया था।

# मोदी सरकार देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ा रही : भाकपा

**पार्टी के पुराने सदस्य पारो सदा के निधन पर बलराम सदा की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत घुतौली पंचायत के मुशहरी बैठका ब्रम्हा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पुराने सदस्य पारो सदा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बलराम सदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा मे बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणो ने दिवंगत पारो सदा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व प्रमुख प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा दिवंगत स्व० पारो सदा 1978 में बद्री नारायण सिंह के सानिध्य में आकर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर जीवन भर गरीब, मजदूर, एवं वंचित लोगों के अधिकारों के लिए आन्दोलन करते रहे। उन्होंने पार्टी के विचारधारा को गांव तक पहुंचाने एवं संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए। उनका सा़ी जीवन ईमानदारी, व्यक्तित्व हमेशा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। श्री सिंह ने कहा पारो सदा समाज के अंदर सामाजिक, असमानता, बधुवा मजदूरी, महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ लगातार संघर्ष करने का काम किये। उनके अकस्मात निधन हो जाने से पार्टी को बहुत बड़ी क्षति हुई है,जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी खगड़िया जिला परिषद एवं बिहार राज्य परिषद की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने का संकल्प लिए। उन्होंने कहा आज मोदी सरकार देश के अंदर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम कर रही है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मूर्ति पर चढ़ना की राशि एवं जेबरात को भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगो द्वारा करोड़ों रुपया लूटने का काम किए हैं लेकिन आज तक दान की राशि हजम करने वाले लोगों पर केंद्र की मोदी सरकार या उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मोदी सरकार के बिदेसी की नीति के चलते आज देश में डीजल, पेट्रोल, गैस का संकट पैदा हुआ है। लोग उंचे दाम पर आज डीजल गैस पेट्रोल खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं। मोदी सरका श्रम कानून में संशोधन कर मजदूरों के अधिकार को खत्म करने का काम कर रही है। 26 लेबर कोड कानून को खत्म कर चार लेबर को कानून को लागू किया जा रहा है। जिससे मजदूरों के मौलिक अधिकार को छिनने का काम किया जा रहा है ।मोदी सरकार अमेरिका के साथ ट्रेड डिल पर समझौता कर हिंदुस्तान के किसान के पेट पर लात मारने का काम कर रही है। किसानों के फसल का लाभकारी कीमत दिलाने में केंद्र सरकार बिफल रही है। पूरे देश में एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक हो जाने के चलते छात्रों एवं अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ मोदी सरकार खिलवाड़ कर रही है, जिसके चलते बड़े पैमाने पर देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र आंदोलन पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से त्यागपत्र देने का मांग कर रहे हैं। बिहार में सम्राट चौधरी की सरकार अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज कर अभ्यर्थी एवं छात्र आंदोलन को दबाना चाहती है। बिहार में भूमिहीन परिवारों को तीन-तीन डिसमिल जमीन देने की घोषणा हवा हवाई साबित हो रहा है, बरसों से बसे सड़क ,रेलवे लाइन, बांध नहर के किनारे बसे भूमिहीन परिवारों के घर के ऊपर बुलडोजर चलाकर वेघर किया जा रहा है। इस अवसर पर अनिल प्रसाद, गुलाम प्रसाद, चन्देश्वरी शर्मा, इंदल शर्मा ,विहार महिला सामाज जिला अध्यक्ष नीलू कुमारी दर्जनों नेता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय सूरजपुरा में छात्रा की पिटाई का आरोप, शरीर पर चोट के निशान, जांच शुरू

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सूरजपुरा में एक छात्रा के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विद्यालय के एक शिक्षकर्धशिक्षिका ने मामूली गलती पर छात्रा की इतनी पिटाई की कि उसके शरीर पर चोट के निशान उभर आए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। मामले की शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक पहुंच गई है। शिकायत के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित शिक्षकर्धशिक्षिका के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं विद्यालयों में बच्चों के साथ शारीरिक दंड पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद इस तरह की घटना ने स्कूलों में छात्र सुरक्षा और अनुशासन की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### देसी-विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने सोमवार को सम्मसपुर में छापेमारी कर एक धंधेबाज विक्रम कुमार को देसी-विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि उसके घर से 17 लीटर विदेशी और 30 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घर से निकली युवती लापता

फतुहा। थाना क्षेत्र के घनपुरा गांव से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में उसके मामा ने सोमवार को थाने में गुमशुी की लिखित सूचना दी है। पीड़ित के अनुसार उसकी 22 वर्षीया भांजी रविवार की शाम 3 बजे सामान लाने दनियावां बाजार गई थी लेकिन लौटकर नहीं आई। सभी जगहों पर खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### शराबबंदी पर सवालरू मोकामा-बाढ़ के बीच ट्रेन से शराब की खेप उतारने का वीडियो वायरल

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बीच मोकामा-बाढ़ रेलखंड पर कथित रूप से ट्रेन से शराब की खेप उतारे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में कुछ लोग ट्रेन से संदिग्ध बोरियां और कार्टन उतारते दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इनमें शराब की खेप थी, जिसे शराब माफिया अपने ठिकानों तक पहुंचाने की तैयारी में थे। हालांकि, श्दैनिक नवसंदेशश इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। मामला सामने आने के बाद पुलिस और संबंधित एजेंसियां वीडियो की सत्यता, स्थान तथा उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान करने में जुट गई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में वीडियो सही पाया जाता है तो इसमें शामिल सभी लोगों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर शराबबंदी के बावजूद सक्रिय तस्करी नेटवर्क और उसकी कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में चोरी, बिजली के तार और पीएम पोषण योजना के बर्तन ले उड़े चोर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ नगर परिषद क्षेत्र स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, चोंदी में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर विद्यालय परिसर से विद्युत आपूर्ति के तार तथा पीएम पोषण योजना में उपयोग होने वाले बर्तन चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी बुधवार सुबह विद्यालय खुलने पर हुई। विद्यालय का टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर शिक्षकों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग भी विद्यालय परिसर पहुंच गए। विद्यालय प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। इस चोरी से विद्यालय की विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ पीएम पोषण योजना के संचालन पर भी असर पड़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी विद्यालयों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लोगों ने विद्यालय परिसरों में नियमित पुलिस गश्त और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# किताबों से जुड़कर एक नये जीवन कि शुरुआत करें विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का प्राचार्य ने किया आग्रह

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएससबी)।** यूनिवर्सिटी अंतर्गत जेआरएस महाविद्यालय जमालपुर में सेमेस्टर 1 सत्र 2026-30 के नाव नामांकित छात्र और छात्राओं का सत्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें काफी संख्या में विभिन्न विषयों के छात्र छात्रायें कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलान के साथ जेआरएस के प्राचार्य प्रोफेसर देवराज सुमन, प्रोफेसर हरिशंद्र शाही, प्रोफेसर जी सी पाण्डेय, ड शशिद रजा जमाल, प्रोफेसर बी सी पाण्डेय और ड राजेश कुमार सिंह तथा अन्य सम्मानित शिक्षकों ने मिलकर किया स कुलगीत के उपरांत अतिथियों का स्वागत प्रोफेसर देवराज सुमन ने किया। उसके बाद महाविद्यालय के विभिन्न विषयों जैसे कला शांकाय के इतिहास, राजनीति शास्त्र, दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिंदी, इंग्लिश, उर्दू, बांग्ला जबकि विज्ञान के फिजिक्स, रसायन विज्ञान,गणित, जंतु विज्ञानं और वनस्पति विज्ञानं के प्राध्यायकों ने बारी बारी से अपना अपना परिचय दिया और नव नामांकित छात्रों का स्वागत किया गया, शुभकामनायें दी और विषय की संछिप्त जानकारी दी।एनएसएस के कार्यक्रम



कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य सहित अन्य।।

पदाधिकारी ड राजेश कुमार सिंह ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने का आग्रह किया और कहा कि युवाओ के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए एन एस एस एक प्लेटफर्म देता है साथ ही बताया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में भी एन एस एस शामिल हों चुका है।हिंदी पीजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर हरिश्चन्द्र शाही ने कहा कि अपने अंदर निहित ऊर्जा को पहचानो और महाविद्यालय में कक्षा और किताबों से जुड़कर एक नये जीवन कि शुरुआत करो।वहीं उर्दू पीजी विभाग के अध्यक्ष ड शशिद रजा जमाल ने छात्रों को शुभकामनायें दी और अपनी शायरी के माध्यम से छात्रों में जोश और उत्साह भर दिया। इतिहास पीजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर जीसी पाण्डेय ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तुम कोंन हों। और तुम्हे क्या बनना है। तुम अपने आप को पहचानो तुमारा लक्ष्य कया है ये बाते तुम्हारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अंग्रेजी पीजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बीसी पाण्डेय ने कहा कि अपने मन को आप पढ़ाई और किताबों के प्रति ध्यान केंद्रित करें साथ ही उन्होंने ऑंली माल डाकू की कहानी सुनाई और अपने कीमती सूझाव और विचार दिए।दर्शन विभाग की शिक्षिका पूजा कुमारी ने छात्रों को शुभकामनायें दी और नियमित कक्षा में आने का संदेश दिया वहीं रसायन विज्ञान विभाग के ड दीवान अकरम ने बड़े ही जोश के साथ छात्रों को नियमित रूप से अनुशासन के साथ कक्षा में आने का और शिक्षकों से जुड़ने की अपील की सकार्यक्रम में सेमेस्टर 1 के कुछ छात्र छात्राओं ने भी मंच पर अपने विचार साझा किये।कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर देवराज सुमन ने नय सत्र के छात्र छात्राओं को शुभकामनायें दी और कहा कि जे आर एस कलेज एक परिवार की तरह है यहाँ के सभी शिक्षक और कर्मी अच्छे है महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के शिक्षक नियमित रूप से कक्षा संचालन करते हैं इसमें आप जुड़कर पूरा लाभ उतायें साथ ही कलेज में एन एस एस, एन सी सी और पुस्तकालय भी हैं जिसका आप भरपूर लाभ उठायें स साथ ही कहा कि आप सभी कलेज यूनिफार्म में ही महाविद्यालय आये और अनुशासन के साथ अपना पठान-पाठान का कार्य करें। कार्यक्रम का मंच संचालन दर्शनशास्त्र बिभाग के सहायक प्राध्यापक ड राजेश कुमार सिंह कर रहे घे स इस कार्यक्रम में ड सभीहा नसरीन, ड कमलेश पाल, ड नितिन, ड मुकेश कुमार, ड राजेश कुमार प्रभाकर, बादल कुमार आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम जा समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

## शहर के समग्र विकास और जनसमस्याओं के समाधान पर हो प्राथमिकता से कार्य : मुख्य पार्षद

**जमालपुर (मुंगेर) ।** नगर परिषद कार्यालय जमालपुर में सोमवार को शहर के विकास कार्यो एवं जनहित से जुड़े मुद्दों की समीक्षा को लेकर मुख्य पार्षद पार्वती देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड पार्षदों,नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने नगर परिषद क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं, सफाई व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर बल दिया।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद से शहरवासियों की अपेक्षाएं काफी बढ़ी हैं। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधि और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करें ताकि नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान


बैठक की अध्यक्षता करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी।

सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जमालपुर का प्रमुख आकर्षण काली पहाड़ी क्षेत्र है। इसके सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर बड़े स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है, जिससे शहर को नई पहचान मिल सके।बैठक में वार्ड पार्षद कैलाश सिंह एवं आलोक कुमार ने भी शहर के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद अंजली कुमारी, वार्ड पार्षद मधु कुमारी, सोनम राज, नीलू कुमारी, प्रेम शंकर, कंप्यूटर अपरेटर शशिकांत, सफाई निरीक्षक सतनारायण मंडल, राजा कुमार सहित नगर परिषद के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन का हस्ताक्षर अभियान

कैप्शन -**जमालपुर (मुंगेर)।** नगर परिषद जमालपुर क्षेत्र की आम जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन ने चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया है। जन आंदोलन के पहले चरण के तहत सोमवार को सदर बाजार स्थित बराट चौक पर विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।अभियान में इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, राजद, कम्युनिस्ट, सपा, आईआईपी सहित तमाम विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जनता से सीधा संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने आम लोगों को हस्ताक्षर अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया और बताया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं जैसे पानी, स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़क, सफाई आदि को लेकर एकजुट होकर प्रशासन और सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।जनता की आवाज को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों से हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। इन हस्ताक्षरों को एक ज्ञापन के रूप में संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा।इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जमालपुर की सम्मानित जनता से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हों और जनहित के इस आंदोलन को सफल बनाएं।कार्यक्रम में कम्युनिस्ट अंचल अध्यक्ष कामरेड मुरारी प्रसाद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष साईं शंकर, राजद नगर अध्यक्ष बम बम यादव, आईआईपी नगर अध्यक्ष अमित रंजन, आईआईपी युवा जिला अध्यक्ष मयंक राज,सपा नेता रविकांत झा, कमलेश्वरी मंडल, अरविंद कुमार, मोहम्मद बरकत कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।



हस्ताक्षर अभियान चलाते इंडिया गठबंधन।

## प्रखंड की नई बीडीओ श्वेता कुमारी ने संभाला पदभार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर प्रखंड की नई प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) श्वेता कुमारी ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। वह पश्चिम चंपारण (बेतिया) से स्थानांतरित होकर जमालपुर पहुंची हैं। पदभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान बीडीओ ड़ प्रभात रंजन ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा जमालपुर प्रखंड की भौगोलिक स्थिति, पंचायतों, गांवों और क्षेत्र की प्रमुख प्रशासनिक चुनौतियों की विस्तृत जानकारी दी।प्रखंड कार्यालय में पदभार ग्रहण के बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नई बीडीओ का माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्वेता कुमारी ने सभी कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोगों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से


पदभार ग्रहण करते बीडीओ श्वेता कुमारी।

पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।उन्होंने कर्मचारियों से पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर पात्र लाभुकों तक पहुंचाना प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उनके योगदान से प्रखंड प्रशासन में नई ऊर्जा और बेहतर कार्यसंस्ति की उम्मीद जताई जा रही है।

## भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा

**जमालपुर (मुंगेर) ।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला के प्रांगण में होने वाले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का तैयारी जोड़ों पर है। तैयारी को देखने को लेकर महामाया शक्तिधाम मंदिर के अध्यक्ष जयशंकर शर्मा,मंत्री गिरधर संघई,संयोजक कमलेश खेतान सह संयोजक माधव मस्कारा,गोपाल शर्मा,पवन बुदिया,राजकुमार शर्मा,विकास गर्ग आयोजन स्थल पहुंचे। समिति के पदाधिकारी ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी श्री महामाया शक्तिधाम मंदिर के चतुर्थ वार्षिक उत्सव पर बहुत धूमधाम


तैयारी का जायजा लेते मंदिर समिति।

से श्रीमद् भगवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें वृंदावन से चलकर आ रही कथा वाचिका पूज्य ड लवी मैत्रीय जी जो कि प्रख्यात आध्यात्मिक वक्ता ओर कथावाचक अपने पूरे टीम के साथ कथा वचन करेगी।15 जुलाई को सुबह 7.30 बजे सैकड़ों महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कि शहरवासी के लिए आकर्षण का केंद्र होगा पूरे शहर में दर्जनों तोरण द्वार बनाए जा रहा है। यह आयोजन समस्त शहर वासी की ओर से कराया जा रहा है इसके मुख्य यजमान महेश जी संघई के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई जाएगी। इस मौके पर दिनेश जोशी,प्रकाश पंसारी,गोपाल अग्रवाल,शेखर जलान,श्यामल साह एवं समस्त महामाया शक्तिधाम मंदिर के सदस्य उपस्थित हुए।

# इरिमी में आईआरएमएस लेखा अधिकारियों का पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू देशभर से पहुंचे 14 प्रशिक्षु अधिकारी, वित्तीय प्रबंधन एवं रेलवे प्रशासन की बारीकियों से होंगे रूबरू

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियांत्रिकी संस्थान (इरिमी), जमालपुर में सोमवार से भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के लेखा संवर्ग के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संघ लोक सेवा आयोग (सीएसई) 2022 एवं 2023 बैच के कुल 14 प्रशिक्षु अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस बावत इरिमी के महानिदेशक एके सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नवचयनित आईआरएमएस (लेखा) अधिकारियों को भारतीय रेलवे की वित्तीय व्यवस्था, लेखा प्रणाली, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा विभिन्न विभागों के समन्वित कार्य संचालन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों


इरिमी में प्रशिक्षण के लिए पहुंचे प्रशिक्षु अधिकारी।

को रेलवे के वित्तीय प्रबंधन, बजट प्रणाली, लेखा परीक्षण, संसाधन प्रबंधन, निर्णय प्रक्रिया तथा आधुनिक प्रशासनिक कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। इधर, इरिमी डीन प्रेम प्रकाश ने बताया कि यह सीटीआई एप्रिसिएशन कोर्स विशेष रूप से आईआरएमएस (लेखा) अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे रेलवे के तकनीकी एवं परिचालन तंत्र को भी करीब से समझ सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं तथा रेल इंजन निर्माण एवं अनुरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षु अधिकारियों में श्रुति उत्तम श्रोते, निखिल शर्मा, तुम्माला मनोज कुमार, `हा अनमोल, अंकश वर्मा, नवाले प्रांजली प्रमोद, बिपिन कुमार सिंह, रवुरी साई अलेख्या, अभिषेक नापा, सुरभि जैन, हिमांशु, अर्जुन गुप्ता, पवन कुमार सहित कुल 14 अधिकारी शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआरपीएफ जवान पर बीपीएससी शिक्षिका ने दर्ज कराई प्राथमिकी, शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**अथमलगोला थाने में दर्ज हुआ मामलाय पुलिस ने शुरू की जांच, साक्ष्यों के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** अथमलगोला थाना क्षेत्र के बुजरुक गांव से जुड़े चर्चित प्रेम-प्रसंग ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। बीपीएससी से नियुक्त एक शिक्षिका ने बुजरुक गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मंजीत कुमार के विरुद्ध अथमलगोला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक संबंध बनाए और बाद में दूसरी जगह शादी करने की तैयारी करने लगा। इस मामले को लेकर पूर्व में दोनों पक्षों के बीच अथमलगोला थाने में घंटों तक बातचीत और समझाइश का दौर चला था। बाद में पीड़िता ने लिखित शिकायत देकर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे तथा उपलब्ध साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ के एसडीपीओ रामष्ण ने बताया कि पीड़िता की लिखित शिकायत पर अथमलगोला थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि किसी भी प्राथमिकी में लगाए गए आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्धारण पुलिस जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होता है।


.मंजीत की बीपीएससी प्रेमिका शिक्षिका।

### दैनिक नवसंदेश के खबर का असर
### मोकामा पहुंचे जल संसाधन विभाग के आला अधिकारी, गंगा कटाव रोकने की कवायद शुरू

**चीफ इंजीनियर समेत विशेषज्ञ टीम ने किया स्थलीय निरीक्षणय मोकामाघाट में रेत भरी बोरियों से तट संरक्षण कार्य शुरू**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा के गंगा तटीय क्षेत्रों में लगातार हो रहे कटाव को लेकर श्दैनिक नवसंदेशश में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर सह बाढ़ नियंत्रण समिति के अध्यक्ष, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, सीआरपीएफ के कमांडेंट सहित विभागीय अधिकारियों की टीम सोमवार को मोकामा पहुंची और प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गंगा कटाव की स्थिति को गंभीर माना। प्रारंभिक आकलन में अधिकारियों ने बताया कि नेशनल वाटरवे-1 के गांव की ओर शिफ्ट होने, ड्रेजिंग कार्य तथा जलमार्ग से बड़े जहाजों के लगातार आवागमन के कारण तेज धारा और बैक वाटर फ्लो से कटाव बढ़ने की आशंका है। हालांकि, इन कारणों की विस्तृत तकनीकी जांच और वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद ही अंतिम निष्कर्ष सामने आएगा। कटाव पर तत्काल नियंत्रण के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग ने मोकामाघाट में रेत से भरी बोरियों को ढलान (स्लोप) बनाकर गंगा तट पर डालने का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग का मानना है कि यह अस्थायी सुरक्षा उपाय कटाव की तीवता को कम करने में सहायक होगा, जबकि स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। लगातार हो रहे कटाव से चिंतित स्थानीय लोगों ने विभागीय पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि अब तटवर्ती गांवों की सुरक्षा के लिए शीघ्र ही प्रभावी और स्थायी कदम उठाए जाएंगे।


कटाव मुआना करते जल संसाधन के अधिकारी, मोकामा।

### लोकतंत्र केवल बहस नहीं, संवाद और समन्वय की संस्कृति है : विधायक डा. सियाराम सिंह

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ड़ सियाराम सिंह का मानना है कि लोकतंत्र की असली ताकत विरोध नहीं, बल्कि विचारों के मतभेद के बीच संवाद, समन्वय और परस्पर सम्मान बनाए रखने में निहित है। उनका कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में नीतिगत और वैचारिक असहमति स्वाभाविक है, लेकिन यदि व्यक्तिगत संबंधों में कटुता आ जाए तो लोकतंत्र की मूल भावना कमजोर पड़ जाती है। श्विधानमंडल का वातायनश श्रृंखला में अपने संसदीय अनुभव साझा करते हुए ड़ सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि अनुभव, परंपरा और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत विद्यालय भी है। यहां एक ही सदन में तीन-तीन पीढ़ियों के विधायक बैठते हैं। कोई उम्र में वरिष्ठ होता है तो कोई संसदीय अनुभव में। दोनों का सम्मान लोकतांत्रिक संसति का अभिन्न हिस्सा है। सदन के भीतर कई बार विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी बहस होती है। विभिन्न मुद्दों पर एक-दूसरे के विचारों का कड़ा विरोध भी किया जाता है, क्योंकि प्रत्येक विधायक अपनी पार्टी की नीति और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी बात रखता है। लेकिन सदन की कार्यवाही समाप्त होते ही वही विधायक एक-दूसरे से आत्मीयता के साथ मिलते हैं, संवाद करते हैं और अच्छे भाषण या सार्थक सुझावों की खुलकर सराहना भी करते हैं। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। ड़ सियाराम सिंह ने कहा कि भाजपा के जिला अध्यक्ष के रूप में उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी संगठन और कार्यकर्ताओं तक सीमित थी, लेकिन विधायक बनने के बाद उनकी भूमिका पूरी तरह बदल गई। अब उनके लिए पूरा बाढ़ विधानसभा क्षेत्र ही उनका परिवार है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनके लिए वोट देने वाला और वोट नहीं देने वालादोनों समान हैं। जनप्रतिनिधि का दायित्व किसी राजनीतिक सीमा में बंधा नहीं होता, बल्कि वह समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति समान रूप से जवाबदेह होता है।उन्होंने बताया कि प्रतिदिन उनके पास सड़क, नाली, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों के अलावा पारिवारिक विवाद, सामाजिक मतभेद तथा व्यक्तिगत समस्याएं भी लेकर लोग पहुंचते हैं। कई बार ऐसे मामले भी सामने आते हैं, जिनका सीधा संबंध सरकारी व्यवस्था से नहीं होता, फिर भी लोग अपने जनप्रतिनिधि से समाधान की अपेक्षा रखते हैं। ऐसी परिस्थितियों में वे संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के यथासंभव समाधान का प्रयास करते हैं।ड़ सिंह ने कहा कि विधायक का पद केवल विकास योजनाओं की अनुशंसा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के विश्वास को बनाए रखना, उनकी बात सुनना और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहना भी उतना ही महत्वपूर्ण दायित्व है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है और उसी विश्वास पर खरा उतरना हर जनप्रतिनिधि का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि संवाद, पारदर्शिता और संवेदनशील जनसेवा ही लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बना सकती है। वैचारिक मतभेद लोकतंत्र की शक्ति हैं, लेकिन समन्वय, सम्मान और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता उसकी वास्तविक आत्मा है।


डा. सियाराम सिंह, माननीय विधायक बाढ़।

# दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी घायल

## हादसे में पत्नी घायल, लोगों ने जाम की सड़क

दैनिक नवसंदेश

**आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा मठिया गांव के समीप सोमवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। हादसे में पति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी आंशिक मामूली रुप से जख्मी हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे को कौरा मठिया गांव के समीप जाम कर दिया और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे रहे जाम से सड़क दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल लोगों को समझा-बूझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया। मृतक गजराजगंज ओपी अंतर्गत मसाढ़ दक्षिणी टोला गांव निवासी शिवजी यादव के 50 वर्षीय पुत्र लालबाबू यादव है। मृतक के बेटे सुनील कुमार ने बताया कि सुबह वह अपनी पत्नी चानो देवी के साथ बाइक द्वारा चांदी थाना के बहियारा गांव स्थित बालाजी के मंदिर में गए थे। वापस लौटने के क्रम में कौरा मठिया गांव के समीप ट्रक उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमे उसके पिता लालबाबू यादव की घटनास्थल पर मौत हो गई। मां मामूली रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर थे, उनके परिवार में पत्नी चानो देवी व दो पुत्र अनिल कुमार, सुनील कुमार एवं एक पुत्री प्रीती कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

## ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना पावर ग्रीड के समीप ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग महिला समेत दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी स्व. बैजनाथ प्रसाद की 60 वर्षीया पत्नी किरण देवी है। मृतका के बेटे मोनू कुमार ने बताया कि उसका उदवंतनगर बाजार में घर के ही बाहर स्टील का दुकान है। वहीं पर उसकी मां बैठी हुई थी। इस दौरान वह कहीं चला गया। काफी देर बीत जाने के बाद वह नहीं आया, तो उसकी मां किसी अन्य युवक के बाइक पर बैठकर दक्षिण एकौना दूध लाने जा रही थी। उसी दौरान दक्षिण एकौना स्थित पावर ग्रीड के समीप पीछे से आ रही ट्रक ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मां गंभीर रूप से जख्मी हो गई और बाइक चला रहा युवक मामूली रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्र सोनू कुमार एवं मोनू कुमार है।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात महिला की गयी जान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया स्टेशन के समीप डाउन लाइन पर ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 60 वर्षीया बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। खबर लेकर जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# मठिया के गर्भगृह का दरवाजा तोड़कर राम-जानकी व लक्ष्मण की मूर्ति चोरी



**अष्टधातु से निर्मित थीं चोरी गयी सभी मूर्तियां, महंत के बयान पर दर्ज की गयी प्राथमिकी**

**आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के लहठान पंचायत अंतर्गत पिटरो गांव स्थित मठिया से बीती रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा उखाड़ कर राम-जानकी और लक्ष्मण की मूर्ति चुरा ली गई। चोरी गई मूर्ति अष्टधातु से निर्मित बताई जा रही है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों में आंकी जा रही है। सूत्रों के अनुसार महंथ रामसूरत सिंह पूजा और आरती के बाद घर चले गए थे। अहले सुबह जब पुजारी मठिया में पहूंचे, तो देखा कि गर्भगृह का कुंडी खुला है। इसके बाद भगवान राम-जानकी एवं लक्ष्मण की मूर्ती चुरा ली। चोर मठिया में सुरक्षा के .ष्टिकोण से लगे सीसीटीवी की हार्डडिस्क भी ले भागे। अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष ने बताया कि पिटरो मठिया में बीती रात चोरी की घटना हुई है। तीन मूर्ति चोरी गई है, जो अष्टधातु की बताई जा रही है। बता दें कि पीटरो गांव स्थित मठिया में वर्ष 1911 में राम-जानकी और लक्ष्मण की मूर्ती स्थापित की गई थी। 2013 में मंहथ की हत्या कर चोरो द्वारा मूर्ति चोरी कर ली गई थी। चोरी गई मूर्ति 17 मई को जमनीपुर बैना गाँव के बधार से भुसा से बरामद हुआ था, इसके बाद पुलिस द्वारा महंथ के हत्यारो की गिरतारी की गई थी। पीटरो मुखिया ओमप्रकाश सिंह द्वारा भगवान राम-जानकी की मूर्ति को कोर्ट से रिलिज कराकर वर्ष 2019 में पुनः यज्ञ स्थापित करवाया था। 2025 में दिनदहाडे चोरो द्वारा मूर्ति चुरा कर भागने का असफल प्रयास किया गया। महंथ शिवबचन दास की हत्या में शौकत पासवान, सुरेश पासवान, बडक पासवान तथा बिनायक पासवान को आजीवन कारावास हो गई थी। सभी हाईकोर्ट से जमानत पर है। सत्यनारायण पासवान व शिवजी यादव की दो वर्ष बाद गिरतारी हुई थी। फिलवक्त महंत राम सुरेश सिंह के बयान

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र-छात्राओं को दी गयी साइबर अपराध से बचाव की जानकारी



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के मौलाबाग स्थित राजकीय गुरुनानक अभ्यासार्थ मध्य विद्यालय में महिला थाना द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग करने के बारे में भी बताया गया। साथ ही बच्चों को जागरूक एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### जमीन के विवाद में रिटायर आर्मी मैन को पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में जमीन के विवाद में रिटायर आर्मी मैन की पिटाई कर दी गई। जिससे वह जख्मी हो गए। जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भकुरा गांव निवासी बबन सिंह के 45 वर्षीय पुत्र मनोज सिंह है। वर्तमान में सदर अस्पताल में गार्ड के रूप में कार्यरत हैं।

### सात आवेदनों का मौके पर हुआ निस्तारण

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीस सूत्री कार्यालय में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न मामलों से जुड़े कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष दो मामलों को संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनता दरबार में बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समिति सदस्य मो़ इमरान अहमद एवं अन्य सदस्यों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इमरान ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित अधिकांश मामलों का तत्काल समाधान कर लाभुकों को राहत प्रदान की गई। जिन दो मामलों का मौके पर समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया।

### तीन बाइक चोर गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरतार किया, उनकी गिरतारी थाना क्षेत्र के नयका टोला स्थित पुल के नीचे से हुई। उनके पास से चोरी गयी तीन बाइक भी बरामद किया। इनमें जगदीशपुर थाना के सोमनाथ के बथान गांव निवासी अशोक यादव का पुत्र पंकज कुमार, उसी गांव के निवासी मनोज सिंह का पुत्र जयप्रकाश कुमार एवं तीयर थाना क्षेत्र के अंगरुआ गांव निवासी कमलेश सिंह का पुत्र मोहित कुमार शामिल है। पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस रिलीज जारी कर जानकारी दी। एसपी ने बताया कि जगदीशपुर थाना को सूचना प्राप्त हुई थी कि बिहिया की ओर से एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक जगदीशपुर नयका टोला की ओर जा रहे है। ओवरब्रिज के पास सघन वाहन चेकिंग लगाया गया। तभी बिहिया की तरफ से आ रही बाइक को जब रुकने का इशारा किया गया, तो पुलिस देख बाइक को घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरतार कर लिया। पूछताछ में उनके पास से बरामद बाइक चोरी की पाई गयी। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वे तीनों घूम रहे थे। मोहित कुमार के निशानदेही पर बिहिया रोड स्थित मछली मार्केट में से दो और चोरी की बाइक को बरामद किया। पुलिस उनके नेटवर्क को भी खंगाल रही है।

### नाला निर्माण अधूरा, स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत गड़हनी के वार्ड संख्या-06 में स्वी़त आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण कार्य करीब दो वर्षो से शुरू नहीं होने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में समाजसेवी दीपक कुमार ओझा ने आरोप लगाया है कि कायदिश जारी होने और जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्य लंबित पड़ा है। समाजसेवी के अनुसार, मुकेश बैठा के घर से विश्वनाथ प्रसाद के घर होते हुए दुर्गा रंगमंच तक आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण के लिए नगर पंचायत द्वारा पत्रांक-321, दिनांक 09 सितंबर 2024 के माध्यम से लगभग 5.75 लाख रुपये की लागत से कायदिश जारी किया गया था। कायदिश के अनुसार निर्माण कार्य तीन माह के भीतर पूरा किया जाना था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य में सबसे बड़ी बाधा संबंधित भूमि का सीमांकन और अतिक्रमण है। इस मामले में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत भी शिकायत की गई थी।

### प्रशासन व स्वर्णकार संघ की संयुक्त बैठक

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** गड़हनी के पुरानी बाजार स्थित एक निजी भवन में सोमवार को हाल ही में हुई चोरी की घटना के मद्देनजर प्रशासन एवं स्वर्णकार संघ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता चरपोखरी थानाध्यक्ष ने की। इसमें स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों, आभूषण व्यवसायियों एवं स्थानीय दुकानदारों ने भाग लेकर बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की। थानाध्यक्ष ने स्वर्णकार व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि चोरी की घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपितों की गिरतारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों की पहचान एवं गिरतारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। तय हुआ कि चार प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए नगर पंचायत एवं प्रशासन से फंड उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाने पर भी सहमति बनी। निर्णय के अनुसार दिन में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तथा रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक नियमित गश्ती की जाएगी। स्वर्णकार संघ की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग का भरोसा दिया गया। बैठक में स्वर्णकार संघ की ओर से चंदन सोनी, राजाबाबू सोनी, धर्मेंद्र सोनी, जितेंद्र बाबू, दीपक सोनी, .ष्ण सोनी, सोनू कुमार, भीम सोनी, कमलेश केशरी, उमेश कुमार, पिंटू कुमार, गणेश प्रसाद सहित करीब 20 अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रशासन ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया, जबकि स्वर्णकार संघ ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# बीस सूत्री की बैठक में लापरवाह अधिकारियों को चेताया



**कई बिंदुओं पर अधिकारियों से किया गया जवाब-तलब**

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष संजीत रजक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालन उपाध्यक्ष जय शंकर कुशवाहा ने किया। बैठक में जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई और कई विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। वहीं लगातार अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करने की चेतावनी दी।

बैठक में समिति सदस्यों ने बिजली आपूर्ति, नल-जल योजना, जलजमाव, अतिक्रमण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदस्य महबूब खान ने गौरैया स्थान घाट पर ान घाट निर्माण, नगर में अधि़त बस एवं अटो स्टैंड की व्यवस्था, अवैध अटो स्टैंड से हो रही वसूली तथा अधिकारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया। वहीं रंजन बाबा ने अखगांव फीडर की 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के किनारे पेड़ों की छंटाई, प्रभावित गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा सभी नल-जल टंकियों की नियमित सफाई की मांग की, जिस पर विद्युत विभाग ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सदस्य राकेश शर्मा ने नगर में अतिक्रमण हटाने, वेंडिंग जोन निर्माण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग रखी। भगवान साव ने सकड्डी वार्ड-8 में जलजमाव और सफाई व्यवस्था की समस्या उठाई, जबकि श्याम प्रकाश महतो ने विद्यालयों में संसाधनों की कमी, जलनिकासी और बंद पड़े स्कूल का मामला प्रमुखता से रखा। बैठक में विभिन्न पंचायतों में जलजमाव, नल-जल पाइप विस्तार, अनुरक्षकों के बकाया भुगतान, वृक्षारोपण योजनाओं में सूचना बोर्ड, ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन पर भी चर्चा हुई। बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने सभी विभागों को लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह, आरओ राजभूषण सिंह, बीपीआरओ कुणाल राज, प्रखंड प्रमुख मनोज सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी थे।

## कोर्ट परिसर में रोक के बाद भी लग रही बाइक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिविल कोर्ट के वरीय अधिवक्ता विद्या निवास सिंह उर्फ दीपक सिंह ने कोर्ट परिसर में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश का पालन नहीं होने पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखा है। दिए गये पत्र में उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर सिविल कोर्ट परिसर में सिर्फ जज, न्यायिक पदाधिकारी के कार एवं वाहनों की पार्किंग परिसर में होगी। अधिवक्ताओ एवं न्यायालय में कार्यरत न्यायिक कर्मचारियों के वाहन परिसर से बाहर लगाया जाएगा। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद परिसर में बेरोकटोक अनगिनत मोटरसाइकिल लगाया जा रहा है। उन्होंने पूर्व की घटनाओं से सबक लेकर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## योग्य लाभार्थियों को एक ही स्थान पर मिलेंगी सभी सुविधाएं : शिप्रा

**एसडीएम के निदेश पर गीधा में 16 को लगेगा विशेष शिविर**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** सदर अनुमंडल प्रशासन ने कोईलवर प्रखंड के गीधा में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। अनुमंडल पदाधिकारी शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने पत्र जारी कर निदेश दिया है कि 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गीधा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सभागार में विशेष शिविर लगाया जाएगा। विदित हो कि 06 जुलाई को 'नई आषा' के एक कार्यक्रम में महादलित परिवार के लोगों ने अनुरोध किया था कि यहां काफी लोग आवश्यक प्रपत्रों से वंचित हैं, जिसके कारण सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कोईलवर को शिविर आयोजित कर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसमें आधार नामांकन, आधार अद्यतन, जन्म प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन, पात्र लाभुकों के जनधन खाते खुलवाना, राशन कार्ड से संबंधित त्रुटियों का सुधार, नया राशन कार्ड बनवाने के आवेदन, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर की प्रगति, लाभार्थियों का विवरण एवं छायाचित्र सहित प्रतिवेदन उसी दिन अनुमंडल कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर स्थल एवं पंचायत क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर पोस्टर, बैनर और सूचना पट्ट लगाने तथा आवश्यकता पड़ने पर लाउडस्पीकर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया है, ताकि पात्र लाभुक समय पर पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के एक सप्ताह के भीतर एसडीएम शिप्रा चौधरी द्वारा शिविर की घोषणा से लोगों के बीच काफी प्रसन्नता है।

## राजस्व कर्मचारियों के बीच हल्कों का हुआ आवंटन

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर अंचल कार्यालय में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से राजस्व कर्मचारियों के हल्कों का पुनर्विन्यास किया गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी, कोईलवर द्वारा कार्यालय आदेश जारी करते हुए नौ राजस्व कर्मचारियों को नए हल्कों का प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश जिलाधिकारी भोजपुर के निर्देश के आलोक में जारी किया गया है और तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अनिल कुमार को भदवर, संतोष कुमार सिंह को गोपालपुर व जोगता, राकेश प्रसाद को नरबीरपुर व सकड्डी, सुमित कुमार को कायमनगर व बीरमपुर, सौरभ कुमार को खेसरहियां, कुल्हड़िया व गीधा, राजेन्द्र प्रसाद को खनगांव व धनडीहा, संगीता कुमारी को मथुरापुर व चंदा ,शाहिद हुसैन को दौलतपुर व राजापुर, बीरबल साह को नगर पंचायत व जलपुरा हल्का आवंटित किया गया है। अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने आवंटित हल्कों का प्रभार तत्काल ग्रहण करें तथा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि सर्वेक्षण, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, म्यूटेशन, अनलाइन सेवाओं सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें।

## पुलिस की त्वरित सहायता के लिए दी गयी डायल-112 सेवा की जानकारी



**शिक्षक और छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक**

**आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना द्वारा सेमरांव उच्च विद्यालय में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के बीच जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस की भूमिका, सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व तथा आम नागरिकों की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आकस्मिक अथवा आपातकालीन स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस से सहायता प्राप्त करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, साथ ही साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु डायल-112 सेवा के महत्व, उसके उपयोग एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

## विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पड़रिया के प्रांगण में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक ओम नारायण साह एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करने का भी आह्वान किया।

# सहायक प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली के विरोध में महाधरना



**सरकार से की गयी नियमावली में अविलंब संशोधन की मांग**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सहायक प्रोफेसर बहाली की नई नियमावली में व्याप्त विसंगतियों के विरोध में आज समाहरणालय, भोजपुर के समीप जेपी स्मारक के समक्ष बिहार के विभिन्न जिलों से आए सहायक प्रोफेसर अभ्यर्थियों एवं शोधार्थियों ने महाधरना आयोजित किया।

अभ्यर्थियों ने सरकार से न्यायसंगत, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बहाली प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु नियमावली में तत्काल संशोधन की मांग की। अध्यक्षता आंदोलन के संयोजक कुमुद पटेल ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान नियमावली उच्च शिक्षा की गुणवत्ता तथा वर्षो से शोध एवं अध्ययन में संलग अभ्यर्थियों के हितों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शोधार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं वर्षो की मेहनत का सम्मान करते हुए नियमावली की सभी विसंगतियों को दूर किया जाए। प्रमुख रूप से अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष करने, पीएचडी को अधिक वेटेज देने, सभी विषयों में नियमित एवं शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने, चयन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी बनाने तथा नई नियमावली की सभी त्रुटियों एवं विसंगतियों को समाप्त करने की मांग उठाई गई। धरना समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र हस्तक्षेप का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो आंदोलन को पूरे बिहार में व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

महाधरना में राज्य के विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुशील सिंह टाइगर ने एवं धन्यवाद ज्ञापन राजा पासवान ने किया। मौके पर चंदन तिवारी, भीम यादव, रजनीश यादव, शशि शेखर, छोटू सिंह, चंदन कुमार तिवारी, बंटी मिश्रा, ब्रजेश यादव, रजनी कुमारी, अनु प्रिया, सुनीता, शैला खान, सना तशमीन,.ष्णा तिवारी, गोलू तिवारी, मुकुल सिंह, मोहम्मद सैफ, प्रीतम कुशवाहा, सौरभ यादव, प्रदीप शर्मा, सदा शंकर राय, संदीप कुमार एवं राजन कुमार, सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए अनेक शोधार्थी, सहायक प्रोफेसर अभ्यर्थी एवं उच्च शिक्षा के हितधारक उपस्थित रहे।

# 1932 में बना टीन-छत वाला स्कूल खतरे को दे रहा आमंत्रण



**नए भवन के लिए अपर मुख्य सचिव से लगाई गुहार**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भरौली के वर्ष 1932 में निर्मित जर्जर टीन-छत वाले भवन के नव निर्माण की मांग तेज हो गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार पांडे ने अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग को आवेदन भेजकर विद्यालय भवन का अविलंब तकनीकी निरीक्षण कराते हुए नए भवन के निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वी़ति देने की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि विद्यालय का एक भवन देश की आजादी से भी पहले वर्ष 1932 में बना था। जिसकी टीन की छत अब पूरी तरह जर्जर और क्षतिग्रस्त हो चुकी है। भवन की स्थिति ऐसी है कि किसी भी समय छत गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। इससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से आठ तक करीब 500 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। लेकिन पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण केवल छह कमरों में सभी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इससे पठन-पाठन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गर्मी में टीन की छत के कारण कमरे भट्ठी जैसे हो जाते हैं। वर्षा के दौरान छत से पानी टपकने के कारण नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान भवन समग्र शिक्षा अभियान के विद्यालय भवन संबंधी मानकों तथा सुरक्षित शिक्षण वातावरण की आवश्यकताओं पर खरा नहीं उतरता। ऐसे में विद्यार्थियों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए जर्जर भवन को हटाकर आधुनिक एवं सुरक्षित विद्यालय भवन का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाय : सत्येन्द्र



**अरवल (एनएसबी)।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि धान रोपनी का कार्य किसानों के द्वारा शुरूआत कर दी गई हैं । धान रोपाई के समय डीएपी एवं यूरिया खाद की जरूरत पड़ती है । उन्होंने ने जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस से मांग करते हुए कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर डीएपी एवं यूरिया खाद आसानी से किसानों को उपलब्ध कराया जाय ताकि किसानों को धान की फसल अच्छी हो सके । किसानों को सही समय पर खाद नहीं मिलने पर पैदावार में कमी होने की संभावना बनी हुई रहती है , जिसका कुप्रभाव सीधे आमलोगों पर पड़ता है । किसानों के द्वारा खाद दुकानदारों पर डीएपी और यूरिया खाद सरकारी दरें से अधिक रुपये लेकर किसानों को खाद देने की बात भी प्रकाश में आई है , इस पर भी जिला पदाधिकारी संज्ञान लेकर जांच कर खाद दुकानदारों पर विधि सम्मत कारवाई करें। खाद की कालाबाजारी पर पूर्णतः रोक लगाने की भी जिलापदाधिकारी से मांग की।

### बिजली की आंख-मिचौली से गहराया पेयजल संकट बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

**कुर्था(एसएनबी)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र की सचई पंचायत के वार्ड संख्या 11 में बिजली व्यवस्था की बदहाली से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लगातार हो रही बिजली की आंख-मिचौली के कारण लोगों को भारी परेशानियों



का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है, जिससे ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति नहीं होने से घरों में लगे बिजली से चलने वाले उपकरण केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। वहीं बिजली के अभाव में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना भी पूरी तरह ठप पड़ गई है। इसके कारण वार्ड के लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरे वार्ड से पाइप के माध्यम से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली व पानी दोनों की समस्या ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और जिला प्रशासन से अविलंब बिजली आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है, ताकि वार्ड के लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

### निमार्णाधीन सभागार भवन का डीएम ने किया निरीक्षण, 31 अक्टूबर तक कार्य पूरा करने का निर्देश

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडङ्‌ वाई भूटिया ने सोमवार को पुराना समाहरणालय परिसर, महलहचक स्थित निमार्णाधीन सभागार भवन एवं उससे संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन निर्माण



विभाग के अभियंताओं ने उन्हें निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभागार परिसर में रूफ ट्रस, बाउंड्री वॉल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, चेंजिंग रूम, पेयजल, परिसर विकास सहित अन्य सहायक अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता और संरचनात्मक मानकों का भी निरीक्षण करते हुए प्रत्येक चरण में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सभागार भवन का विभागीय 3-डी डिजाइन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण की अंतिम रूपरेखा एवं आंतरिक सुविधाओं की समुचित समीक्षा की जा सके। उन्होंने कार्यदायी एजेंसी एवं भवन निर्माण विभाग को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए 31 अक्टूबर, 2026 तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने तथा नियमित अनुश्रवण के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### पुण्यतिथि बनी सेवा का पर्व, गौसेवा कर पिता को दी सच्ची श्रद्धांजलि



**जहानाबाद (एनएसबी)।** श्रद्धांजलि केवल पुष्प अर्पित करने का नाम नहीं, बल्कि उन संस्कारों को जीवन में उतारने का नाम है, जो हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले हों। इसी भावना को साकार करते हुए समाजसेवी एवं पत्रकार वरुण कुमार ने अपने पिता की दूसरी पुण्यतिथि पर जहानाबाद गौशाला पहुंचकर गौमाताओं की सेवा की। उन्होंने अपने सहयोग से गौमाताओं को हरी सब्जियां खिलाईं और सेवा को ही अपने दिवंगत पिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। इस अवसर पर गौशाला समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। गौसेवा के साथ समाज में सेवा, संवेदना और संस्कार का संदेश दिया गया। वरुण कुमार ने कहा कि उनके पिता ने सदैव उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने और जरूरतमंदों की सहायता करने की सीख दी थी। उन्हीं संस्कारों से प्रेरित होकर उन्होंने पुण्यतिथि पर गौसेवा का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रियजन की स्मृति को सेवा और परोपकार से जोड़ा जाए, तो वही उसकी सबसे बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि होती है। गौशाला समिति के सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज लोग जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर अनावश्यक खर्च करते हैं। यदि इन्हीं अवसरों को समाजसेवा से जोड़ा जाए तो उसका लाभ पूरे समाज को मिलता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि ऐसे अवसरों पर गौशाला आकर अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार हरा चारा, सब्जियां, गुड़, भूसा अथवा अन्य आवश्यक सामग्री का सहयोग करें। वरुण कुमार ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के हर सुखद और भावनात्मक अवसर को समाजहित से जोड़ें। जन्मदिन, सालगिरह, पुण्यतिथि या अन्य विशेष अवसरों पर गौशाला, वृद्धाश्रम, अनाथालय अथवा जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएं। उनका कहना था कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास ही समाज में संवेदनशीलता, करुणा और सहयोग की संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। गौशाला में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक पुण्यतिथि नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरक संदेश बन गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में तेजी लाने के निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिडङ्‌ वाई भूटिया ने बैठक में भाग लिया। इस दौरान टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी), हाउस-टू-हाउस स्क्रीनिंग, संभावित मरीजों की पहचान, संपर्क अन्वेषण, एक्स-रे तथा एनएएटी (ठअअळ) जांच की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।




प्रवचन करते कथावाचक।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सभी पात्र व्यक्तियों को समय पर टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट उपलब्ध कराया जाए तथा संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान कर गुणवत्तापूर्ण जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित मरीजों का चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के अनुसार एक्स-रे एवं आवश्यकता अनुसार एनएएटी जांच कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों, नोडल पदाधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंडवार टीबी स्क्रीनिंग, एक्स-रे एवं एनएएटी जांच के निर्धारित दैनिक लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आरबीएसके मोबाइल टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न प्रखंडों एवं चिन्हित क्षेत्रों में घर-घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान, स्क्रीनिंग, आवश्यक जांच तथा जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से मिशन मोड में अभियान चलाकर टीबी की शीघ्र पहचान, समयबद्ध उपचार और संक्रमण की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी, ताकि टीबी मुक्त जहानाबाद का लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सके।

**घर-घर स्क्रीनिंग के लिए आरबीएसके मोबाइल टीमें होंगी तैनात**

## डीएपी वितरण की सीमा तय, नई व्यवस्था से किसान असंतुष्ट

**मेहंदिया (एनएसबी)।** धान रोपनी के मौसम में अरवल जिले में उर्वरक वितरण का नया सरकारी पैमाना किसानों और खाद विक्रेताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला कृषि विभाग के निदेर्शानुसार अब प्रति हेक्टेयर निर्धारित मात्रा के अनुसार ही किसानों को डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक लगाना, सभी किसानों तक समान रूप से खाद उपलब्ध कराना तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है। हालांकि नई व्यवस्था से बड़ी संख्या में किसान संतुष्ट नहीं दिख रहे हैं।

सरकार के निदेर्शानुसार खाद दुकानदार निर्धारित मानक के अनुसार ही किसानों को उर्वरक उपलब्ध करा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि वे जिला कृषि विभाग के आदेश का पालन कर रहे हैं और तय सीमा से अधिक खाद देने की स्थिति में नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि सरकारी निदेर्शों का उल्लंघन किया गया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई हो सकती है। यही कारण है कि जिले के लगभग सभी लाइसेंसधारी उर्वरक विक्रेता निर्धारित मात्रा में ही खाद का वितरण कर रहे हैं।वहीं किसान पहले की तरह अधिक मात्रा में यूरिया एवं डीएपी की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि कम मात्रा में खाद मिलने से फसल का समुचित विकास नहीं होगा और धान का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। उनका तर्क है कि बेहतर उपज के लिए अधिक उर्वरक की आवश्यकता होती है और यदि पर्याप्त खाद नहीं मिली तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।किसानों की एक बड़ी चिंता यह भी है कि हर वर्ष खेती के मौसम में कुछ ही दिनों बाद खाद की कमी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसी आशंका के कारण किसान कृषि कार्य की शुरूआत में ही अपने घरों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया का भंडारण करना चाहते हैं, ताकि बीच सीजन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन निर्धारित सीमा लागू होने के कारण वे अपनी इच्छा के अनुसार खाद नहीं खरीद पा रहे हैं, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है।

**सरकारी निदेर्शों के तहत सीमित मात्रा में खाद वितरण, अधिक खाद की मांग को लेकर किसानों में**

जिला कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार झा ने बताया कि यह व्यवस्था पूरी तरह वैज्ञानिक अनुसंधान एवं मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर लागू की गई है। उन्होंने कहा कि धान की एक हेक्टेयर खेती के लिए तीन बोरी यूरिया और डेढ़ बोरी डीएपी पर्याप्त मानी गई है। आवश्यकता से अधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचाता है तथा लंबे समय में उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और सभी किसानों को निर्धारित मानक के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है। यदि किसी किसान के पास अधिक भूमि है तो भूमि संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करने पर नियमानुसार अतिरिक्त उर्वरक भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अनावश्यक भंडारण से बचें और संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर वैज्ञानिक खेती को अपनाएं।फिलहाल जिले के अधिकांश खाद दुकानों पर यही स्थिति देखने को मिल रही है। एक ओर किसान अधिक खाद की मांग कर रहे हैं तो दूसरी ओर दुकानदार सरकारी निदेर्शों का हवाला देते हुए निर्धारित सीमा से अधिक उर्वरक देने से इंकार कर रहे हैं। ऐसे में खाद वितरण को लेकर किसानों और दुकानदारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जबकि कृषि विभाग का दावा है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य किसानों के हितों की रक्षा करना और संतुलित खेती को बढ़ावा देना है।

## कुर्था में 16.62 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार



**कुर्था (एनएसबी)।** कुर्था प्रखंड मुख्यालय में लंबे समय से जर्जर हो चुके प्रखंड एवं अंचल कार्यालय भवन की जगह अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। भवन निर्माण विभाग की ओर से करीब 16 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों में खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि वर्षों से प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित अधिकारियों के कार्यालय और कर्मचारियों के आवास पूरी तरह जर्जर हो चुके थे। कई भवन तो पूरी तरह ध्वस्त हो गए थे, जिसके कारण अधिकारियों और कर्मचारियों को किराए के मकानों में रहकर कार्य करना पड़ रहा था। इससे सरकारी कार्यों के संचालन में भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। राज्य सरकार की घोषणा के बाद भवन निर्माण विभाग ने इस परियोजना के लिए निविदा जारी की थी, जिसकी प्राक्कलित राशि 16 करोड़ 62 लाख रुपये निर्धारित की गई। निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, नए भवन में आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रशासनिक भवन, विभिन्न पदाधिकारियों के कार्यालय, आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, आरटीपीएस काउंटर, कैंटीन, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा भवन की छत पर सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की बचत होगी और कार्यालय को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए भवन के निर्माण से न केवल अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक तरीके से मिल सकेगा। निर्माण कार्य तेज गति से जारी है और निर्धारित समय सीमा में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## बीडीओ को भावभीनी विदाई, नवपदस्थापित बीडीओ एवं सीओ का हुआ स्वागत

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को एक गरिमामय विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ओबरा प्रखंड स्थानांतरित किए गए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार को भावभीनी विदाई दी गई, वहीं कलेर के नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार तथा नवपदस्थापित अंचलाधिकारी राहुल उत्तम का आत्मीय स्वागत किया गया।समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, प्रखंड के अधिकारियों एवं कर्मियों ने डॉ. मनोज कुमार को अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ किया। उनके नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का लगातार प्रयास किया गया।




समारोह में भाग लेते लोग।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मनोज कुमार ने सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रशासन की कार्यशैली को अधिक जनोन्मुखी बनाया। उनके कार्यकाल में विकास कार्यों को गति मिली, जिससे क्षेत्र के लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हुआ। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की कामना की। इस अवसर पर नवपदस्थापित बीडीओ सुशील कुमार एवं अंचलाधिकारी राहुल उत्तम का भी पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दोनों पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में कलेर प्रखंड विकास और जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। नवपदस्थापित अधिकारियों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरकार की योजनाओं का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।समारोह का वातावरण आत्मीयता और सम्मान से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मुकुंद कुमार, प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार अलग-अलग मामलों में तीन अन्य भी पुलिस के हत्थे चढ़े

**मेहंदिया (एनएसबी)** जिले के कलेर थाना पुलिस ने सोमवार को शराब एवं वारंटियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके अलावा अलग-अलग मामलों में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के नवादा गांव में छापेमारी कर राहुल कुमार को 26 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब को जब्त कर उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।




पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

इसी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के बेलांव गांव से लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार वह एक पुराने मामले में न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद फरार चल रहा था। वहीं बेलांव गांव के ही अशोक कुमार को शराब के नशे की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त अमीर बीघा निवासी उमेश सिंह, जो शराब से संबंधित मामले में फरार वारंटी था, उसे भी पुलिस ने दबोच लिया।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि कलेर थाना क्षेत्र में शराब कारोबार, शराब सेवन तथा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सोमवार को गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों को। आवश्यक पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## जनप्रतिनिधियों की जिद रंग लाई, जांच के घेरे में नगर परिषद के ईओ

**जहानाबाद (एनएसबी)।** लोकतंत्र में जनता की आवाज जब जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उठती है तो व्यवस्था को भी जवाब देना पड़ता है। चार दिनों से नगर परिषद परिसर में चल रहा वार्ड पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई. भूटिया के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। डीएम ने शिकायतों की निष्पक्ष जांच और नियमानुसार विभागीय कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ सिंह की कार्यशैली के विरोध में पार्षद संघ के अध्यक्ष संजय यादव, उप मुख्य पार्षद पिंटू रजक, प्रो. संजीव कुमार सहित कई वार्ड पार्षद आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। धरने के कारण नगर परिषद के कामकाज पर असर पड़ रहा था। पहले अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों से बातचीत कर प्रतिनिधिमंडल को जिला पदाधिकारी से मिलवाया। बैठक में डीएम ने स्पष्ट कहा कि



दो से तीन दिनों के भीतर पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। यदि आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए तो कार्यपालक पदाधिकारी के विरुद्ध 'प्रपत्र-क' तैयार कर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव को विभागीय कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद के सभी विकास कार्य बोर्ड एवं सशक्त स्थायी समिति के निर्णयों के अनुरूप ही संचालित होंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ सिंह ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि नगर परिषद में प्रत्येक कार्य नियमों और पारदर्शिता के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से नाली-गली निर्माण तथा 7 करोड़ रुपये की एलईडी प्रकाश व्यवस्था की योजना पर कार्य चल रहा है। साथ ही सफाई एजेंसी की लापरवाही पर भुगतान में कटौती किए जाने की जानकारी भी दी।